भोपाल
गुरुवार, 1 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -04
वर्ष : 12, अंक : 30
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 41
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सरकार के फैसले से पहले इंडियन आर्मी ने जारी किया नया वीडियो

## लॉक्ड, लोडेड और रेडी



देश में एलओसी से लेकर दिल्ली तक इस वक्त हलचल तेज है। दिल्ली में आज बहुत बड़े फैसले का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फुल एक्शन में हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को सीसीएस समेत 4 मीटिंग की। भारत सरकार के फैसले से पहले इंडियन आर्मी ने ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पाकिस्तान में खौफ का माहौल

*उधर, पाकिस्तान की टेंशन बढ़ती जा रही है। इस्लामाबाद में खौफ का माहौल है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत 24 घंटे के अंदर उस पर हमला कर सकता है। भारत के संभावित हमले से बौखलाया पाकिस्तान सरहद पर अंधाधुन फायरिंग कर रहा है।*

पहलगाम हमले के बाद सरकार का बड़ा फैसला, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव

# रॉ के पूर्व चीफ आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


पाकिस्तान के साथ भारत के तनाव के बीच भारत ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव किया है। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बोर्ड में छह और सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

इसमें पूर्व पश्चिमी वायु कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मॉन्टी खन्ना सैन्य सेवाओं से रिटायर्ड अधिकारी को शामिल किया गया हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य हैं। सात सदस्यीय बोर्ड में बी. वेंकटेश वर्मा सेवानिवृत्त ▸▸ शेष पेज 6 पर

बोर्ड में छह और सदस्यों को भी शामिल किया गया, पीएम मोदी द्वारा उनके आवास पर बुलाई गई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में ये फैसला लिया गया

***बोर्ड में सैन्य, पुलिस और कूटनीतिक विशेषज्ञ शामिल***

***माना जा रहा है कि पहलगाम पर पलटवार का फाइनल ब्लू प्रिंट तैयार हो चुका***



### कौन हैं आलोक जोशी?

आलोक जोशी भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख हैं, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया मामलों में गहरी विशेषज्ञता हासिल है। आलोक जोशी ने 2012 से 2014 तक रॉ के प्रमुख के रूप में कार्य किया और अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनों का नेतृत्व किया। वह एक अनुभवी खुफिया अधिकारी हैं, जिन्होंने भारत की सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।

### क्या है एनएसएबी?

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) में सरकार के बाहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं, जिसमें मुख्य कार्य राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को एक विश्लेषण प्रदान करना तथा उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों के लिए समाधान और नीति विकल्पों की सिफारिश करना है।

### पहलगाम हमले के बाद हाई लेवल मीटिंग

घातक पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई। इसके बाद राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए), आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक हुई। एक पूर्ण कैबिनेट की बैठक हुई।

### सीमा से सटे इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाएगी पंजाब सरकार


भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पंजाब सरकार ने इंटरनेशनल बॉर्डर से सटे अपने इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने का फैसला किया है। पंजाब सरकार की तरफ से कहा गया कि वह राज्य के पाकिस्तानी से सटे इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने जा रही है। इसके लिए पाकिस्तान द्वारा साजिश के तहत भेजे जानी वाले हथियारों और ड्रग्स पर नकेल कसी जा सकेगी। पंजाब सरकार ने कहा कि उनके द्वारा जो एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा, वह पाकिस्तानी ▸▸ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। अब छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10:30 बजे के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की गई।



### सीआईएससीई 10वीं 12वीं का रिजल्ट घोषित

**नई दिल्ली।** सीआईएससीई ने बुधवार को आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। आईसीएसई में 99.09% पास प्रतिशत रहा, वहीं आईएससी का पास प्रतिशत 99.02% रहा। आईसीएसई परीक्षा के लिए 252,557 छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं आईएससी परीक्षा में 99,551 छात्र उपस्थित हुए थे।



### अमूल ने भी दो रुपए बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** अमूल ने भी दूध की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। अमूल के दुग्ध उत्पादों की नई दरें एक मई से प्रभावी होंगी। अमूल ने बताया कि देशभर में दूध की कीमत में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी का फैसला लिया गया है। अमूल का मुख्यालय गुजरात के आणंद जिले में है। एक दिन पहले मदर डेयरी ने दूध की कीमतों इतना ही इजाफा किया था।



राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने लिया बड़ा फैसला

# जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार, किस बिरादरी के कितने लोग आएगा 'आंकड़ा'

जाति जनगणना को लेकर सरकार ने विपक्ष पर साधा निशाना कहा- कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का ऐलान कर दिया है।



यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इसके बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति ▸▸ शेष पेज 6 पर

*यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी।*



### प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होती है जनगणना

जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी, लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान भी नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। इससे ▸▸ शेष पेज 6 पर

### क्यों अहम है जनगणना?

जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई ▸▸ शेष पेज 6 पर

### सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकारः अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित सीसीपीए की बैठक में आगामी जनगणना में जाति जनगणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया है।



### सरकार को कांग्रेस का सपोर्ट राहुल गांधी ने उठाईं चार मांगें

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार के फैसले का स्वागत किया। हालांकि उन्होंने कुछ अहम मांगें भी सरकार के समक्ष रखीं। उन्होंने ने कहा कि जातिगत आंकड़ों के धार पर 50 फीसदी आरक्षण की वर्तमान संवैधानिक सीमा को हटाना जरूरी होगा ताकि न्यायसंगत हिस्सेदारी ▸▸ शेष पेज 6 पर



### पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुई थी

*भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।*

आतंकी हमले के बाद सरकार पूरे एक्शन मोड में

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस-सीसीपीए की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार पूरे एक्शन मोड में है। दिल्ली में भी हाई प्रोफाइल बैठकों का सिलसिला जस का तस जारी है। इसी के तहत बुधवार को सात लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) और राजनीतिक मामलों की समिति (सीसीपीए) की दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि इन बैठकों के दौरान प्रधानमंत्री नेजम्मू-कश्मीर के मौजूदा ▸▸ शेष पेज 6 पर

आंध्र प्रदेश में बड़ा हादसा

## नरसिम्हा स्वामी मंदिर की दीवार गिरी, 8 लोगों की मौत



एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में श्री वरहलक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में चंदनोत्सवम उत्सव के दौरान बुधवार सुबह एक अस्थायी ढांचे का 20 फुट लंबा हिस्सा ढह जाने से 8 लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। एसडीआरएफ और एफडीआरएफ की टीमें तलाशी और बचाव अभियान जुट गईं। एसडीआरएफ के एक जवान ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

पीएम मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। वहीं, आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे में श्रद्धालुओं की दुखद मौत पर गहरा दुख जताया है।

सीएम व कमलनाथ ने जताया शोक

## भाजपा नेता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से निधन

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रदेश भाजपा के बेहद मिलनसार, व्यवहार कुशल और सक्रिय प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से अचानक निधन हो गया। मंगलवार की रात वे एक शादी समारोह में हिस्सा लेने सीहोर आए थे। अचानक उन्हें अपनी तबीयत ठीक नहीं लगी तो अपने परिवार व मित्रों के साथ वे रात में ही वापस इंदौर लौट गए। उनकी पत्नी ने डॉक्टर को दिखाने कहा तो बोले की एसिडिटी की शिकायत है, गोली खाली ▸▸ शेष पेज 6 पर



■ बेटी के आने के बाद होगा अंतिम संस्कार

भारत के अमीरों की दौलत में बढ़ोतरी

## 100 बिलियन डॉलर क्लब में अंबानी की हुई वापसी

**नई दिल्ली।** मिड-मार्च में विदेशी निवेशकों द्वारा नए सिरे से निवेश और ग्लोबल ट्रेड टेंशन के कम होने के चलते, भारतीय अरबपतियों की कुल नेटवर्थ में जमकर इजाफा हुआ है। एक बार फिर देश के सबसे रईस शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी की दौलत 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है और उन्हें दुनिया के 100 बिलियन डॉलर क्लब में एंट्री मिल गई है। ब्लूमबर्ग डेटा के मुताबिक, इस अवधि में ▸▸ शेष पेज 6 पर




■ अडाणी की नेट वर्थ में भी बड़ा उछाल

मप्र के चीता प्रोजेक्ट का होगा विस्तार

## अब बनेगा 17 हजार वर्ग किमी का चीता कॉरिडोर

**भोपाल।** शिवपुरी कूनों से शुरू हुआ प्रोजेक्ट चीता अब राजस्थान तक फैलेगा। दोनों राज्यों के बीच चीता कॉरिडोर बनाने पर सहमति बन रही है। यह कॉरिडोर 17 हजार वर्ग किमी लंबा होगा। इस कॉरिडोर में चीते खुले में घूम सकेंगे। मंगलवार को जयपुर आए सीएम मोहन यादव ने कहा कि चीता प्रोजेक्ट पर एमपी अच्छा काम कर रहा है। लेकिन अब राजस्थान के साथ जुड़कर इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जाएगा। सीएम यादव ने बताया कि ▸▸ शेष पेज 6 पर



■ सीएम ने बताया दुनिया का अनूठा प्रोजेक्ट


गिद्ध संरक्षण और संवर्धन प्रोग्राम का दिखा असर

## खिवनी अभयारण्य में मिला सफेद गिद्ध का एक 'जोड़ा'

घोंसले में गिद्ध के अंडे होने का भी अनुमान

जुगल किशोर पटेल ▸▸ सीहोर

सीहोर गिद्ध प्रजाति के पक्षी कभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देखे जाते थे लेकिन बीते कुछ वर्षों से गिद्ध की प्रजाति लुप्त जैसी स्थिति में पहुंच गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब गिद्ध दिखाई नहीं पड़ते। जंगलों में ही इनका अस्तित्व बचा हुआ है। गिद्धों को बचाने के प्रयास सरकार कर रही है। इसके लिए गिद्ध संरक्षण और संवर्धन प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। देवास जिले में ▸▸ शेष पेज 6 पर





### पक्षियों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत की कमी

खास बात यह है कि वर्ष 1990 के बाद गिद्ध प्रजाति के पक्षियों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है। इस दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध जोड़े के मिलने से संभावनाएं प्रबल हुई है कि आगामी वर्षों में इन दुर्लभ गिद्धों की संख्या में बढोतरी होगी। वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के रेंजर भीम सिंह सिसोदिया ने बताया कि साल में दो बार गिद्ध गणना की जाती है एक तो सर्दियों में गणना होती है। जिसमें कई बार प्रवासी गिद्ध भी ▸▸ शेष पेज 6 पर

सागर संभाग के कई जिलों से वर-वधू सम्मेलन में आए

## गढ़ाकोटा में 3 हजार जोड़ों का सामूहिक विवाह आज, मेहंदी और हल्दी की हुई रस्म

**सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

गढ़ाकोटा में 23वां पुण्य विवाह सम्मेलन 1 मई गुरुवार को होना है। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में करीब 3 हजार जोड़े शामिल होंगे। सागर जिले के साथ ही संभाग के दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, दमोह, निवाड़ी और छतरपुर जिले के वर-वधू भी पहुंचेंगे। सम्मेलन को लेकर स्टेडियम में तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। विवाह सम्मेलन कार्यक्रम के चलते शादी से एक दिन पहले ▸▸ शेष पेज 6 पर



### वर-वधू को दिए जाएंगे उपहार

सम्मेलन में विवाह करने वाले वर-वधू को 49 हजार रुपए की राशि के साथ ही 51 बर्तन, वर-वधू को शगुन के पकड़े, एक हॉटपॉट, बैग, दीवार घड़ी, 80 ग्राम वजन के गोल्ड प्लेटेड गहने (चूड़ी, मंगलसूत्र) समेत टीका की राशि भेंट स्वरूप दी जाएगी। दूल्हों की बारात घोड़ों पर निकाली जाएगी। साथ ही ▸▸ शेष पेज 6 पर

भगवान परशुराम जयंती पर महू में हुआ परशुराम प्रकटोत्सव, सीएम का ऐलान

## भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में बनेगा परशुराम धाम

भगवान परशुराम कौरव-पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के भी गुरु थे। उन्होंने निडर होकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर जिले में महू के निकट जानापाव सनातन संस्कृति के सात चिरंजीवियों में से एक भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली है। भारत भूमि पर यह एक अद्वितीय स्थल है। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाए और अधर्मियों का समूल नाश कर दिया और सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने सनातन समाज को निर्भय होकर जीने का संदेश दिया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगवान परशुराम जयंती पर महू में परशुराम प्रकटोत्सव को संबोधित कर ▸▸ शेष पेज 6 पर



### धर्म और संस्कृति को पल्लवित कर रही प्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत भूमि पर देवी-देवताओं की कृपा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार देश की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो पर आधारित है। प्रदेश में सनातन संस्कृति के विकास के लिए राज्य सरकार ने गीता भवनों के निर्माण का संकल्प लिया है। राज्य सरकार धर्म और संस्कृति को पुष्पित-पल्लवित करते हुए आगे बढ़ रही है। गरीब, अन्नदाता (किसान), युवा और नारी कल्याण के लिए 4 मिशन शुरू किए गए हैं। किसानों की समृद्धि के लिए प्रदेश में एक-एक खेत तक सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। मप्र में 2 वृहद नदी जोड़ो परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल की शुरुआत हो चुकी है। अब बुंदेलखंड, चंबल, निमाड़ और मालवा के कई जिलों के किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा।



# भगवान परशुराम की 21 फीट प्रतिमा पर पुष्पवर्षा कर किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर परशुराम कल्याण बोर्ड और ब्राह्मण समाज द्वारा लालघाटी गुफा मंदिर में भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा पर पुष्पवर्षा कर अभिषेक किया। गुफा मंदिर लालघाटी में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस कार्यक्रम में समाज के लोग पारंपरिक परिधान धोती कुर्ता, कुर्ता पैजामा में शामिल हुए थे।

मंदिर के महंत रामप्रवेशदास महाराज के सान्निध्य में वैदिक पंडितों ने अभिषेक, पूजा, अर्चना और हवन हुआ। इस मौके पर समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि सनातन को एकजुट किया जाएगा। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, विधायक भगवानदास सबनानी, परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजौरिया समेत अनेक लोग मौजूद थे।

### परशुराम मंदिर में महाआरती

*शिवाजी नगर के परशुराम मंदिर में भी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर अभिषेक, सहस्त्रार्चन, हवन के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।*

### गुरुकुलम में किया गया अभिषेक

*मां वैष्णोधाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर में भी परशुराम जन्मोत्सव पर गुरुकुलम के विद्यार्थियों द्वारा पूजा अर्चना और अभिषेक व महाआरती की गई।*

### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

*परशुराम सेवा मंडल रेलवे कॉलोनी की ओर से शक्ति नगर मंदिर में अभिषेक, पूजा अर्चना, हवन हुआ। इसके बाद समाज के मेधावी विद्यार्थियों और बुजुर्गों का समान किया।*



### रेल संस्थान में भी आयोजन



*परशुराम जन्मोत्सव पर रेल संस्थान भोपाल स्टेशन पर ब्राह्मण परिवारो ने पूजा और भजन का आयोजन किया। संस्थान के अशोक बबेले ने बताया कि जन्मोत्सव पर विभिन्न आयोजन किए गए।*

### भजन संध्या और भंडारे का आयोजन

**भोपाल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर राजधानी के 5 नंबर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में आज प्रातः अभिषेक एवं हवन किया गया वहीं शाम को भजन संध्या एवं भोजन प्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के पदाधिकारी महेंद्र दवे ने बताया कि यहाँ प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और राजधानी वासी सम्मलित हुए।



### महाआरती कर मनाया जन्मोत्सव

ब्रह्मश्री संस्था के तत्वावधान में बुधवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जवाहर चौक अटल पथ पर भगवान परशुराम की भव्य महाआरती का भव्य आतिशबाजी की गई। ब्रह्मश्री के अध्यक्ष शलभ गार्गव द्वारा बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यह धार्मिक आयोजन किया गया। जिसमें विजय तिवारी, राकेश जोशी, आशु तिवारी, दिनेश पांडे, पुष्पेंद्र दीक्षित, समेत ब्रह्मश्री सामाजिक संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



फंदा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुआ 151 जोड़ों का विवाह

# अक्षय तृतीया पर अक्षय बंधन में बंधे हजारों जोड़े

## बेटियों के जन्म से खिल जाता है घर-परिवार : रामेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बुधवार को हरिहर नगर फंदा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 151 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परिणय सूत्र में बंधकर नवजीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी को नव दांपत्य जीवन में प्रवेश करने की बधाई दी। उन्होंने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जैसे सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों से बेटियों और उनके परिवारों को सामाजिक, मानसिक व आर्थिक संबल प्राप्त होता है। शर्मा ने कहा कि समाज में बेटियां किसी भी दृष्टि से बोझ नहीं हैं, बल्कि वे हर परिवार की शान होती हैं।



### विधायक ने भेंट की रामचरितमानस

मुख्यमंत्री कन्यादान योजनांतर्गत आयोजित 151 जोड़ों के इस विवाह समारोह में शर्मा ने सभी नवयुगलों को एक-एक रामचरित मानस भेंट कर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान विधायक शर्मा ने हर जोड़े से घर में प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ करने की अपील भी की।

### बेटियों को दिया उपहार

मुख्यमंत्री कन्यादान योजनांतर्गत आयोजित इस सम्मेलनों में शामिल नवयुगलों और उनके परिजनों के लिए भोजन, आवास, कपड़े, श्रृंगार सामग्री, पंडितों की व्यवस्था, स्टेज, मंडप एवं सभी आवश्यक संसाधनों का समुचित प्रबंध कराया जाता है।

### धूमधाम से निकली बारात

अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित विवाह सम्मेलन में बैंडबाजों के साथ बारात निकाली गई। यह बारात शाहपुरा से निकाली गई। इसमें दो ऊंट और ट्राले शामिल थे। दो ऊंटों पर दूल्हे विराजमान थे, वहीं ट्रॉले में भी दूल्हा, दुल्हन सवार थे। बाराती नाचते गाते हुए चल रहे थे। शाहपुरा से निकली यह सामूहिक बारात गुलमोहर, 1100 क्वार्टर, अरेरा कॉलोनी सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए विट्टन मार्केट दशहरा मैदान पहुंची। जहां विधि विधान से विवाह की रस्में हुई।

**यहां हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन**

- *श्री 360 गौत्रिय खटीक समाज सकलल पंच भोपाल द्वारा 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह शाहजहांनी पार्क में किया गया।*
- *फूल मामली समाज ईंटखेड़ी में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़ों का विवाह किया गया।*
- *मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जंबूरी मैदान में सामूहिक विवाह आयोजन के लिए 51 जोड़ों का विवाह कराया गया।*
- *तैलिक साहू राठौर महासभा के तत्वाधान में पांचवा निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ।*





## चार नवदंपति को राजपूत समाज ने दी ई-स्कूटी

**भोपाल।** अक्षय तृतीया के अवसर पर कनक मैरिज गार्डन में राजराजेश्वरी राजपूत ठाकुर समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सागर, इंदौर, देवरी और बांसा से शामिल हुए वर वधू के चार जोड़े अपने परिणय सूत्र में बंधे। विवाह सम्मेलन पांच पीड़तिों द्वारा पूरे रीति-रिवाज एवं पारंपरिक तरीके से विवाह संपन्न करा कर नवदंपत्ति को ई स्कूटी उपचार के दी। अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने बताया कि यह समिति राजराजेश्वरी राजपूत समाज के तत्वावधान में प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन किया गया।



### खबर संक्षेप

**30 जून को जाएगा अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था**

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के नेतृत्व में अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था 30 जून को रवाना होगा। मंडल सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है, जो नौ अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी। इस वर्ष यात्रा 38 दिनों की रहेगी। मंडल का पहला जत्था 30 जून को मालवा एक्सप्रेस से रवाना होगा, जो तीन जुलाई को पहले दिन बाबा बफार्नी के दर्शन करेंगा। इसके लिए रेलवे रिजर्वेशन गुरुवार से शुरू हो जाएंगे।

**श्री चित्रगुप्त के प्राकट्योत्सव पर 4 मई को होगा भंडारा**

**भोपाल।** कायस्थम, मध्यप्रदेश रविवार 4 मई को भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर पूजन, हवन, प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन करेगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रोफेसर कॉलोनी में संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में होगा। इस अवसर पर कायस्थम के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य सदस्य तथा कायस्थजन उपस्थित रहेंगे। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने समस्त कायस्थजनों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

गायत्री शक्तिपीठ पर लिया श्रीराम भवन का निर्माण कार्य का जायजा

## 24 जोड़ों के आदर्श विवाह में शामिल हुईं शांतिकुंज प्रतिनिधि शैफाली पंडया

*__भोपाल।__ राजधानी के एमपी नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर शांतिकुंज प्रतिनिधि शैफाली पंड्या आगमन हुआ। यहां उन्होंने गायत्री परिवार के परिजनों से भेंट कर उनके पारिवारिक हाल-चाल जाने। शक्तिपीठ पर मां गायत्री दर्शन सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा को प्रणाम करते हुए श्रीराम भवन निर्माण कार्य गौशाला, रसाहर केंद्र, भारतीय संस्कृति, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, प्रदेश जोनल, विद्यालय कार्यालय, विस्तार पटल, साधना कक्ष का अवलोकन कर अंत में अक्षय तृतीया के अवसर पर 24 जोड़ों के आदर्श विवाह में सभी कन्याओं को साड़ी, श्रीफल प्रदान किए। इसी क्रम में अस्वस्थ चल रहे परिजन महेश विजयवर्गीय के कोलार निवास पहुंचकर उनका स्वास्थ के वारे में जाना। साथ में कोलार गायत्री चेतना केंद्र का भ्रमण करते हुए गायत्री प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा पहुंची। इस अवसर पर शांतिकुंज के मप्र जोनल समन्वय जगदीश कुलमी, मप्र जोनल समन्वय राजेश पटेल प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ संयोजक विवेक चौधरी, महेश चौधरी, आरके गुप्ता, अमर धाकड़, सूरज परमार, केएल पटेल, डॉ. दयानंद समेले, हरिशंकर राय, महिला मंडल की सदस्य एवं रमेश नागर उपस्थित रहे।*



## नवनिर्मित मंदिर में परिवार सहित विराजे भगवान महादेव

*__भोपाल।__ अक्षय तृतीया के पावन पर रेल कोच फैक्ट्री स्थित इंडस कॉलोनी पर नवनिर्मित मंदिर में भगवान महादेव, माता पार्वती, भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य जजमान के रमाकांत शुक्ला ने बताया कि सभी कॉलोनीवासियों के सहयोग से मंदिर का निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य दीपक शास्त्री द्वारा कराया गया।*

### धूमधाम से संपन्न हुई भगवान महादेव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा



राजधानी के 13 सहित 22 जिलों के यात्री रहे शामिल, नम आंखों से किया विदा

# हज के लिए दूसरी और आखिरी फ्लाइट से 108 यात्री रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से हज के लिए दूसरी और आखिरी फ्लाइट बुधवार शाम रवाना हुई। इस उड़ान में मुकद्दस सफर पर राजधानी स्थित हज हाउस से भोपाल जिले के 13 यात्रियों सहित 22 जिलों से 108 यात्री हज पर रवाना हुए। ये सभी मंगलवार को ही हज हाउस पहुंच गए थे।

वहीं यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। भोपाल से सीधे जेद्दा के लिए दूसरी और आखिरी फ्लाइट भोपाल से रवाना हुई। इस फ्लाइट में प्रदेश के 22 जिलों के यात्री शामिल हैं। फ्लाइट में सबसे ज्यादा रायसेन से 24 हज यात्री शामिल हैं।

इसके अलावा टीकमगढ़, उज्जैन, जबलपुर, बालाघाट, ग्वालियर, इंदौर समेत अन्य जिलों से भी लोग शामिल हैं। भोपाल स्थित हज हाउस पर हज पर जाने वालों के लिए रहने, खाने के साथ साथ चिकित्सकीय सुविधा का भी ध्यान रखा गया है, जिससे हज पर जाने वालों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।



### हज हाउस में चलाया जा रहा फ्री हेल्थ कैंप

*हज हाउस कैंप में यात्रियों की सेहत का ध्यान रखते हुए हज हाउस की बिल्डिंग में जिला अस्पताल और परिसर में मोहम्मदी होम्यो एंड एलोपैथ फ्री हॉस्पिटल कैंप लगाया है। कैंम्प के माध्यम से हज पर जाने वालों और उन्हें हज हाउस तक छोड़ने आए मेहमानों को फ्री मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।*

श्रीमद् भागवत कथा में दिया था सहयोग

## नरेला विधानसभा प्रभारी को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री शिव शक्ति शिक्षा एवं जन कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष शुभम पाण्डेय और जिलाध्यक्ष संतोष जैन ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भाजपा नरेला विधानसभा प्रभारी विजय सिंह का सम्मान किया। विजय सिंह ने समिति द्वारा आयोजित की श्रीमद् भागवत कथा में पूर्ण सहयोग कर व्यवस्थाओं का उचित प्रबंध किया था। अक्षय तृतीय पर विजय सिंह का जन्मदिन होने पर श्री शिव शक्ति मंदिर के पीठाधीश पं सुशील महाराज ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए स्मृति चिन्ह में राधा-कृष्ण का चित्र भेंट किया। समिति के मायाराम अटल द्वारा विजय सिंह को शाल और श्रीफल भेंट किया गया।







## खबर संक्षेप

### घरेलू गैस सिलेंडर 3 दिन में मिलेगा, देरी पर होगा एजेंसी संचालक जिम्मेदार

**भोपाल।** जिले में घरेलू गैस कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को बुकिंग के तीन दिन में सिलेंडर की डिलीवरी की जाए, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर मिल सके। यह बात जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर ने एजेंसी संचालकों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी के वाहनों में एजेंसी का नाम, कंपनी का नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कराया जाए, डिलेवरी बॉय रिफिल प्रदाय के समय एजेंसी की वर्दी पहने, नाम पट्टिका अनिवार्य रूप से लगाए, गैस सिलेंडर रिफिल समय-सीमा में प्रदाय किया जाए, सिलेंडर अनाधिकृत व्यक्ति को प्रदाय नहीं किया जाए। यदि ऐसा मिलता है तो संबंधितों के विरुद्ध नियम अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### चार माह राशन नहीं लेने वाले बीपीएल परिवारों के कटेंगे नाम

**भोपाल।** बीपीएल सदस्यों की ईकेवायसी अभियान 12 अप्रैल से चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के शेष रहे 2 लाख 28 हजार 861 सदस्यों की ई-केवायसी का टॉरगेट किया गया था, किंतु टॉरगेट पूरा नहीं होने से अभियान आगामी 10 दिन के लिए बढ़ाया गया है। बुधवार को जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने ईकेवायसी की प्रगति की वार्डवार समीक्षा की। उन्होंने कहा पिछले 4 माह से राशन नहीं लेने वाले का नाम पोर्टल से हटाया जाए।

### मुख्य आरोपी फरहान गया जेल, रिमांड पर लेगी अन्य थानों की पुलिस

# ‘वो’ लगाती रही रहम की गुहार, अली और फरहान देते रहे सिर कलम करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» कॉलेज के पास रेस्टोरेंट पर मुख्य आरोपी फरहान को लेकर पहुंची थी पुलिस

» आरोपी पीड़िताओं को लेकर रेस्टोरेंट पहुंचते थे, कमरों को जांच के लिए किया सील

छात्राओं से यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले में मुख्य आरोपी फरहान की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराई गई और बाद में न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। दरअसल, कोर्ट में हिंदू संगठन और वकीलों के द्वारा दो दिन पूर्व हुए बवाल को देखते हुए पुलिस को वीडियो कांफ्रेंसिंग करानी पड़ी।

फरहान के जेल जाने के बाद अब अशोका गार्डन पुलिस उसे रिमांड पर लेंगी। आरोपी के खिलाफ अशोका गार्डन थाने में 2 प्रकरण दर्ज हैं। दोनों ही प्रकरणों फरहान मुख्य आरोपी है। सभी प्रकरण बागसेवनिया पुलिस ने शून्य पर दर्ज किए थे। इसके बाद घटनास्थल के अनुसार ऐशबाग और जहांगीराबाद में प्रकरण भेज दिए गए। बागसेवनिया पुलिस ने पांच दिन की रिमांड पर फरहान से पूछताछ पूरी कर ली है। बागसेवनिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अहम सबूत इकट्ठे किए हैं। सूत्रों ने बताया कि अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस फरहान से पूछताछ के लिए ट्रांजिट रिमांड ले सकती है।



आरोपी फरहान



आरोपी अली

#### रेस्टोरेंट पर पहुंची पुलिस ने की छानबीन

*रायसेन रोड के जिस कॉलेज में सभी पीड़िताएं पढ़ती थी। उस कॉलेज से कुछ दूरी बने रेस्टॉरेंट, क्लब 90 पर भी मुख्य आरोपी फरहान को लेकर पुलिस पहुंची थी। वहां पर आरोपी पीड़िताओं को लेकर पहुंचते थे। जांच के लिए जब पुलिस यहां पहुंची तो पुलिस भी हैरान रह गई, रेस्टॉरेंट के पीछे पुलिस को 7 कमरे मिले है। जिसमें बेड लगे हुए थे। अनुमान है कि इस रेस्टोरेंट में अनैतिक गतिविधियां चलती थी। रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया है। रेस्टॉरेंट मोहित बघेल नाम का युवक संचालित कर रहा था। इसमें कोई मछली व्यापारी की भी पार्टनरशिप है।*

#### अशोका गार्डन थाने में हुई पांचवीं एफआईआर

रेस्टोरेंट की तलाशी में मिले 7 बेड लगे कमरे



पुलिस की तलाशी में रेस्टोरेंट परिसर में बेड लगे 7 कमरे मिले हैं, जहां पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

*फरहान और अली के खिलाफ सामुहिक दुष्कर्म और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत जो प्रकरण दर्ज हुआ था। उसमें अशोका गार्डन का घटनास्थल होने के कारण केस डायरी अशोका गार्डन ट्रांसफर की गई। बागसेवनिया पुलिस ने मंगलवार को पांचवी पीड़िता की शिकायत पर उक्त मामला दर्ज किया था। पुलिस को वीडियो मिला था। उक्त वीडियो में आरोपी अली और फरहान पीड़िता से मारपीट करते हुए और उसका यौन शोषण करते हुए नजर आए हैं। वीडियो में पीड़िता उनसे रहम की गुहार लगाती नजर आ रही है। इस पर आरोपी उसे सिर कलम करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक ही कॉलेज में साथ पढ़ने के कारण फरहान से दोस्ती हो गई थी। गत वर्ष फरहान उसे बात करने के बहाने अशोका गार्डन सेमरा स्थित अपने कमरे पर लेकर पहुंचा। उसके साथ अली नाम का उसका दोस्त भी था। दोनों ने बात करने के बहाने अचानक कमरे बंद कर लिए। इसके बार उसके साथ रेप किया। इसका आरोपियों ने वीडियो बना लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने सिर कलम करने की धमकी भी दी थी।*

#### नाबालिग को काम दिलाने के बहाने ले गई थी जोया

इधर, संत हिरदाराम नगर पुलिस लव जिहाद से जुड़े प्रकरण में नाबालिग के बयान दर्ज किए। महिला अधिकारी ने काउंसलिंग के दौरान नाबालिग से पूछताछ की तो पता चला कि मल्टी से उसे जोया नाम की महिला काम दिलाने के बहाने अपने साथ लेकर पहुंची थी। इसके बाद अलग-अलग युवकों शारीरिक संबंध बनवाए। पुलिस ने उक्त मामले में 10 अप्रैल को एफआईआर करते हुए महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसमें एक अन्य युवक का भी नाम आ रहा है।

# भोपाल में इस महीने 6 से 8 दिन लू के, बीच में बदलता रहेगा मौसम

- *कल से एक्टिव होने वाला नया पश्चिमी विक्षोभ 5 मई तक करेगा तेज हवाओं के साथ बारिश, छाएंगे बादल*
- *इस महीने 40 से 42 डिग्री तक रहेगा पारा, 3 से 4 दिन में कुल 9 मिमी तक हो सकती है बारिश*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मई के महीने में गर्मी चरम पर रहेगी। भोपाल में पूरे महीने में औसतन 40 से 42 डिग्री तक पारा रहेगा। कुछ दिन 43 से 44 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार शहर में 6 से 8 दिन लू चलेगी, जबकि 5 से 7 दिन मौसम में बदलाव भी रहेगा। इस महीने कुल करीब 8.6 मिमी तक बारिश होगी, जिससे तपिश और उमस बढ़ेगी।

कुल मिलाकर मई के महीने में मौसम चरम पर गर्म रहेगा, जबकि हल्की बारिश के दिन 3 से 4 दिन ही होंगे। 2 मई से एक्टिव होने वाले नए सिस्टम से 5 मई तक प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। भोपाल में 30 अप्रैल के बाद 2 और 3 मई को बारिश, बादलों की उम्मीद है। चार और पांच मई को बादल और तेज हवाओं का असर रह सकता है। बुधवार को भोपाल में दिन का पारा दशमलव 2 डिग्री गिरकर 41.6 डिग्री रहा, जबकि रात का 2.9 डिग्री गिरकर 23.8 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से एक डिग्री कम है। अभी कहीं भी लू का असर नहीं रहा।

#### दोपहर बाद छाए बादल देर शाम बौछारें

*शहर में बुधवार को सुबह से धूप के बाद दोपहर बाद से बादलों का डेरा रहा। शाम 4 से 7 बजे के बीच घने बादल छाए रहे, जबकि देर शाम शहर के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी रही। भानपुर, करोंद, पिपलानी, भेल इलाके के अलावा पुराने शहर और गांधी नगर क्षेत्र और सीहोर से लगे हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। इससे देर शाम गर्मी से कुछ राहत रही।*

#### अभी सिस्टम यहां सक्रिय

*एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन दक्षिण पश्चिमी राजस्थान और आसपास बना है। यहां से उत्तर केरल, दक्षिणी पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मप्र, विदर्भ, मराठवाड़ा, कर्नाटक तक एक ट्रफ बनी हुई है। इससे प्रदेश के कुछ हिस्सों में अभी बारिश जारी रहेगी। 2 मई से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 5 मई तक प्रदेश में फिर मौसम बदला रहेगा।*

#### आज से कल तक यहां बारिश के बने आसार

*मौसम केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, आगर, मंदसौर, नीमच, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में गुरुवार को तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। वहीं, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, मैहर जिलों में भी मौसम बदलेगा। इस दौरान तेज हवाओं के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरेंगे। शुक्रवार को सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, मैहर जिलों में भी मौसम बदलेगा। शुक्रवार से शनिवार के बीच भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगर में भी बारिश होने की उम्मीद है।*

### बैग में बैंक दस्तावेजों से मिला बैग मालिक का नंबर

# कुली ने लौटाया बैग, उपस्टेशन प्रबंधक ने कहा- कुली की ईमानदारी पर हमें गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक कुली की ईमानदारी से सभी का मन मोह लिया। स्टेशन पर कुली छगनलाल को मंगलवार को एक लावारिस बैग पड़ा मिला। बैग में रुपए और जरूरी दस्तावेज रखे थे। लावारिस बैग मिलने पर कुली ने उपस्टेशन प्रबंधक जावेद अंसारी इसकी सूचना दी। इसके बाद यात्री को बुलाकर बैग सुरक्षित उसे लौटा दिया गया। कुली की ईमानदारी पर उपस्टेशन प्रबंधक जावेद अंसारी ने कहा कि हमें कुली छगनलाल की ईमानदारी पर गर्व है।

जानकारी के मुताबिक यात्री अल्फ्रेड टोनी मंगला एक्सप्रेस से एनार्कुलम स्टेशन की यात्रा पर थे। वे भोपाल स्टेशन परिसर में ड्रॉप एंड गो स्थान पर टैक्सी से उतरे। यात्रा की जल्दी में वे अपना एक बैग वहीं भूल गए और प्लेटफॉर्म की ओर चले गए। इसी दौरान प्लेटफॉर्म पर कार्यरत रेलवे कुली छगनलाल की नजर उस लावारिस बैग पर पड़ी। उसने बिना देर किए बैग उप-स्टेशन प्रबंधक जावेद अंसारी को सौंप दिया। अंसारी ने बैग की जांच की तो उसमें नकदी के साथ कई बैंकिंग दस्तावेज मिले। दस्तावेजों में दिए गए मोबाइल नंबर से उन्होंने यात्री अल्फ्रेड टोनी से संपर्क किया और उन्हें बैग के सुरक्षित होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही टोनी तुरंत स्टेशन के उपस्टेशन अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपना बैग ले लिया।



यात्री अल्फ्रेड टोनी को बैग सौंपते भोपाल स्टेशन के उप स्टेशन प्रबंधक जावेद अंसारी।

### कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत यादव ने दर्ज कराया प्रकरण

# विधायक मसूद को धमकी देने व पाकिस्तानी एजेंट कहने वाले भाजपा नेता घाड़गे पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित एक्सटॉल चौराहा पर आमसभा को संबोधित करते समय मध्य विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी देने और पाकिस्तानी एजेंट कहने के मामले में भाजपा नेता कृष्णा घाड़गे के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कांग्रेस नेता यशवंत यादव ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि इस प्रकार के भड़काऊ भाषण से समाज का माहौल खराब हो सकता है, अराजकता फैल सकती है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार स्टेट बैंक कॉलोनी जहांगीराबाद निवासी यशवंत यादव (62) कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष हैं और कारोबारी भी हैं। 28 अप्रैल को उन्होंने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो देखा, जिसमें भाजपा नेता कृष्ण घाड़गे 27 अप्रैल की रात करीब 9 बजे एक्सटॉल चौराहा जहांगीराबाद में आमसभा को संबोधित करते समय मध्य विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी देते नजर आ रहे हैं। वे कहते नजर आ रहे हैं कि कुत्तों को छोड़ेंगे नहीं। इस चौराहा पर मौजूद पाकिस्तानी एजेंट जो सुन रहे हैं, जैसे वाक्यों का इस्तेमाल किया। वीडियो के आधार पर यशवंत यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि कृष्णा खाड़गे से पूछताछ की जाए कि वह कौन पाकिस्तानी एजेंट था जो चौराहे पर उपस्थित था और उनकी बात सुन रहा था। उक्त वीडियो कृष्णा घाडगे के फेसबुक अकाउंट पर 28 अप्रैल को अपलोड किया गया है।



#### घाड़गे बोले-मेरी टिप्पणी पर मसूद फैंस को परेशानी क्यों?

*भाजपा नेता कृष्णा खाड़गे का कहना है कि आतंकवादी हमले में मारे गए 28 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान सभा में मेरे द्वारा जो टिप्पणी की गई, उसमें आरिफ मसूद और उनके फैन्स को क्यों परेशानी हो रही है। हमने तो यह भी कहा था कि लव जिहाद करने वाले हिंदू बच्चियों को प्रेमजाल में फांसने और यौन उत्पीड़न करने वालों को घर में घुसकर मारेंगे। इससे आरिफ मसूद और उनके फैंस को क्या परेशानी है। तीन तलाक से लेकर वफ्फ बोर्ड जैसे अच्छे निर्णयों पर केवल आरिफ मसूद और उनके फैंस को ही क्यों परेशानी होती है।*

### बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने नव नामांकित वकीलों को दी राहत

# अब तीन वर्ष में उत्तीर्ण कर सकेंगे ऑल इंडिया बार एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

स्टेट बार काउंसिल में नव नामांकित वकीलों के लिए खुशखबरी है। अब वे तीन वर्ष में आल इंडिया बार एग्जाम उत्तीर्ण कर सकते हैं। पूर्व में नामांकित होने के बाद अधिकतम दो वर्ष में परीक्षा पास करने की बाध्यता थी। एमपी स्टेट बार काउंसिल के वीसी आरके सिंह सैनी ने बताया कि काउंसिल की मांग पर बीसीआई ने नव नामांकित अधिवक्ताओं को जारी प्रावधिक नामांकन अवधि में एक वर्ष की बढ़ोत्तरी करते हुए उसे दो की जगह तीन वर्ष कर दिया है। हालांकि यह राहत वर्ष 2022 से नामांकित हुए अधिवक्ताओं के लिए है। मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने बताया कि बीसीआई द्वारा जारी अधिसूचना 12 अप्रैल, 2013 में नवीन अधिवक्ताओं को दो वर्ष हेतु प्रावधिक नामांकन जारी किया जाता था। स्टेट बार द्वारा प्रावधिक अवधि दो वर्ष से बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया था। साथ ही यह निर्देश भी दिया है कि इस विस्तारित एक वर्ष की अवधि में भी परीक्षा पास करने में विफल रहते हैं तो वे अधिवक्ता नहीं रह जाएंगे और उनका नाम स्टेट बार के रोल से हटा दिया जाएगा। परीक्षा में असफल रहने वाले अधिवक्ता व्यवसाय का अधिकार खो देंगे।

इतना ही नहीं, उन्हें संघों के चुनावों में मतदान का अधिकार भी नहीं रहेगा। साथ ही वे स्टेट बार की किसी भी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे। कुल मिलाकर बीसीआई ने परीक्षा पास करने में विफल नए अधिवक्ताओं को एक अंतिम अवसर प्रदान किया है।

# सीआईएससीई में राजधानी की निलोत्मा सिंह, रिद्धिमा गोहिया और आयान 99.25% अंकों के साथ रहे अव्वल

» **टॉपर्स ने कहा: बेहतर रिजल्ट में पेरेंट्स और टीचर्स का बड़ा रोल, पढ़ाई को रोजाना दिए 7 से 8 घंटे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने कक्षा 10वीं आईसीएसई और 12वीं आईएससी परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है। इन परिणामों में भोपाल की मेधावी स्टूडेंट निलोत्मा सिंह ने कक्षा 12वीं में 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

ह्यूमैनिटीज की स्टूडेंट निलोत्मा ने इतिहास, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। 12वीं कक्षा में पीसीएम (फिजिक्स केमेस्ट्री मैथ्स) स्ट्रीम से रिद्धिमा गोहिया ने 99.25 प्रतिशत और आयान खान ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 99.25 प्रतिशत अंकों के साथ आगे रहे हैं। माउंट कार्मेल स्कूल की वंशिका आर्या पीसीएम में 97 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जबकि, 10वीं में जसकीरत कौर ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। माउंट कॉर्मेल स्कूल के युवराज राजपूत 98 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### संस्कार वैली स्कूल के 10वीं और 12वीं कक्षा में बेहतर परिणाम

आईएससी मार्च 2025 परीक्षा में द संस्कार वैली स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। कुल 100 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें पूरे बैच का औसत स्कोर 83.98 प्रतिशत रहा। 12वीं में रिद्धिमा गोहिया और आयान खान ने 99.25 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से स्कूल टॉप किया। आईसीएसई मार्च 2025 परीक्षा में कुल 161 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनका औसत स्कोर 86.92 प्रतिशत रहा। स्कूल की टॉपर जसकीरत कौर रहीं, जिन्होंने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

#### 11वीं में की गई मेहनत से 12वीं में काफी मदद मिली : वंशिका

माउंट कॉर्मेल स्कूल से कक्षा 12वीं में पीसीएम स्ट्रीम की टॉपर वंशिका आर्या ने कहा कि 12वीं में अच्छा प्रदर्शन करना है तो जरूरी है कि 11वीं में बेसिक्स पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। इसी तरह से मैंने तैयारी की थी। 12वीं में बोर्ड के प्रेशर के साथ कई सारे कॉम्पिटिटिव एग्जाम का प्रेशर भी रहता है। इसलिए 11वीं में की गई मेहनत से 12वीं में काफी मदद मिलती है। मेरा फेवरेट सब्जेक्ट केमेस्ट्री रहा है। इसके साथ फिजिक्स भी अच्छी लगती है। मैथ जरूर ज्यादा पसंद नहीं रहा, लेकिन मेंने एग्जाम के टाइम पर काफी प्रेक्टिस की, जिसका सकारात्मक असर रिजल्ट में आया। मेरा गोल क्रिएटिव वर्क में अच्छा काम करना है। एग्जाम के टाइम में 7 से 8 घंटे रोजाना पढ़ाई : माउंट कॉर्मेल स्कूल से कक्षा 10 में टॉप करने वाले युवराज राजपूत ने बताया कि बेहतर रिजल्ट के पीछे पेरेंट्स और टीचर्स का बहुत बड़ा रोल रहा है। एग्जाम के टाइम में 7 से 8 घंटे रोजाना पढ़ाई की, यही कारण रहा कि मेरा रिजल्ट बेहतर हो सका। अब मेरा गोल आईआईटी में पढ़ाई करने का है। इसलिए कक्षा 12 में पीसीएम चुनने का फैसला किया है।

#### शुरुआत से ही सभी सब्जेक्ट को बराबर समय दिया : रिद्धिमा



छात्रा रिद्धिमा गोहिया ने कहा कि स्कूल में शिक्षकों और घर पर माता-पिता का पूरा सहयोग मिला, जिसके कारण बेहतर परिणाम आए। रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई की। शुरुआत से ही सभी सब्जेक्ट को बराबर समय दिया। अगर आप 12वीं की पढ़ाई कर रहे हैं तो शुरुआत से ही सभी विषयों पर गंभीरता से ध्यान देना होगा, इससे परीक्षा के दौरान आप सभी विषयों का बेहतर तरीके रिवीजन कर पाते हैं। सोशल मीडिया से दूरी रखी और तनाव फ्री रहने के लिए पेंटिंग बनाई। इसके साथ ही परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विषयों पर चर्चा की।

#### निलोत्मा ने 6 विषयों में अद्वितीय उपलब्धि हासिल की



भोपाल की प्रतिभाशाली छात्रा निलोत्मा सिंह ने बिल्लाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल से कक्षा 12वीं की आईसीएसई परीक्षा में 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। निलोत्मा ह्यूमैनिटीज संकाय की छात्रा हैं, जिन्होंने इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र में 100 में से 100 अंक अर्जित किए हैं। उनके अन्य विषय अर्थशास्त्र एवं गणित थे, जिनमें उन्होंने 96 अंक प्राप्त किए। निलोत्मा ने पहले भी कक्षा 10वीं में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर टॉप किया था। उनके पिता नीलेश कुमार के अनुसार, कक्षा 10वीं में भी वे 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ निलोत्मा राज्य की टॉपर रहीं थीं। पढ़ाई के साथ-साथ नृत्य, चित्रकला और वाद-विवाद में भी सक्रिय रही हैं। उनका कहना है सबसे अहम है रेगुलर स्कूल जाना और हर सबजेक्ट को बराबर समय देना। छात्रा निलोत्मा सिंह ने बताया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ नृत्य, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय रही हैं। वे स्कूल की ‘यूनिटी हाउस’ की कैप्टन रह चुकी हैं और अपने नेतृत्व कौशल से विद्यार्थियों को सदैव प्रेरित करती रही हैं। उन्हें लंदन के प्रतिष्ठित कॉलेजों से भी पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स में उच्च शिक्षा के लिए ऑफर प्राप्त हुए हैं, लेकिन उन्होंने भारत में रहकर दिल्ली से अर्थशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र में स्नातक करने का निश्चय किया है। छात्रा निलोत्मा ने कहा कि बेहतर परिणामों के लिए सबसे अहम है रेगुलर स्कूल जाना और हर सबजेक्ट को बराबर समय देना।

## खबर संक्षेप



### बाल विवाह रोकने के लिए चलाया अभियान

**मंडीदीप।** नगर में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन तथा विभागों सहकारी व गैर सहकारी संगठनों के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन ने अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान का शुभारंभ न्यायाधीशों ने बाल विवाह रोकने संबंधी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इधर, जिला प्रशासन ने वैवाहिक जोड़ों की आयु से संबधित दस्तावेजों की जांच की।

### गर्मी में बिजली कटौती से लोग हो रहे परेशान

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज में लगातार बिजली कटौती से परेशानी बढ़ गई है। दो-ढाई घंटे तक बिजली कटौती के कारण तेज गर्मी में छोटे बच्चे रोने लगते हैं। बिजली कटौती का समय तय नहीं होने से पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। महावीर कॉलोनी, अर्जुन नगर, वार्ड 13, मैन चौराहा और बरखेड़ा रोड की बिजली हर कभी बंद हो जाती है। स्ट्रीट लाइट दिन में तो जलती है पर रात में नहीं। आंबेडकर चौराहे पर दिन में लाइट जलती है। इस समस्या पर न नगर परिषद ध्यान दे रही है न बिजली कंपनी। नगर के लोगों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग बिजली कंपनी से की है।

### जेठ ने नव विवाहिता से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में जेठ द्वारा नव विवाहिता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने उक्त मामले में जेठ पर दुष्कर्म और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 20 साल की युवती ने करीब चार महीने पहले जनवरी में प्रेम विवाह किया था। शादी के करीब चार दिन बाद ही जेठ नशे की हालत में घर पहुंचा और बहू के साथ दुष्कर्म किया। बहू ने जब इसकी जानकारी पति और सास-ससुर को दी तो उन्होंने बदनामी का हवाला देकर उसे चुप करा दिया। उसके बाद जेठ के हौसले बढ़ गए और उसने कई बार बहू का शारीरिक शोषण किया। परेशान होकर पीड़िता ने मंगलवार को थाने जाकर जेठ, पति और सास-ससुर के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पति की मौत के दो माह बाद महिला से दुष्कर्म

**भोपाल।** सूखी सेवनिया पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 27 साल की महिला अशोका गार्डन इलाके में रहती है। उसके पति की करीब दो महीने मौत हो गई थी। इस दौरान महिला के परिचित अरविंद जैन ने महिला को शादी करने का प्रलोभन देते हुए दोनों बच्चों की जिम्मेदारी उठाने की बात कही। अरविंद उसे सूखी सेवनिया इलाके अपने घर ले गया। करीब दस दिनों तक अरविंद ने शारीरिक शोषण किया और बाद में शादी से इंकार कर महिला को घर से भगा दिया।

### नरवाई जलाने पर अब तक 47 एफआईआर

**मंडीदीप।** क्षेत्र में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने वालों पर नियमानुसार एफआईआर और जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है। अपर कलेक्टर श्वेता पवार के अनुसार 29 अप्रैल तक नरवाई जलाने पर 47 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पर्यावरण क्षति के 853 प्रकरणों में 18 लाख आठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3894 | | |
| दिन: | 356 | 44 | 356 |
| रात: | 370 | 08 | 134 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 345 | 25 | 168 |
| रात: | 570 | 24 | 699 |

# एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से बीस हजार रुपए की ठगी

## आरोपी ने खुद को बताया था एम्स में सिक्योरिटी मैनेजिंग डायरेक्टर, घटना के बाद से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने नौकरी लगाने और ड्रेस के नाम पर फरियादी से बीस हजार रुपए ले लिए थे। बाकि की रकम नौकरी दिलाने के बाद देने की बात तय हुई थी। रुपए लेने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो फरियादी ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

**नौकरी नहीं मिली तो फरियादी ने पुलिस को शिकायत की**

### जहांगीराबाद में आरोपी ने खोलकर रखा था ऑफिस

पुलिस के अनुसार राघवेन्द्र द्विवेदी (55) पुष्पानगर, अशोका गार्डन में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था कि बबलू ठाकुर उर्फ थान सिंह लोधी से 19 सितंबर 2024 उसकी मुलाकात हुई थी। उसने कहा था कि मैं एम्स भोपाल में सिक्योरिटी गार्ड का मैनेजिग डायरेक्टर हूं और तुम्हारी नौकरी एम्स अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड में लगवा दूंगा। इसके लिए कुल अस्सी हजार रुपए का खर्च होगा। तुम बीस हजार रुपए दे दो। बबलू ठाकुर की बातों में आकर राघवेंद्र द्विवेदी ने 1 अक्टूबर 2024 को बबलू को बीस हजार रुपए सेंटर पाइंट जहांगीराबाद में नगद दिए। बाकि की रकम बाद में देने की बात हुई थी। बाद में आरोपी ने नौकरी नहीं लगवाई और पैसे भी वापस नहीं किए। राघवेंद्र का कहना है कि आरोपी बबलू ठाकुर उर्फ थान सिंह लोधी ने जहांगीराबाद में ऑफिस खोलकर रखा था। इन दिनों वह क्षरिया पटिया गांव दमोह में रह रहा है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जाएगी।

### पुलिस कमिश्नर के नाम पर मैसेज कर 45 हजार की ठगी करने वाले आरोपी की जमानत खारिज

**विधिक संवाददाता. भोपाल।** कारोबारी से राजधानी के पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा के नाम के फर्जी फेसबुक खाते से उनके फेसबुक मैसेजर पर मैसेज कर पुराना फर्निचर कम दाम में बेचने का झांसा देकर 45 हजार रुपए की ठगी करने के मामले के आरोपी अल्वर राजस्थान निवासी सुनील कुमार प्रजापति के नियमित जमानत आवेदन को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया। आरोपी के अधिवक्ता ने आरोपी को निर्दोष बताते हुए जमानत का लाभ दिए जाने की प्रार्थना की थी। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह ने आरोपी के अपराध को दृष्टिगत रखते हुए जमानत आवेदन को निरस्त करने की प्रार्थना की थी। मूलतः जबलपुर के निवासी निवासी फरियादी महेश कुमार कोडवानी कारोबारी हैं और वर्तमान में जहांगीराबाद में रह रहे हैं। उन्होंने 5 नवंबर 2024 को क्राइम ब्रांच भोपाल को शिकायत की थी कि उसके मोबाइल के फेसबुक मैसेजर पर अज्ञात व्यक्ति ने राजधानी के पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा के नाम के फर्जी फेसबुक खाते से उनके फेसबुक मैसेजर पर मैसेज कर पुराना फर्नीचर कम दाम में बेचने का झांसा देकर 45 हजार रुपए ठग लिए हैं। क्राइम ब्रांच ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी सुनील कुमार प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## मिसरोद स्थित इंद्रा नगर मल्टी में दर्दनाक हादसा

# तीसरी मंजिल की बालकनी से खेलते हुए गिरी दो साल की मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित निरुपम रॉयल पाम के पास इंद्रा नगर मल्टी की तीसरी मंजिल से गिरकर दो साल चार महीने की बच्ची घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे, वहां दो दिन चले इलाज के बाद बुधवार सुबह बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार राजेश राय इंद्रा नगर मल्टी में ईडब्ल्यूएस में थर्ड फ्लोर पर रहते हैं। वे औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन की एक कोल्ड्रिंक फैक्ट्री में काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका पांच साल का बेटा है, जबकि दो साल चार महीने की बेटी शानवी राय थी।



गत 28 अप्रैल सोमवार रात करीब 8 बजे शानवी फ्लैट की बालकनी में खेल रही थी, तभी अचानक नीचे गिर गई। करीब तीस फीट की ऊंचाई से वह नीचे सीसी रोड पर गिरी थी। उसे सिर समेत शरीर में गंभीर चोट थी। परिजन शानवी को लेकर एम्स पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार सुबह शानवी की मौत हो गई।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आदमपुर छावनी में मंगलार सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और परिजन उनका इलाज भी कर रहा थे। पुलिस के अनुसार अनीता सोनी (38) आदमपुर छावनी में रहती थी। वे गृहणी थी, जबकि पति मजदूरी करता है। मंगलवार सुबह अनीता ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उनका बेटा उन्हें फांसी के फंदे से उतारकर निजी अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। बेटा उन्हें हमीदिया लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद अनीता को मृत घोषित कर दिया।

### छात्रा ने जहर खाकर की आत्महत्या

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव देहरी में एक छात्रा ने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। तबीयत बिगड़ने पर भाई उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कुछ देर चले इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह मोबाइल भी नहीं रखती थी। साथ ही परिजन के बयान नहीं हो सके है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार खुशी मीना पिता विनोद मीना (20) ग्राम देहरी थाना सूखी सेवनिया में रहती थी और गीतांजलि कॉलेज में बीए सेकंड ईयर में पढ़ रही थी। उसके पिता किसान हैं। परिवार में एक बड़ा और एक छोटा भाई है। मंगलवार सुबह खुशी ने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली।

### अमलतास चौराहे के पास फाइनेंस कंपनी के जोनल हेड पर रॉड से हमला

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित अमलतास चौराहा से करीब पांच सौ मीटर दूर अस्सी फीट रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी के जोनल हेड पर रॉड से हमला कर दिया। आरोपियों ने बाइक से उन्हें ओवरटेक करते हुए रोका था फिर कार में तोड़फोड़ करते हुए उन पर हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। वे खुद ही निजी अस्पताल पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जोनल हेड से पूछताछ करनी चाही तो उन्होंने एक दिन का समय मांगा है। पुलिस के अनुसार स्प्रिंग वैली कटारा हिल्स निवासी 28 साल के आशीष श्रीवास्तव फाइनेंस कंपनी में रिकवरी शाखा में जोनल हेड हैं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह अपनी कार से एमपी नगर जोन क्रमांक-2 स्थित ऑफिस जाने के लिए निकले थे। अमलतास चौराहा से अस्सी फीट रोड होते हुए उन्हें एमपी नगर जाना था। लिहाजा अमलताश चौराहा से करीब पांच सौ मीटर वे आगे पहुंचे ही थे कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने कार के सामने बाइक अड़ा दी। आरोपियों ने रॉड से कार में तोड़फोड़ कर दी और आशीष पर भी हमला किया था।

**एफआईआर कराने मांगा समय**

आशीष ने बताया कि हमलावरों को वह नहीं जानता है। एफआईआर कराने आशीष ने एक दिन का समय मांगा है।

# दिव्यांग कर रहा था गांजे की तस्करी 4 किलो, 100 ग्राम माल किया जब्त

## गांजा बेचने के लिए देने वाले मैकेनिक को भी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीटी नगर पुलिस ने हर्षवर्धन नगर सिंधिया गेट के पास से एक दिव्यांग को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। वह चार पहियों वाली एक्टिवा से गांजे की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने उस आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जो दिव्यांग से गांजे की तस्करी करा रहा था।

थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि सूचना मिली कि हर्षवर्धन नगर सिंधिया गेट के पास एक दिव्यांग व्यक्ति अतिरिक्त दो पहिये लगी एक्टिवा से गांजा की तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए दिव्यांग को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कैलाश मालवीय (40) निवासी हर्षवर्धन नगर टीटी नगर, बताया। तलाशी लेने पर प्लास्टिक की बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। आरोपी ने बताया कि उसके दोस्त मनोज अहिरवार (30) दुर्गा नगर, हबीबगंज ने उसे गांजा बेचने के लिए दिया था।

पुलिस ने आरोपी मनोज अहिरवार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से कुल 4 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत ढाई लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कैलाश मालवीय लाउंड्री का काम करता है। उसके दो बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं। लाउंड्री में आमदनी कम होने की वजह से वह घर के खर्चे वहन नहीं कर सकता था। आर्थिक तंगी से तंग आकर उसने गांजा तस्करी करने जैसे गैर-कानूनी काम करने की योजना बनाई और पहली बार में ही पकड़ा गया।



### पांच नंबर पर दुकान चलाता है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी मनोज 5 नंबर पर मैकेनिक की दुकान चलाता है। वह खुद भी गांजा पीने का आदी है। वह गांजा लाने-ले जाने वालों के संपर्क में था। उक्त पूरा माल वह अपने पैसे लगाकर इंदौर से लाया था। ग्राहक नहीं मिलने के कारण वह बेच नहीं सका। लिहाजा उसने गांजा बेचने कैलाश मालवीय को जोड़ लिया। मनोज ने बदले में अच्छी रकम देने का वादा किया था।

**बागसेवनिया में घेराबंदी कर पुलिस ने धरदबोचा**

## अमराई में युवक से 3.7 मिलीग्राम एमडी जब्त

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई के पास से पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 3.7 ग्राम एमडी जब्त की है। जब्त एमडी की कीमत 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने एमडी जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। उससे एमडी के बारे में पूछताछ की जा रही है। एसआई गंगाराम वर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अमराई इलाके में झुग्गी के पास खड़ा हुआ है और उसके पास मादक पदार्थ है, जिसे बेचने की फिराक में है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की और शाम करीब 7 बजे अमराई से झुग्गी के पास खड़े संदिग्ध को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.7 ग्राम एमडी मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंश रघुवंशी पिता राजेश रघुवंशी (19 ) निवासी अवधपुरी भोपाल बताया। उसने बताया कि अभी 12 वीं कक्षा पास की है। पैसों की जरूरत होने पर वह सस्ते दाम में एमडी खरीदकर उसे फुटकर में बेच रहा था।

**प्रभु की महाआरती हुई, श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे**

# भगवान परशुराम और श्री लक्ष्मीनारायण की हुई प्राण-प्रतिष्ठा, हवन-भंडारा हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नगर में बुधवार को वार्ड नंबर 9 स्थित परशुराम मंदिर में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के साथ श्री लक्ष्मीनारायण की मूर्ति स्थापना की गई। विधि-विधान से मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई।

इस दौरान अन्नाधिवास, घृताधिवास, शर्कराधिवास, फलाधिवास, मिष्ठानाधिवास, पुष्पाधिवास, शैय्याधिवास, औषधि स्नान प्रयोग व मूर्ति का न्यास आदि वैदिक प्रक्रिया विधि-विधान से कराई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भगवान परशुराम की विशाल आरती उतारी गई तथा हवन यज्ञ किया गया। इसके बाद भंडारा हुआ।

### मंदिर में मूर्ति स्थापना से पहले हुई राम कथा



समाज के अध्यक्ष सुधीर भार्गव ने बताया कि मूर्ति स्थापना से पहले मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा व्यास पं. सुनील शास्त्री ने जीवात्मा और परमात्मा के बीच के अंतर को समझाया।

# पूर्व मंत्री सविता वाजपेई की स्मृति में लगेगा रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

## वाटरमेन राजेंद्र सिंह आज करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मंत्री, प्रख्यात समाजसेवी, मीसा बंदी सविता वाजपेई की स्मृति में उनके परिजन श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट की स्थापना करने जा रहे हैं। गुरुवार 1 मई को सुबह 10:30 बजे वाटरमैन के नाम से प्रसिद्ध राजेंद्र सिंह रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानस भवन के अध्यक्ष पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा करेंगे।

### महापौर विशिष्ट अतिथि

इस अवसर पर भोपाल की महापौर मालती राय विशिष्ट अतिथि होंगी। बता दें कि सविता वाजपेई ने राजनीतिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वे प्रजा समाजवादी पार्टी से छात्र जीवन से जुड़ीं रही। उन्होंने राष्ट्र सेवा दल को भोपाल में स्थापित किया था। सविता वाजपेई आपातकाल में मीसा के अंतर्गत 18 महीने जेल में भी बंद रहीं। 1977 में सीहोर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ी और विधायक बनीं। मंत्री के रूप में उन्होंने सिंचाई, लोक निर्माण तथा उच्च शिक्षा विभाग का दायित्व भी संभाला था। साथ ही भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों की सहायता के लिए सहयोग संस्था की स्थापना की और बच्चों, महिलाओं के लिए शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार संबंधी प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया।

**◆ परिजनों की ओर से मानस भवन में की जाएगी यूनिट की स्थापना**

**50 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई**

# भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय को चार वर्ष के कारावास की सजा

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल



करोड़ों रुपए की ठगी कर फरार होने वाले शातिर ठग भू-माफिया डीआईएल कंपनी के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर रमाकांत विजयवर्गीय उम्र 70 वर्ष निवासी विजय नगर इंदौर को अपर सत्र न्यायाधीश आरपी मिश्र ने भादंसं की धारा- 406 और 409 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास और 50,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

आरोपी रमाकांत विजयवर्गीय को जमीन के धोखाधड़ी और जालसाजी किए जाने के ऐसे ही एक मामले में 2 जून 2022 को जिला न्यायालय ने उम्रकैद की सजा और 3 अक्टूबर 2024 को 10 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। फरियादी संदीप सिंह की शिकायत पर कोहेफिजा थाना पुलिस ने वर्ष 2006 में आरोपी के खिलाफ भादंसं की धारा-406 और 409 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। कोहेफिजा थाना भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय के खिलाफ करीब 250 लोगों से 100 करोड़ रुपए की ठगी कर फरार होने के आरोप लगाए गए थे। आरोपी भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय के खिलाफ धोखाधड़ी किए जाने के अनेक अपराध कोहेफिजा थाना में पंजीबद्ध किए गए थे। आरोपी अपना हुलिया बदल कर इंदौर भाग गया था। कोहेफिजा थाना की पुलिस इंदौर से मुखबिर की सूचना पर रमाकांत विजयवर्गीय को पकड़कर भोपाल लेकर आई थी।

**धाकड़ नागर समाज के 38वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में आशीर्वाद देने पहुंचे मंत्री पटेल**

# अक्षय तृतीया पर सैकड़ों वर-वधू ने थामा जीवनभर का 'साथ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बुधवार को श्री धाकड़ मैरिज गार्डन औबेदुल्लागंज में 38वां विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर हुआ। सम्मेलन में वर-वधू के बाद शाम 5 बजे तक फेरे हुए। आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री ने गणेश, माता पूजन, मंडप पूजन कराकर लग्न एवं वरमाला कराई। भांवर के बाद विदाई हुई।

सम्मेलन में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शामिल हुए और वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। मंत्री पटेल ने कहा कि धाकड़ समाज के आयोजन से समाज में एकता आती है। फिजूल खर्च नहीं होता। यह अनूठा और ऐतिहासिक सम्मेलन है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कांग्रेस नेता राजकुमार पटेल शामिल हुए।

### खास बातें: केंद्रीय मंत्री शिवराज, विधायक पटवा ने दिया आशीर्वाद

- भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने वर-वधू को दी शुभकामनाए



देर शाम 5 बजे के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी वर-वधू को आशीर्वाद दिया और कहा कि आपका जीवन सुखमय हो, खुश रहो। विधायक सुरेंद्र पटवा के प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, तेजसिंह नागर, वरिष्ठ सुरजीत सिंह बिल्ले, गजेंद्र नागर, ईकलमा ने पटवा की ओर से शुभकामना दी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जेपी शर्मा ने वर-वधुओं को गिफ्ट देकर उन्हें बधाई दी।

### अध्यक्ष धाकड़ को राधा-कृष्ण का चित्र किया भेंट

कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे, अशोक पटेल आदि ने वर- वधू को आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने पर अध्यक्ष शशांक धाकड़ एडवोकेट का सम्मान किया। उनको राधा-कृष्ण का चित्र भेंट किया। कैलाश डब्बू नागर, राजू भाई पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### इनका किया सम्मान

*सम्मेलन में व्यापार महासंघ के पदाधिकारी जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, बल्लू अरोरा, आशीष दीक्षित आदि का सम्मान किया गया। आदर्श सामाजिक विवाह के अध्यक्ष शशांक धाकड़, हाई कोर्ट वकील विजय धाकड़ धाकड़ समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी अशोक पटेल, रजनीश पटेल, गौरी शंकर नागर, विनोद नागर, प्रेम तालाब, नरेंद्र नागर, अमित मौनी नागर, उमेश नागर, कृष धाकड़, डॉ. नंदू नागर, कुंवर सिंह नागर, दीपेश नागर, शुभम नागर, रवि नागर, डॉ. माखन नागर आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।*









मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में 27 हजार से अधिक हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए किए अंतरित

# मुख्यमंत्री ने कहा, कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा पीएम मित्र पार्क से लाभ, 3 लाख रोजगार होंगे सृजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार प्रदेश को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था है।

जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

## आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था

85 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की प्रथम किश्त की 1704.94 करोड़ राशि ट्रांसफर




**सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख हेक्टेयर करना लक्ष्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख हेक्टेयर करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके लिए केन-बेतवा लिंक और पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा।

## 1870 करोड़ लागत की धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना से जुड़ने वाले सभी परिवारों को मुश्किल समय में सहायता प्रदान करती है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का भी लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है। हमारी सरकार ने सभी आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। लाड़ली बहनों के खातों में भी हर महीने 1250 रुपए आते रहेंगे। उन्होंने 1870 करोड़ लागत की धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन भी किया। इस मौके पर केंद्रीय महिला बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने भी संबोधित किया।

### उमरबन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 जोड़े



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरबन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आज उमरबन की धरती से प्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। कन्या विवाह योजना में बेटियों को प्रावधान के अनुसार 49 हजार का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में कल्याणी विवाह और अन्तर्जातीय विवाह करने पर राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवाह में गैर-जरूरी खर्च से बचा जाए और यह राशि परिवार और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी कार्यों पर खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों का भाई गरीब से गरीब की बेटी का विवाह कराएगा।*

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के लिए 21 स्थानों पर लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर घरों में काम करने वाली कामकाजी दीदियों, महिला श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर भोपाल की 21 तंग बस्ती क्षेत्रों क्रेशर बस्ती भौंरी, गोंडीपुरा, संजीवनी क्लिनिक बाणगंगा, संजीवनी क्लिनिक प्रियदर्शिनी नगर, आंबेडकर नगर, सुनहरी बाग, प्रेमपुरा, भीम नगर, धर्मपुरी, लतीफ नगर, गिरि मोहल्ला, पिपलानी मस्जिद, जय हिंद नगर, बीडीए कॉलोनी अमरावत खुर्द, कृष्णा नगर बरखेड़ा पठानी, आजाद नगर अशोका गार्डन, शंकराचार्य नगर चांदबड़, हनुमान मंदिर ओल्ड सुभाष नगर, डी मार्ट के पास बरखेड़ी, चंपा चौराहा ओल्ड विधानसभा और आंगनबाड़ी केंद्र न्यू कबाड़खाना में लगाए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि दोपहर एक बजे से शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के बच्चों की जांच एवं टीकाकरण भी किया जाएगा।

### मंच का स्ट्रक्चर गिरा, बाल बाल बचे विजयवर्गीय

**भोपाल।** इंदौर के राऊ क्षेत्र स्थित एक गोशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तेज हवाओं के चलते मंच का स्ट्रक्चर गिर गया। इस दौरान मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय मौजूद थे। हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के झोकों ने पंडाल और मंच को हिला दिया और कुछ ही पलों में मंच गिर पड़ा। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने व्यवस्था संभाली।

नागदा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना समारोह में शामिल हुए डॉ. यादव व गेहलोत

# सीएम और कर्नाटक के राज्यपाल ने वर वधू को चेक वितरित कर पौधे किए भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर अत्यंत हर्ष की बात है कि नागदा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। आज के दिन शुभ मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है। पाणिग्रहण संस्कार का हमारी भारतीय संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत बुधवार को नागदा के अटल खेल मैदान परिसर में नगर पालिका परिषद नागदा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समारोह में हर विवाहित कन्या के माता-पिता अपनी बेटी को एक नए जीवन की शुरुआत के लिए आशीर्वाद दे रहे हैं।

विवाह संस्कार और रीति-रिवाज हमारी गौरवशाली परंपरा का हिस्सा रहे हैं। विवाह संस्कार जन्म से पहले ही तय हो जाता है। नागदा में काफी समय से इस प्रकार के सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। यह एक बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ो को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और कर्नाटक के राज्यपाल गेहलोत ने समारोह में उपस्थित वर-वधू के बीच पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया। नव दंपत्तियों को मुख्यमंत्री विवाह योजना में शासन की ओर से दी जाने वाली राशि के चेक वितरित किए और उन्हें पौधे भी भेंट किए। समारोह में 74 जोड़ो का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह और एक मुस्लिम जोड़े का निकाह कराया गया। विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, राजेश धाकड़, नागदा नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत समेत अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**खास बातें**

- परिणय सूत्र में बंधे 2205 जोड़े, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हुए कार्यक्रम
- शिवपुरी, इंदौर, धार, हरदा, छिंदवाड़ा और पन्ना जिलों में हुए कार्यक्रम



### मुख्यमंत्री ने ग्राम दाउदखेड़ी में 70 नव-दंपतियों को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश एवं प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकाल महालोक कॉरिडोर की सौगात के बाद से उज्जैन ने विकास के नित नए आयाम स्थापित किए हैं। उज्जैन को धर्म और धार्मिक पर्यटन का मुख्य केन्द्र बनाया जा रहा है। धर्म ही समाज को एक सूत्र में पिरोता है। सामूहिक विवाह का आयोजन सामाजिक सुधार का महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दाउदखेड़ी में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवाह का आयोजन सामूहिक रूप से करने से मितव्ययता आती है। वैवाहिक कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना हुई वरदान साबित

*मुख्यमंत्री ने त्रिकालदर्शी महामृत्युंजय बाबा श्री महाकाल को दंडवत प्रणाम करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब परिवार की कन्याओं का विवाह कराने के लिए माता-पिता कर्ज में डूब जाया करते थे। बेटी के जन्म के साथ ही उसकी शादी की चिंता सताने लगती थी, लेकिन अब सरकार बेटियों का कन्यादान कर रही है। माता-पिता अब बेटियों के जन्म पर उदास नहीं होते, बधाई गीत गाते हैं। निर्धन परिवारों की बेटियों के वि वाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना एक वरदान साबित हुई है।*

### ब्रह्मभट्ट क्षत्रिय समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में अखिल भारतीय ब्रह्म भट्ट क्षत्रिय समाज के 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने वाले समाजसेवी राधेश्याम परमार एवं उनकी टीम को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने नव-दम्पतियों को उपहार स्वरूप चांदी की पायजेब भेंट की। उन्होंने नव-दम्पतियों से चर्चा कर उनके सुखद वैवाहिक मंगलमय जीवन के लिए मंगलकामनाएं दी। समारोह में ब्रह्मभट्ट समाज ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया।

### मुख्यमंत्री ने 6 जिलों के सम्मेलनों को वर्चुअली किया संबोधित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अक्षय तृतीया पर 6 जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में शामिल नव दंपतियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि जिसका कभी क्षय नहीं हो, वो अक्षय है। उन्होंने छिंदवाड़ा में 929, पन्ना में 915, आनंदधाम शिवपुरी में 80, इंदौर में 121, पंधानिया जिला धार में 80 एवं ग्राम नया गांव जिला हरदा में 80 नव दंपतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने विवाह बंधन में बंध रहे सभी जोड़ों के उज्जवल, सुखद-स्वस्थ जीवन और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

बनौली कुंआताल में सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए शर्मा



# नव-दंपतियों को उपहार देकर पौधरोपण का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा बुधवार को पन्ना जिले के पवई के ग्राम बनौली कुआंताल में मां कंकाली माता मंदिर प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए।

इसके बाद भगवान परशुराम की जयंती पर पन्ना में भगवान श्रीराम जानकी मंदिर में पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा में शामिल हुए। शर्मा ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन योजना सामाजिक सुधार का बड़ा कार्य है। उन्होंने नवदंपतियों को पौधा भेंटकर कहा कि सभी वर-वधु वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने 900 से अधिक जोड़ों को उपहार और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत मिलने वाला चेक भेंट किया। कार्यक्रम को प्रदेश के पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं विधायक प्रहलाद लोधी ने भी संबोधित किया। शर्मा ने बुधवार को पन्ना जिले के पवई विधानसभा के कुंआताल स्थित मां कंकाली माता मंदिर और पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर में में पूजन अर्चन किया।



### भाजपा सरकार संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास कर रही

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 में जब मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, उसके पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था और संपूर्ण बुंदेलखंड बहुत सूखा और विकास में पिछड़ा हुआ था। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने बुंदेलखंड के विकास के नाम पर अपना हित साधने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से बुंदेलखंड के विकास को लेकर कार्य शुरू हुए। मप्र की भाजपा सरकार बुंदेलखंड को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पानी की थी, सूखे के रूप में मशहूर बुंदेलखंड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार हरा-भरा और खुशहाल बुंदेलखंड बनाने का कार्य कर रही है।*

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना



# राहुल गांधी लें संविधान पढ़ने की ट्यूशन भ्रम फैलाना कांग्रेस के डीएनए में: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो काम नहीं करती है, और जब विपक्ष में आती है तो जातिगत जनगणना जैसी मांग करती है। हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और हैं।

आज कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। कांग्रेस ने हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध किया। झूठ बोलना और भ्रम फैलाना कांग्रेस के डीएनए में है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि आज वो कह रहे हैं कि तेलंगाना में हुआ है। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि तेलंगाना में जातिगत जनगणना नहीं, सर्वे हुआ है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को संविधान पढ़ने के लिए ट्यूशन लेनी चाहिए।

### समाज के हर वर्ग को न्याय देने का प्रयास

*केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जातिगत जनगणना के फैसले को लेकर कहा कि ये सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण के लिए की जाएगी। मैं जातिगत जनगणना कराने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। ये जाति की राजनीति नहीं है, सुशासन की आधारभूत नींव है, समाज के हर वर्ग को न्याय देने का प्रयास है, जो पूरे पारदर्शी तरीके से जमीन पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज विजन की बात करती हैं, कांग्रेस का विजन समाज का विभाजन रहा है। विभाजनकारी नीतियां रहीं हैं, समाज को तोड़ने का काम रहा है।*

### प्रदेश प्रवक्ता सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त किया

*पत्रकार वार्ता के पूर्व पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल उपस्थित रहे।*

आज से 15 मई तक प्रथम चरण का अभियान चलेगा

# आप का आज से सदस्यता अभियान शुरू प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया मिस्ड कॉल नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम आदमी पार्टी 1 मई मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मजदूरों का सम्मान कर अपने सदस्यता अभियान का प्रदेश में श्रीगणेश कर रही है। जिसमे प्रदेश में जगह जगह सदस्यता अभियान के लिए शहरों में टेबल लगाकर एवं ग्राम ग्राम जाकर प्रदेश को नंबर वन बनाने के लक्ष्य को लेकर अपने संगठन का विस्तार करने के लिए 1 मई से 15 मई तक प्रथम चरण का सदस्यता अभियान प्रारम्भ कर रही है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन सदस्यता के लिए बुधवार को समारोह में प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल ने सदस्यता के लिए मिस्ड कॉल का नंबर लांच किया। रानी अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में भी बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सुरक्षा, महंगाई पर लगाम लगाने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दिल्ली पंजाब मॉडल की तरह सुविधाओं के के लिए आम आदमी पार्टी के सदस्य बने और प्रदेश की डबल इंजन सरकार के भ्रष्टाचार, बदहाल कानून व्यवस्था के लिए संगठित होकर संघर्ष कर मध्यप्रदेश को खुशहाल प्रदेश बनाने की लिए अपनी आहुति प्रदान करें।

आदिवासी बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना के पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

# बालाघाट के पीड़ित परिवारों को मिले एक करोड़ रुपए की मदद, कोर्ट से जल्द हो फैसला: सिंघार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बुधवार को बालाघाट के दुगलाई गांव पहुंचकर आदिवासी बच्चियों के साथ हुई दुष्कर्म की अत्यंत दुःखद और शर्मनाक घटना के पीड़ित परिवारों से भेंट कर उनका दुःख साझा किया। इसके बाद सर्किट हाउस बालाघाट में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सरकार पर हमला बोला। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने मांग की है कि पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ की मदद मिलना चाहिए। पूरे मामले में पुलिस की लापरवाही भी दिख रही है, क्योंकि उसने आरोपियों की शिनाख्त नहीं कराई।

### भाजपा नेताओं की चुप्पी हैरान करने वाली

*नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि इस मामले में सरकार और भाजपा के बड़े नेताओं की चुप्पी भी हैरान करने वाली है। अभी अगर कोई मंदिर बनता तो सभी जय श्रीराम वाले आ जाते। ये बेटी बचाओ की बात करते हैं लेकिन कहां बेटियां बच रही हैं बालाघाट की घटना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।*

## 50 करोड़ रुपए से बन रहे इस्कॉन मंदिर की रखी आधारशिला

# सागर जिले में आज हो रहा है आध्यात्मिक संस्कृति का सूर्योदय: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के संदेश और भारतीय संस्कृति को इस्कॉन संस्था ने विश्वभर में फैलाया है। भारतीय संस्कृति के प्रसार में इस्कॉन की भूमिका वैश्विक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कलेक्ट्रेट, उज्जैन के एनआईसी कक्ष से सागर जिले के ग्राम मेनपानी में इस्कॉन मंदिर के भूमि-पूजन कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से सागर जिले के मेनपानी की पहाड़ियों में बनने वाले भव्य इस्कॉन मंदिर की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुखारबिन्द से निकले प्रत्येक वचन को 18 अध्याय में संकलित किया गया है, जिसे हम 'भगवत गीता' कहते है। इन्हें जनमानस तक पहुंचाने में इस्कॉन इंटरनेशनल की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर जिले में अक्षय तृतीया पर सनातन संस्कृति के सूर्य का उदय हो रहा है।

पर्यटन विकास की संभावनाओं को साकार करने के प्रयास




### संस्कारों से प्राप्त होती है सुख-शांति: मंत्री पटेल

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज के दौर में संस्कारों की आवश्यकता है। संस्कारों से हमें सुख-शांति प्राप्त होती है और अपना जीवन भी सुखपूर्वक व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर एवं भारत के अंदर इस्कॉन मंदिर के अनुयायी रहते हैं। अब सागरवासियों के साथ संपूर्ण बुंदेलखंड के लिए इस्कॉन मंदिर के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति करने का अवसर मिलेगा।

### रोजगार और पर्यटन के बढ़ेंगे अवसर: मंत्री राजपूत

खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सागर में मंदिर बनने पर सागर के लोगों को रोजगार और पर्यटन के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह सागर के लिए गौरव की बात है कि हमारे यहां इस्कॉन मंदिर का निर्माण हो रहा है। सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि इस्कॉन मंदिर के माध्यम से अब हमें भगवत गीता का संपूर्ण ज्ञान होगा। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि आज नरयावली विधानसभा धार्मिक विधानसभा बन रही है। इस विधानसभा में न केवल इस्कॉन मंदिर बल्कि संत शिरोमणि रविदास मंदिर, परशुराम मंदिर सहित अन्य बड़े-बड़े मंदिर आकार ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेनपानी की इस पवित्र धरती पर जब यह मंदिर आकार लेगा तब यहां का स्वरूप अलग ही दिखाई देगा और यहां पर्यटन के साथ-साथ धर्म के क्षेत्र में विकास होगा। समारोह को इस्कॉन इंटरनेशनल के जोनल सचिव महामना प्रभुजी ने भी संबोधित किया।

### मंदिर के लिए भूमि देने वाले परिवार की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि प्रदान करने वाले विवेक यादव एवं उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार के साथ जब समाज सहयोगी बनता है तो असंभव माने जाने वाले कार्य भी संभव हो जाते हैं। डॉ यादव ने इस प्रकल्प से जुड़े सभी सहयोगियों और क्षेत्रीय सांसद, मंत्रीगण, विधायकगण सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को भी इस्कॉन मंदिर के भूमि-पूजन कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

# रणबीर को 'श्रीराम' के रूप में देखने के लिए हो जाइए तैयार

**मुंबई।** रणबीर कपूर इस वक्त सिर्फ एक ही फिल्म पर फोकस कर रहे हैं और वह है नितेश तिवारी की 'रामायण'। इस मूवी में उनके साथ मुख्य भूमिका में साईं पल्लवी नजर आने वाली है। जब इस माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई थी, तो फिल्म के सेट से कई फोटोज लीक हो गई थी। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में शूट हो रही मूवी के सेट पर सिक्योरिटी और भी टाइट कर दी थी। नितेश तिवारी की ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। रणबीर कपूर 'श्रीराम' के रूप में कैसे लगेंगे ये जानने के लिए न जाने फैंस कब से बेकरार हैं। अब उनकी इस बेसब्री के बीच मेकर्स जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज करने के तैयारी में हैं। आमतौर पर निर्देशक और एक्टर अपनी फिल्मों की रिलीज से पहले उनके बारे में बातें करके ऑडियंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हैं। हालांकि, इस बार ऐसा नहीं हुआ, नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म पर पूरी तरह से चुप्पी साधी हुई है। इस बीच ही अब 'रामायण' को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगले हफ्ते अपनी माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' का मेकर्स फर्स्ट लुक रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं।



Form No. IV
[See sub-rule (2A) of rule 5]
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule 2(A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal Procedure Rule 1993

**BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BNSL Building), Near Head Post Office, Residency Road, JABALPUR (M.P.) 482001.

Date : CASE NO. OA No.. 888/2024

**CANARA BANK, Bhopal** Applicant
Versus
**M/s Testing Path Lab and others** Defendents
**1.M/s Testing Path Lab Through its Proprietor - Deepak Kumar**
R/o Office No.25, Fine Avenue Phase-I, Gram Nayapura, Kolar Road, Bhopal (M.P.)
**2.Deepak Kumar S/o Shri Shankar Lal**
R/o C/o Shri Shankar Lal, J-42 Harshwardhan Nagar, Huzur, Bhopal (M.P.)-462023

Whereas **OA No 888/24** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **02/08/2024.** Whereas, this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said application under Section 19 (4) of the Act, (OA) filed against you for recovery debts of **Rs. 51,81,164.19** with expenses & future interest

In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the Defendants are directed as under :-

i. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.

ii. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the Original Application.

iii. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.


iv. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal.

v. you shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written Statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar **09/07/2025 on 10:30 A.M** at failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and seal of the tribunal on this the **11th day of April 2025**

Seal
REGISTRAR
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



# पलक 2000 में से एक बंदा को किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दोनों ने साफ किया है कि वह सिर्फ दोस्त हैं। पलक तिवारी ने जूम से बातचीत में एक कहानी बताई है। उन्होंने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंटरनेट पर मिला था। वह समझ रही थीं कि वह लड़का बहुत सुंदर है। पलक ने उसका पीछा किया। पलक ने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंस्टाग्राम पर मिला था। पलक ने कहा 'मुझे लगता है सबसे अजीब चीज जो मैंने की वह यह थी कि मुझे सोशल मीडिया पर एक लड़का मिला। मुझे लगा कि वह सबसे खूबसूरत है। जब मैंने उस लड़के को देखा तो वह मुझे बहुत क्यूट लगा। फिर मैंने सोचा इसके बारे में पता करते हैं। मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानती थी। यहां तक कि उसका नाम भी नहीं। मैंने उसे बस एक बार देखा और सोचा कि मुझे उसे ढूंढना है।' पलक ने कहा 'एक लड़के ने उस क्यूट लड़के की फोटो पोस्ट की लेकिन उसे टैग नहीं किया।

वह लड़का 2000 लोगों को फॉलो कर रहा था। आप यकीन नहीं करेंगे लेकिन मैंने 2000 लोगों की प्रोफाइल चेक की, ताकि उस क्यूट लड़के को ढूंढ सकूं। मैंने उसकी फोटो अपने दोस्त को भेजी। मैं किसी के लिए ऐसा नहीं करती। लेकिन मैंने उस लड़के के लिए किया। हालांकि वह लड़का मिल गया।' इसके बाद पलक ने उस बंदे को डेट किया। पलक ने उस लड़के का नाम नहीं बताया। आपको बता दें कि पलक तिवारी ने सलमान खान के साथ फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

## पेज 1 का शेष

### रॉ के पूर्व चीफ आलोक...

आईएफएस हैं। यह फैसला पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आया है, जिसमें एक नेपाली नागरिक सहित 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और कई घायल हो गए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके आवास पर बुलाई गई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में ये फैसला लिया गया।

### लॉक्ड, लोडेड और....

नया वीडियो जारी किया है। वीडियो में इंडियन आर्मी के जांबाज जवान फुल एक्शन में नजर आ रहे हैं। वीडियो जारी करते हुए कहा गया है कि लॉक्ड, लोडेड और हमेशा तैयार। दुश्मन कहीं नहीं छुप सकते, हम उन्हें खोज निकालेंगे। सेना के मैसेज बिल्कुल क्लियर है किसी भी ऑपरेशन के लिए आर्मी रेडी है। बस फाइनल ऑर्डर का इंतजार है।

**नेवी की पाकिस्तान को सबसे बड़ी चेतावनी:** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल से लेकर समंदर तक भारतीय सेना एक्शन में है। इस बीच इंडियन नेवी ने पाकिस्तान को बड़ी चेतावनी दी है। भारतीय नौसेना ने कहा है कि न तो कोई दुश्मन उसकी रेंज से दूर है और न ही कोई मिशन। इंडियन नेवी ने ये भी कहा है कि कोई भी समंदर इतना विशाल नहीं है। साफ है कि इंडियन नेवी का ये मैसेज पाकिस्तान के लिए है। इस मैसेज के सा साथ इंडियन नेवी ने अपने जंगी बेड़े का नया वीडियो भी जारी किया है।

### सीमा से सटे ....

ड्रोन को मार गिराएगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से अब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को तुरंत ट्रैक कर नष्ट कर सकेंगी।

### जाति जनगणना कराएगी...

की। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने महज खानापूर्ति का ही काम किया। उसने महज सर्वे कराना ही उचित समझा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है, जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी।

### प्रत्येक 10 साल के ...

भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा। जैसे 2025-2035 और फिर 2035 से 2045।

### क्यों अहम है...

अहम पहलुओं का पता चलता है। विपक्षी कांग्रेस समेत तमाम सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके।

### सरकार को कांग्रेस का...

सुनिश्चित की जा सके। केंद्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का ऐलान किया है, तो हम इसे समर्थन देते हैं। लेकिन हम यह भी जानना चाहते हैं कि ये जनगणना कब कराई जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि हम पीएम मोदी की इस बात से सहमत हैं कि देश में सिर्फ चार जातियां हैं (गरीब, मध्यम वर्ग, अमीर और बहुत अमीर), लेकिन इन चारों के भीतर भी कौन कहां खड़ा है, यह जानने के लिए जातिगत आंकड़े जरूरी हैं। जाति जनगणना पहला कदम है, लेकिन हमें इससे आगे भी बढ़ना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार तेलंगाना सरकार की तरह तेज, पारदर्शी और समावेशी जाति सर्वे मॉडल अपनाए और निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू हो। सामाजिक न्याय केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि निजी क्षेत्र में भी समान अवसर सुनिश्चित किए जाने चाहिए।

### पीएम मोदी की...

सुरक्षा हालात की समग्र रूप से व्यापक समीक्षा की गई। सीसीएस की बैठक में पीएम मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। जबकि सीसीपीए की बैठक में पीएम के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। सीसीएस की यह दूसरी बैठक थी। इससे पहले 22 अप्रैल को हुए हमले के ठीक अगले दिन यानी 23 अप्रैल को राजधानी में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सीसीएस की पहली बैठक हुई थी। वहीं, सीसीपीए की बैठक की बात करें तो वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के बाद कैबिनेट की शीर्ष राजनीतिक समिति की बैठक हुई थी। जिसके बाद पाकिस्तान और पाले हुए आतंकियों को सबक सिखाने के लिए भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार कर बालाकोट एयर स्ट्राइक की थी।

**पाकिस्तान के लिए भारत ने बंद किया एयरस्पेस:** बुधवार को हुई सुरक्षा मामलों की दोनों महत्वपूर्ण बैठकों के बारे में सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक के जवाब में पाकिस्तान ने अपने एयरस्पेस को भारतीय विमानों के लिए बंद कर दिया। साथ ही भारत के साथ पाक ने सभी मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों, व्यापार को रद्द कर दिया है। इसमें तीसरे देश से पाकिस्तान के साथ होने वाला व्यापार भी शामिल है। साथ ही पाकिस्तान ने ऐलान किया कि भारत की सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की कार्रवाई को युद्ध के समान समझा जाएगा।

### नरसिम्हा स्वामी मंदिर ....

के ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 2.30 बजे हुई। जिस समय दीवार गिरी उस दौरान भारी बारिश हो रही थी। आंध्र प्रदेश की गृह एवं आपदा प्रबंधन मंत्री वांगलापुडी अनिता भी मौके पर पहुंचीं। अनिता ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश हो रही थी। सभी सावधानियां बरती गई थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम घटना की जांच कर रहे हैं। फिलहाल, हमें जानकारी मिली है कि करीब 8 लोगों की मौत हुई है। सारा मलबा हटा दिया गया है। बचाव कार्य पूरा हो चुका है।

### भाजपा नेता नरेंद्र...

ली है ठीक हो जाएगा। घर आकर उन्होंने खाना खाया और विश्राम करने लगे। इसके कुछ समय बाद ही उन्हें घबराहट फिर उल्टी हुई और हालत बिगड़ने लगी। अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सलूजा के निधन की खबर फैलते ही राजनीतिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी अशीष ऊषा अग्रवाल सहित भाजपा, कांग्रेस के नेताओं, पत्रकारों और मित्रों ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नरेंद्र सलूजा की बेटी अमेरिका में रहती हैं। उन्हें आने में 48 घंटे का समय लगेगा। बेटी के अमेरिका से इंदौर आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। सलूजा सोशल मीडिया पर बेहद सक्रिय रहते थे। उन्होंने अपने आखिरी ट्वीट में अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं देते हुए एक फोटो पोस्ट की थी।

### 100 बिलियन डॉलर....

मुकेश अंबानी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है और उनकी नेट वर्थ करीब 20 बिलियन डॉलर बढ़ गई है। मार्च में 81 बिलियन डॉलर रह गई अंबानी की नेट वर्थ 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई है। खास बात है कि नेट वर्थ में आए इस जबरदस्त उछाल के साथ ही मुकेश अंबानी दुनिया के टॉप-16 सबसे अमीर लोगों में शामिल हो गए हैं। भारतीय बाजारों में हुए बड़े करेक्शन के बाद, 4 मार्च को उनकी संपत्ति 81 बिलियन डॉलर रह गई थी। लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के स्टॉक में क्रमशः 25 प्रतिशत और 29 प्रतिशत के मजबूत इजाफे के साथ ही अंबानी की धन-दौलत भी खूब बढ़ गई है। हालांकि, उनकी मौजूदा नेट वर्थ अभी भी 8 जुलाई 2024 की तुलना में 20 प्रतिशत कम है। जुलाई 2024 में उनकी कुल संपत्ति 120.8 बिलियन डॉलर थी।

### अब बनेगा 17 हजार...

मध्यप्रदेश ने दो चीता अभयारण्य शुरू किए हैं। पहला कूनो और दूसरा गांधी सागर। इस चीता प्रोजेक्ट में राजस्थान के सात जिले शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह चीता प्रोजेक्ट दुनिया में अनूठा है और मध्यप्रदेश के लिए यह खुशी की बात है कि चीता यहां सर्वाइव कर रहा है। इस कॉरिडोर में राजस्थान का लगभग 6500 वर्ग किमी एरिया आएगा। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी एक्शन प्लान के अनुसार इस कॉरिडोर में एमपी का 10,500 वर्ग किमी और राजस्थान का 6500 वर्ग किमी एरिया आएगा। कॉरिडोर को लेकर एमपी और राजस्थान के बीच एक एमओयू साइन होना है।

### खिवनी अभयारण्य में...

स्थित खिवनी वन्य जीव अभयारण्य में एक दिवसीय गिद्ध गणना की गई, जिसमें सफेद गिद्ध का जोड़ा और उसका घोसला भी मिला है। नर और मादा गिद्ध के साथ ही घोंसले में अंडे होने का अनुमान भी लगाया गया है। यहां पर दो इजिप्शियन वल्चर ( सफेद गिद्ध) मिले हैं। गणना के लिए सेंचुरी में चार स्थान चिन्हित किए गए थे, जिनमें एक स्थान पर यह सफेद गिद्ध का जोड़ा मिला है।

### पक्षियों की संख्या में...

गणना में आ जाते हैं। एक गणना गर्मियों की जाती है। जिसमें गिद्धों की वास्तविक संख्या सामने आती है। जो गिद्ध पूरे साल यहां रहते हैं। वह गर्मियों की गणना में मिलते हैं।

### गढ़ाकोटा में 3 हजार ...

दुल्हनों की मेहंदी और हल्दी की रस्म आयोजित की गई। इसमें रहली विधानसभा की दुल्हनें शामिल हुई। महिलाओं ने दुल्हनों को हल्दी और मेहंदी लगाई। विवाह के गीत गाए। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी लगाकर खुशियां मनाई।

गढ़ाकोटा में रहली विधायक व पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव वर्ष 2001 से पुण्य सम्मेलन सम्मेलन का आयोजन कराते आ रहे हैं। जिसमें रहली विधानसभा में 25 हजार से अधिक कन्याओं के विवाह कराने का रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रित किया गया है।

### वर-वधू को दिए...

घरातियों और बारातियों के स्वागत के लिए बुंदेली व्यंजन दाल, चावल, कड़ी, सब्जी, पूड़ी, रसगुल्ला, रसना, जलजीरा जैसे अन्य स्वादिष्ट पकवानों की व्यवस्था की जा रही है।

### भगवान परशुराम की...

रहे थे। उन्होंने भगवान परशुराम की जन्मस्थली पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि जानापाव में परशुराम धाम विकसित किया जाएगा।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय श्रीमती सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सदस्य श्रीमती कविता पाटीदार, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, विधायक गोलू शुक्ला सहित साधु-संत तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित

**भगवान श्रीराम ने भगवान परशुराम का धनुष तोड़ा:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण के काल तक भगवान परशुराम के पराक्रम और उनके शस्त्रों की महत्ता दिखाई देती है। भगवान श्रीराम जब स्वयंवर में पहुंचे तो वहां उन्होंने भगवान परशुराम का धनुष तोड़ा। भगवान श्रीकृष्ण के काल में भगवान परशुराम के सुदर्शन चक्र की लीला देखने को मिली।

उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना प्रिय सुदर्शन चक्र भगवान श्रीकृष्ण को दिया था। भगवान परशुराम कौरव-पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के भी गुरु थे। उन्होंने निडर होकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया।




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## नाम परिवर्तन

मैं राम नारायण सिंह मेवाड़ा (RAM NARAYAN SINGH MEWADA) आत्मज जौरावर सिंह मेवाड़ा (JORAVAR SINGH MEWADA) निवासी- रेल्वे कालोनी कालापीपल, शाजापुर, म.प्र. मेरे अंकसूची एवं बैंक आफिशियल रिकार्ड के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राम नारायण सिंह मेवाड़ा अंकित है। जबकि मेरा सही एवं वास्तविकत नाम देवेन्द्र सिंह मेवाड़ा (DEVENDRA SINGH MEWADA) है। जिसे मैं सुधरवाना चाहता हूं। मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं रिकार्ड में सही नाम दर्ज नहीं है इसलिए मैं अपने दस्तावेज एवं सर्विस के रिकार्ड में सही नाम देवेन्द्र सिंह मेवाड़ा दर्ज कराना चाहता हूं। शपथ पत्र क्र - BT 867929

## नाम परिवर्तन

मैं पंजाबराव पवार आर्मी सर्विस नं.4574688N रैंक हवलदार के पद पर ऑफ़ यूनिट 7th बटालियन महार रेजिमेंट हू ,ग्राम भिलाई पोस्ट परमंडल तहसील मुलताई, जिला बैतूल (म,प्र,) के निवासी हैं। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से ममता दर्ज हो गया है ,जो की मेरे पत्नी का सही नाम आधार, पैन कार्ड के अनुसार ममता पवार है। यह मेरे दोनों नाम एक ही व्यक्ति है, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में ममता पवार दर्ज करना है कृपया मेरे सर्विस रिकॉर्ड नंबर 4574688N रैंक हवलदार की है इस नाम से कोई भी आपत्ति आएगी मेरी स्वयं की जवाबदारी रहेगी भविष्य में पंजाबराव पवार पत्नी ममता पवार के नाम से जाना व पहचाना जावे शपथ पत्र क्रमांक CU 919 067 है







## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी ।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।


## शब्द पहेली - 5853



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली -5852 का हल



## सूडोकु नवताल - 5863

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5862 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# सोने और चांदी में गिरावट से अक्षय तृतीय पर जमकर हुई खरीदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ता भारत में बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने और चांदी की खरीदारी में तेजी आई। कीमतें अधिक होने के बावजूद मूल्यवान धातु की खरीद को लेकर आकर्षण बना रहा।

- दिन के पहले पहर में दक्षिण भारत में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही

आभूषण विक्रेताओं के संगठन अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने अनुमान लगाया है कि पिछले साल की तुलना में मूल्य के लिहाज से सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिन के पहले पहर में दक्षिण भारत में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही तथा महाराष्ट्र तथा उत्तरी राज्यों में भी शाम के समय तक इसमें वृद्धि दर्ज की गई।

## पिछले साल की तुलना में बिक्री में 35 फीसदी की वृद्धि दर्ज

### सोने, हीरे तथा चांदी में रुचि बनी रही

पीएनजी ज्वैलर्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने कहा कि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद उपभोक्ता धारणा सकारात्मक बनी रही। सोने, हीरे तथा चांदी के आभूषणों में लगातार रुचि बनी रही। मूल्य के हिसाब हमें 20-25 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है जो बाजार के मजबूत होने का एक अच्छा संकेत है।'

*16,000 करोड़ रुपए का कारोबार : अखिल भारतीय आभूषण एवं स्वर्णकार महासंघ के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने अनुमान लगाया है कि लगभग 12 टन सोना बिकेगा, जिसकी कीमत लगभग 12,000 करोड़ रुपए होगी। करीब 400 टन चांदी बिकेगी, जिसकी कीमत 4,000 करोड़ रुपए होगी। इस प्रकार कुल 16,000 करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है।*



### पिछले साल 20 टन सोना बिका था

रोकड़े ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि सोने की बिक्री पिछले साल के 20 टन के स्तर पर स्थिर रहेगी। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में, सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।' अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना दक्षिण भारत में व्यापक रूप से प्रचलित परंपरा है, जो बढ़ती जागरूकता के साथ धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई है।

### पिछले साल से इस साल सोना 37 फीसदी महंगा

देश के विभिन्न हिस्सों में सोने की कीमतें 99,500 रुपए से 99,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच रही, जो 2024 में अक्षय तृतीया पर 72,300 रुपए से 37.6 प्रतिशत अधिक है। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने बताया कि जो उपभोक्ता ऊंचे दामों पर सोना खरीदने से हिचकिचा रहे थे, वे अब खरीदारी कर रहे हैं क्योंकि कीमतें उच्च स्तर पर जाने के बाद लगभग स्थिर हो गई है।

## खबर संक्षेप

### वेदांता का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 154 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 154.4 प्रतिशत बढ़कर 3,483 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 1,369 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ दो गुना से अधिक



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ दो गुना से अधिक होकर 313 करोड़ रुपये रहा। बैंक को फंसे कर्ज में कमी और मुख्य आय में वृद्धि से मदद मिली है। बैंक का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 139 करोड़ रुपये रहा था।

### बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 24 फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 24 प्रतिशत घटकर 3,214.06 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि सब्सिडी वाले घरेलू रसोई गैस एलपीजी की बिक्री में घाटे और कम रिफाइनिंग मार्जिन के कारण उसका मुनाफा घटा।

### अस्थिर बाजार के कारण एलजी ने आईपीओ टाला



**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाई के प्रस्तावित आईपीओ को टाल दिया है। दक्षिण कोरियाई कारोबारी समूह चैबोल मई के दूसरे सप्ताह में आईपीओ लाने और उसके बाद एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहा था।

### आर्सेलरमित्तल के लाभ में 14 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात विनिर्माता आर्सेलरमित्तल की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 80.5 करोड़ डॉलर पर आ गया। वैश्विक चुनौतियों के बीच कम बिक्री होने से इसका मुनाफा घटा है। भारतीय बाजार में भी अच्छी मौजूदगी रखने वाली आर्सेलरमित्तल ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### फिलिप्स को कारोबार दहाई अंकों में बढ़ने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** नीदरलैंड की कंपनी फिलिप्स को अपने 'प्रमुख बाजार' भारत में अपना कारोबार अल्पावधि से लेकर मध्यावधि में दहाई अंकों में बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह संभावना जताई। फिलिप्स के क्षेत्रीय प्रमुख (निजी स्वास्थ्य) विद्युत कौल ने कहा कि भारत के अगले पांच वर्षों में कंपनी के शीर्ष पांच बाजारों में आने की क्षमता है और उसे दहाई अंकों की वार्षिक वृद्धि से मदद मिलेगी। भारत वर्तमान में फिलिप्स के शीर्ष 10 बाजारों में से एक है।

## आईटीआर फॉर्म एक और चार किए गए अधिसूचित

# आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म किए अधिसूचित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार को अधिसूचित किया है। इसके साथ सूचीबद्ध शेयरों से 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वाले व्यक्तियों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान बनाया गया है।

सरकार ने 80सी, 80जीजी और अन्य धाराओं के तहत दावा की गई कटौती के संबंध में फॉर्म में कुछ बदलाव किए हैं। साथ ही, करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में आईटीआर में खंडवार पूरा विवरण प्रस्तुत करना होगा। एक बार जब आयकर विभाग द्वारा आईटीआर दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी, तो लोग वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं।

### ऑडिट नहीं करवाने वालों के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि

व्यक्तियों तथा जिन लोगों को अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आम तौर पर, आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरी/मार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं।



### सुगम 50 लाख तक की आय वाले कर सकते हैं दाखिल

'सुगम' को ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) और कंपनियों(सीमित देयता भागीदारी के अलावा) द्वारा दाखिल किया जा सकता है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और व्यवसाय से और कोई पेशेवर आय हो। आईटीआर-2 उन व्यक्तियों और एचयूएफ द्वारा दाखिल किया जाता है जिनकी आय, व्यवसाय या पेशेवर लाभ या प्राप्ति से नहीं होती है।

*रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया सरल हुई : यह कदम व्यक्तिगत करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाकर करदाता सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। इस बदलाव से स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा मिलने, दस्तावेज दाखिल करने संबंधित तनाव कम होने और छोटे करदाताओं के लिए प्रणाली को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने की उम्मीद है।"*

### वेतनभोगी को आईटीआर-2 दाखिल करना होता है

नांगिया एंडरसन एलएलपी के कर साझेदार संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि अब तक पूंजीगत लाभ के अंतर्गत आने वाले वेतनभोगी व्यक्तियों को आईटीआर-2 फॉर्म दाखिल करना होता था। भले ही धारा 112ए के तहत निर्धारित सीमा के कारण पूंजीगत लाभ को छूट प्राप्त हो, जिसके परिणामस्वरूप पूंजीगत लाभ की प्राप्ति, प्रतिभूतियों के विवरण आदि सहित विस्तृत जानकारी की आवश्यकताएं होती थीं।

- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वालों के लिए रिटर्न दाखिल आसान बनाया
- सरकार ने 80सी व 80जीजी के दावा कटौती के फार्म में बदलाव किया
- करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में खंडवार विवरण देना होगा

*1.25 लाख तक एलटीसीजी को कर से छूट : आयकर कानून के तहत, सूचीबद्ध शेयर और म्यूचुअल फंड की बिक्री से 1.25 लाख रुपये तक के एलटीसीजी को कर से छूट दी गई है। 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर लगता है।*

### आईटीआर-1 में विदेश यात्रा की जानकारी मांगी गई

पिछले साल के फॉर्म की तरह, आईटीआर-1 में भी व्यक्तियों से यह जानकारी मांगी गई है कि क्या उन्होंने अपने या किसी अन्य व्यक्ति के लिए विदेश यात्रा पर दो लाख रुपये से अधिक का खर्च किया है। इसमें यह भी जानकारी मांगी गई है कि क्या करदाता ने पिछले वर्ष के दौरान बिजली की खपत पर एक लाख रुपये से अधिक खर्च किया है।

### सहज मध्यम करदाताओं के लिए

आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) सरल फॉर्म हैं जो बड़ी संख्या में छोटे तथा मध्यम करदाताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं। 'सहज' को ऐसे व्यक्ति दाखिल कर सकते हैं, जिसकी वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और जो वेतन, एक मकान की संपत्ति, अन्य स्रोतों (ब्याज) तथा कृषि आय से 5,000 रुपये प्रति वर्ष तक की आय प्राप्त करता हो।

# मानसून का पूर्वानुमान कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- इंडिया रेटिंग्स ने बताया, खपत को मिलेगा बढ़ावा
- मानसून के सामान्य से थोड़ा बेहतर रहने का पूर्वानुमान

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बुधवार को कहा कि 2025 में मानसून के सामान्य से थोड़ा बेहतर रहने के मौसम विभाग के पूर्वानुमान से कृषि क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इससे मौद्रिक स्थिति में सहजता के साथ ही भारत को जवाबी शुल्कों के प्रतिकूल प्रभाव का सामना करने में मदद मिलेगी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का पूर्वानुमान है कि पूरे देश में मानसून की बारिश दीर्घावधि औसत (एलपीए) का 105 प्रतिशत रहेगी। इसमें पांच प्रतिशत के घट-बढ़ की गुंजाइश है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि आईएमडी का पूर्वानुमान न केवल किसानों के लिए बल्कि सामान्य रूप से अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छी खबर है। ऐसे में भारत एक और साल लगभग चार प्रतिशत की कृषि वृद्धि दर्ज कर सकता है। रेटिंग एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त के प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, ''यह अर्थव्यवस्था में उपभोग वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है। हमारे पास पहले ही दो अच्छी फसलें हैं - खरीफ 2024 और रबी 2024, और वित्त वर्ष 2025-26 में दो और अच्छी फसलों की उम्मीद के साथ ही मुद्रास्फीति नियंत्रण और मौद्रिक सहजता हासिल करने में मदद मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था जवाबी शुल्क के प्रतिकूल प्रभावों को झेलने में सक्षम होगी।''

### मानसून ने कृषि क्षेत्र का जोखिम कम किया

इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि सिंचाई में वृद्धि, कृषि मूल्य संवर्धन में गैर-फसल का अधिक हिस्सा और रबी सीजन में उच्च खाद्यान्न उत्पादन ने मानसून की अनिश्चितताओं के प्रति कृषि क्षेत्र के जोखिम को कम किया है। मानसून के महीनों में बारिश की स्थिति और भौगोलिक प्रसार पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 46 अंक गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की तेजी के बाद बुधवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली के बीच बाजार लगभग स्थिर रहा। शेयर बाजार बृहस्पतिवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर अवकाश होने के कारण बंद रहेंगे। बाजार में व्याप्त नकारात्मक धारणा को विदेशी पूंजी की आवक जारी रहने से थोड़ा समर्थन मिला और गिरावट पर लगाम लगा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 1.75 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,334.20 पर बंद हुआ।

- बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली रही
- नकारात्मक धारणा के बावजूद विदेशी संस्थाओं ने किया निवेश



*मारुति के शेयर में रही बढ़त : दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। बीएसई पर छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 1.74 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.72 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर अवकाश होने के कारण बंद रहेंगे।*

### इन शेयरों में रही गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि बजाज फाइनेंस में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और एशियन पेंट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।

## सिएट का लाभ 3 फीसदी घटकर 99 करोड़ रुपए...



**नई दिल्ली।** टायर विनिर्माता कंपनी सिएट का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में तीन प्रतिशत घटकर 99 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 102 करोड़ रुपये रहा था। चौथी तिमाही में परिचालन से होने वाली आय बढ़कर 3,421 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,992 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 471 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 635 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में परिचालन आय बढ़कर 13,218 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले 11,943 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 30 रुपये (300 प्रतिशत) का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# चीन के निर्यात ऑर्डर में अप्रैल में आई गिरावट

- चीन के उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क का पड़ा प्रभाव
- अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में भी कमी आई

एजेंसी ▶▶| हांगकांग



चीन से उत्पादों के अमेरिकी आयात पर उच्च शुल्क का असर अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। चीन के लॉजिस्टिक्स एंड परचेजिंग फेडरेशन द्वारा किए गए आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार, अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में कमी आई है।

अमेरिकी प्रशासन ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का आदेश दिया है जिसका असर अब उसके निर्यात पर दिखने लगा है। हालांकि, चीन ने भी इसके जवाब में अमेरिकी वस्तुओं 125 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

*आईएमएफ ने परिदृश्य खराब रहने की बात कही : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएफएफ) ने भी हाल ही में इस और अगले वर्ष अमेरिका तथा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए परिदृश्य काफी खराब रहने की बात कही थी। उसने अनुमान लगाया कि इस वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मात्र 2.8 प्रतिशत रहेगी, जो जनवरी में लगाए गए 3.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।*

# आईपीओ लाने के पहले शेयरधारकों के लिए डीमैट खाता हो अनिवार्य : सेबी

- सेबी ने अनिवार्य करने के लिए रखा प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस्तावेज दाखिल करने से पहले कंपनी के निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और मौजूदा कर्मचारियों सहित चुनिंदा शेयरधारकों के लिए डीमैट रूप में शेयर रखने को अनिवार्य करने का बुधवार को प्रस्ताव रखा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के इस प्रस्ताव को अगर लागू किया जाता है, तो भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से जुड़ी अक्षमताओं और जोखिमों को खत्म करने में मदद मिलेगी। भौतिक शेयरों के साथ चोरी, जालसाजी और हस्तांतरण और निपटान में देरी जैसे जोखिम जुड़े होते हैं। बाजार नियामक ने इस प्रस्ताव पर 20 मई तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा, /"विभिन्न नियामकीय निर्देशों और सुविधा तंत्रों के बावजूद आईपीओ-पूर्व शेयरधारकों, जैसे निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों वरिष्ठ प्रबंधन, विक्रेता शेयरधारकों और यहां तक कि पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के बीच भी भौतिक शेयरों की महत्वपूर्ण मात्रा बनी रहती है।

# सरकार ने गन्ने के लाभकारी मूल्य में की 15 रुपए की वृद्धि

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी 2025-26 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 4.41 प्रतिशत बढ़ाकर 355 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला किया। गन्ना किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। चालू 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का एफआरपी 340 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

## पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव से अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा

# भारतीय एयरलाइंस की लागत 77 करोड़ सप्ताह में बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई/ नई दिल्ली


भारतीय एयरलाइंस को पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच देश के उत्तरी शहरों से संचालित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रति सप्ताह 77 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है। हवाई क्षेत्र पर लगी रोक के कारण विमानन ईंधन की खपत बढ़ने और उड़ान की अवधि लंबी होने के कारण ऐसा होगा।

- हवाई क्षेत्र में रोक के कारण विमान ईंधन का खर्च बढ़ जाएगा

विदेशी उड़ानों की संख्या और उड़ान अवधि बढ़ने के साथ ही अनुमानित खर्चों के बारे में एक विश्लेषण से पता चला कि एयरलाइंस की अतिरिक्त मासिक परिचालन लागत 306 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। पहलगाम आतंकी हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है।

### डेढ़ घंटे का अतिरिक्त समय लग रहा

इस बीच पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय एयरलाइंस को अपने हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से रोक देगा। वैकल्पिक उड़ान मार्ग अपनाने से दिल्ली और उत्तर भारतीय शहरों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 1.5 घंटे तक का अतिरिक्त समय लग रहा है। इसकी वजह से विमानन ईंधन की खपत भी बढ़ गई है।



*800 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें : भारतीय एयरलाइंस उत्तर भारतीय शहरों से उत्तरी अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और पश्चिम एशिया सहित विदेशी गंतव्यों के लिए 800 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती हैं।*

*पश्चिम एशिया की उड़ानों में 45 मिनट अधिक लगेगा : अधिकारी ने बताया कि पश्चिम एशिया की उड़ानों के मामले में अतिरिक्त समय करीब 45 मिनट होगा और इसके चलते लागत करीब पांच लाख रुपये बढ़ जाएगी। विमानन विश्लेषण फर्म सिरियम के मुताबिक, भारतीय विमानन कंपनियां अप्रैल में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए एकतरफा 6,000 से अधिक उड़ानें संचालित करने वाली हैं।*


## कार्यालय भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

जा. क्र- 2867 दिनांक 11.03.2025

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

प्रकरण क्रमांक 0507/बी-121/2023-24 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक्ता है अथवा आवश्यक्ता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। नीति अनुसार धारको को निर्धारित प्रारूप 'ख' में अपनी सहमति प्रस्तुत की गई है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारको से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है
नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा ।

-:: अनुसूची ::-
भूमि का वर्णन

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम का नाम | सर्वे क्रमांक | कुल रकवा हे.में | अर्जित रकवा हे.में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पंचमसिह आ धीरजसिंह | पिपिलया वखतसिंह | 177/1 | 0.104 | 0.030 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण भोपाल संभाग भोपाल | महुआखेडा कलॉ-मेहगवॉ मार्ग में सेमरी नदी पर जलमग्नीय पुल के निर्माण |
| 2 | मूरतसिह आ पंचमसिंह | पिपिलया वखतसिंह | 177/2 | 1.000 | 0.120 | | |
| 3 | सनमालसिह आ परमलाल | पिपिलया वखतसिंह | 180/1/1/1 | 0.202 | 0.015 | | |
| | | | 180/1/4/1 | 0.258 | 0.025 | | |
| | | | 180/1/6/3 | 0.283 | 0.015 | | |
| | | | 180/1/7/2 | 0.142 | 0.050 | | |
| 4 | सचिन आ खिलानसिंह | पिपिलया वखतसिंह | 180/1/1/2 | 0.203 | 0.030 | | |
| | | | 180/1/5/1 | 0.269 | 0.020 | | |
| | | | 180/1/7/1 | 0.141 | 0.030 | | |
| 5 | माधोसिंह आ भाईसाहव | पिपिलया वखतसिंह | 180/1/2/2/1 | 0.554 | 0.020 | | |
| 6 | महेन्द्रसिंह आ भगवानसिंह | पिपिलया वखतसिंह | 180/1/3/1 | 0.146 | 0.015 | | |
| 7 | श्री रफीक आ वावू खॉ | पिपिलया वखतसिंह | 180/1/3/2 | 0.137 | 0.015 | | |
| कुल योग | | | | 3.439 | 0.385 | | |

सक्षम प्राधिकारी (भू-अर्जन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग बेगमगंज जिला-रायसेन

जी- 12208/25

स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# जाति जनगणना बिलकुल सही, सावधानी भी जरूरी

जनगणना किसी भी देश, समाज के विकास की धुरी होती है। जनगणना के आंकड़ों से ही सरकार को अंतिम छोर तक बैठे आम नागरिक, परिवार की सही जानकारी मिलती है। जनगणना के दौरान सिर्फ लोगों की संख्या नहीं गिनी जाती, बल्कि उनके घर-परिवार, धर्म, भाषा, शिक्षा और रोजगार और सुविधाओं के बारे में भी पूछा जाता है, जिससे शासन को पता लगता है कि उसके द्वारा चलाई गई योजनाओं का कितना लाभ आमजन तक पहुंचा है। 2011 में हुई जनगणना में लोगों से कुल 29 सवाल पूछे गए थे, लेकिन इनमें जाति से जुड़ा प्रश्न शामिल नहीं था। इसे लेकर विपक्ष लगातार सवाल भी उठा रहा था। बिहार समेत अनेक राज्य सरकारों ने प्रदेश में जाति जनगणना करवाना भी शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने बकाया इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा कि देश में जल्द से जल्द जाति जनगणना करवाई जानी चाहिए। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने कैबिनेट की बैठक में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6 प्रतिशत थी। ऐसा नहीं है कि देश में जाति जनगणना पहली बार हो रही है। आजादी से पहले जनगणना में सभी लोगों की जाति पूछी जाती थी। 1947 में देश के आजाद होने के बाद जाति संबंधित आंकड़े इकट्ठे न करने का फैसला लिया गया। डर था कि जाति पूछने से जाति व्यवस्था की जड़ें और गहरी होती जाएंगी। हालांकि, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों की गिनती जारी रही। यानी देश में एससी-एसटी वर्ग के लोगों की गिनती तो होती है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य वर्ग के लोगों की गिनती नहीं की जाती। कई सालों से कई राजनीतिक पार्टियां और संगठन जाति जनगणना करवाने की मांग कर रहे थे। डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-2 के शासनकाल में भी जाति आधारित जनगणना की मांग जोर-शोर से उठी थी। सरकार ने 2011 में 'सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना भी करवाई थी, लेकिन इसके आंकड़े जारी ही नहीं किए गए। अब इसकी सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। जाति जनगणना से ही पता लग पाएगा कि देश की किसी समाज ने कितनी उन्नति की गई। जो पिछड़े रह गए हैं, उन्हें भी आगे लाने के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी। जातिगत जनगणना कई अन्य नीतिगत सवालों के लिए भी जरूरी है। क्या एससी/ एसटी/ ओबीसी कोटा के अंदर उप-वर्गीकरण होना चाहिए। क्या कुछ जातियों को ओबीसी कोटा का लाभ नहीं मिलना चाहिए। क्या एससी/ एसटी वर्ग में भी क्रीमीलेयर होनी चाहिए। हां, इसके लिए बहुत सावधानी भी रखनी होगी। साल 1990 में सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिश पर ओबीसी वर्ग को सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। उसके बाद देशभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुए। देश में तनाव के हालात पैदा हो गए। अगर जातिगत जनगणना के बाद आरक्षण बढ़ाने की मांग उठी, तो जाति-वर्गों के आपसी रिश्ते फिर बिगड़ सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर आगे बढ़े और इसका ध्येय सबका साथ सबका विकास ही रहे।



**वेव्स समिट**

मुरारी गुप्ता


# प्रसार भारती लाएगा कंटेंट क्रांति

> भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

भारत में मीडिया और मनोरंजन जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों के कंटेंट देखने के तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। इसी परिवर्तनशील माहौल में अब प्रसार भारती ने भी एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इस मंच पर समाचार, मनोरंजन, शिक्षा, संस्कृति, खेल और बच्चों के लिए सामग्री जैसी विभिन्न श्रेणियों के कार्यक्रम उपलब्ध होंगे। वेव्स ओटीटी का उद्देश्य बड़े निजी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की एकरूपता से अलग हटकर भारतीय भाषाओं, ग्रामीण भारत की कहानियों और पारंपरिक कला को प्रमुखता देना है। इस मंच पर "लोकल टू ग्लोबल" सिद्धांत के तहत देश के हर कोने की आवाज़ को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की योजना है। मुंबई में हो रहा ऐसा पहला बड़ा आयोजन है, जो प्रसार भारती के डिजिटल भविष्य की नींव रख रहा है।

इसका उद्देश्य स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं, लेखकों और कलाकारों को नए शो और प्रोजेक्ट्स में शामिल करना है। इसके अलावा भारतीय भाषाओं के पुनर्जागरण के लिए भी यह महत्वपूर्ण होने वाला है। हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, आदि में भी ओरिजिनल कंटेंट का निर्माण इसके तहत किया जाएगा। तकनीकी नवाचार के अंतर्गत फाइव जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल प्रोडक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग होगा। स्टार्टअप्स के लिए वेव्स ओटीटी पर पार्टनर बनने के अवसर खोले जा रहे हैं। इस सम्मेलन का मकसद भारत की कहानियों को भारत की ही आवाज में वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है। ओटीटी के जरिए कंटेंट की दुनिया में बड़ा बदलाव आएगा। आज अधिकतर बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म एक सीमित और अक्सर पश्चिमी सोच से प्रेरित कंटेंट पर केंद्रित हैं। वेव्स ओटीटी इस एकरसता को तोड़ेगा। इसमें स्थानीय लोककथाओं, भारतीय इतिहास के अनछुए पहलुओं, भारतीय सामाजिक जीवन के विविध रंगों, आदिवासी जीवन की कहानियां, ग्रामीण नायकों के संघर्ष आदि का प्रस्तुतिकरण होगा। उदाहरण के तौर पर एक छोटे गांव की युवा खिलाड़ी की कहानी की बात करनी हो या फिर लुप्त होती लोककला को बचाने का संघर्ष। यह सब वेव्स ओटीटी पर मुख्यधारा में आएगा।

वेव्स ओटीटी के माध्यम से स्वतंत्र क्रिएटर्स को मंच मिलेगा। अब तक स्वतंत्र कलाकारों और निर्देशकों के पास बड़े प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच मुश्किल रही है। वेव्स ओटीटी सीधे स्वतंत्र क्रिएटर्स से प्रोजेक्ट्स आमंत्रित करेगा। उनके लिए ओपन पिचिंग सत्र आयोजित होंगे,




जहां नए लेखक, निर्देशक और निर्माता अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। यूं कह सकते हैं कि इससे बिना किसी गॉडफादर के भी प्रतिभा को पहचान और काम मिलेगा। और सबसे बड़ी बात इससे क्षेत्रीय भाषाओं में बड़ा अवसर मिलने वाला है। भारत की असली कहानी सुननी है तो उसकी क्षेत्रीय भाषाओं को सुनिये। वेव्स ओटीटी इन भाषाओं में कंटेंट तैयार कर न केवल स्थानीय दर्शकों को जोड़ने का काम करेगा, बल्कि विश्वस्तर पर भारतीय भाषाओं की पहचान को मजबूत करेगा। इससे भारतीय भाषाओं की पहुंच दुनियाभर तक होगी और लोग भारतीय भाषाओं को जानने और समझने का प्रयास करेंगे। वेव्स ओटीटी का विजन सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। इसकी रणनीति है भारतीय डायस्पोरा तक पहुंचना। यूएस, यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट में बसे करोड़ों भारतीय मूल के लोग इसके माध्यम से अपनी मिट्टी की कहानियों से जुड़ सकेंगे। दूसरे शब्दों में यह "ब्रांड इंडिया" को सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त करेगा। इसके माध्यम से देशभर में नई प्रतिभाओं को भरपूर मौका मिलने वाला है। वेव्स ओटीटी पर स्क्रिप्ट राइटिंग से लेकर एनीमेशन, वीडियो एडिटिंग, म्यूजिक प्रोडक्शन, वॉयस ओवर, आर्ट डायरेक्शन तक हर क्षेत्र में नए लोगों को काम करने का मौका मिलेगा। आने वाले समय में ओपन कास्टिंग कॉल और क्रिएटिव फेलोशिप प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे, जहां बिना किसी एजेंसी या सिफारिश के भी प्रतिभाशाली लोग सीधे आवेदन कर सकते हैं। आने वाले दिनों में केवल मुंबई या दिल्ली ही नहीं, बल्कि लखनऊ, भोपाल, जयपुर, पटना, कोच्चि जैसे शहरों के छोटे स्टूडियो भी वेव्स ओटीटी के साथ प्रोजेक्ट कर पाएंगे। इससे मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विकेन्द्रीकरण होगा। आने वाले वक्त में वेव्स ओटीटी की शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी होगी। इससे छात्रों को इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत है। प्रसार भारती का वेव्स ओटीटी भारतीय मीडिया इंडस्ट्री में कंटेंट के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक साहसी कदम है। यह मंच भारतीयता को नई तकनीक और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसा डिजिटल भारत रचने वाला है, जहां हर कहानी को आवाज मिलेगी, हर सपने को उड़ान मिलेगी। 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' जैसे पहल के माध्यम से, नए फिल्ममेकर्स, गेम डेवलपर्स, और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

यह न केवल भारत में रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कंटेंट की मांग को भी बढ़ाएगा। इस बदलाव से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय और स्थानीय कहानियों का प्रसार बढ़ेगा, जो सांस्कृतिक विविधता को दर्शाएगा। यह समिट भारतीय सिनेमा, वेब सीरीज, और गेमिंग उद्योग को वैश्विक दर्शकों तक ले जाने में मदद करेगा। साथ ही, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से विदेशी कंटेंट निर्माता भारतीय बाजार की संभावनाओं को समझेंगे, जिससे सह-निर्माण और क्रॉस-बॉर्डर प्रोजेक्ट्स में वृद्धि होगी। 'वेव्स बाजार' जैसे पहल के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों को निवेश और मेंटरशिप मिलने से मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, डिजिटल कंटेंट की बढ़ती मांग से फ्रीलांस क्रिएटर्स, एडिटर्स, और तकनीशियनों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सम्मेलन में इस बात पर चर्चा होगी कि कैसे मीडिया जिम्मेदारी के साथ कंटेंट प्रस्तुत कर सकता है, खासकर संवेदनशील मुद्दों पर। यह बदलाव डिजिटल और पारंपरिक मीडिया को अधिक विश्वसनीय और नैतिक बनाने में मदद करेगा।

(लेखक भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**श्रमिक दिवस विशेष**

योगेश कुमार गोयल



# मेहनतकश हाथों को सलाम

विश्व के किसी भी देश की प्रगति को मापने का सबसे मौलिक और प्रभावशाली पैमाना उस देश के श्रमिक वर्ग की स्थिति होती है। चाहे उद्योग हो, व्यापार, निर्माण क्षेत्र, कृषि या सेवा क्षेत्र, हर स्थान पर श्रमिकों की मेहनत की नींव पर ही आर्थिक संरचना खड़ी होती है। यह वर्ग न केवल निर्माण करता है बल्कि देश की आर्थिक धुरी को गति भी देता है। 21वीं सदी के इस तकनीकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से युक्त युग में भी मानव श्रम की अनदेखी नहीं की जा सकती क्योंकि आज भी कई ऐसे कार्यक्षेत्र हैं, जहां मशीनीकरण के बावजूद मानव हस्तक्षेप अनिवार्य है। अतः श्रमिक दिवस मनाना केवल एक परंपरा नहीं बल्कि समर्पण है, उन करोड़ों श्रमिकों के प्रति, जिनके पसीने से राष्ट्र निर्माण होता है। प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस उसी बलिदान और संघर्ष की स्मृति है, जिसने दुनियाभर में श्रमिकों के अधिकारों को एक दिशा देने का कार्य किया। इसका आरंभ 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में हुए एक ऐतिहासिक हड़ताल से हुआ, जिसमें श्रमिकों ने 8 घंटे की कार्यावधि सुनिश्चित करने की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन किया। यह वह समय था, जब मजदूरों से दिन-रात 12 से 16 घंटे तक कार्य लिया जाता था और कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। जब शिकागो के हेय मार्केट में प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा गोलीबारी की गई और कई मजदूरों की मृत्यु हुई तो यह घटना दुनियाभर में एक चेतना की चिंगारी बन गई। भारत में श्रमिक दिवस पहली बार 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था, जब कामरेड सिंगारवेलू चेट्टियार ने इसका आयोजन किया। यह पहल इस विचार से प्रेरित थी कि जब पूरी दुनिया के मजदूर एकता का प्रतीक दिवस मना रहे हैं तो भारत को इससे अछूता नहीं रहना चाहिए। यही कारण है कि आज यह दिन एक राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्य है । समय के साथ विश्व की आर्थिक व्यवस्थाएं बदली हैं, श्रम कानूनों में अनेक सुधार हुए हैं, तकनीक ने कुछ कार्यों को सुगम बनाया है लेकिन आज भी करोड़ों श्रमिक न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण से वंचित हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्वभर में लगभग 200 करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं, जिनमें से 61 प्रतिशत श्रमिकों को किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त नहीं है। भारत में ही करीब 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में आता है, जो बिना किसी स्थायी अनुबंध, स्वास्थ्य बीमा, पीएफ या पेंशन योजना के कार्य करता है। हालांकि सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे 'ई-श्रम पोर्टल', 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना', 'प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना' लेकिन इनके क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर खामियां देखी जा सकती हैं। उदाहरण के लिए, मार्च 2024 तक ई-श्रम पोर्टल पर 29 करोड़ से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका था लेकिन इनमें से मात्र 13 प्रतिशत को ही किसी न किसी सरकारी योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिला। महिला श्रमिकों की स्थिति और भी दयनीय है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, घरेलू कामगारों, खेतिहर मजदूरों और ईंट भट्टों में काम करने वाली महिलाओं को यौन शोषण, वेतन भेदभाव और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्रमिक दिवस का वास्तविक उद्देश्य वर्षभर श्रमिकों के लिए सम्मानजनक जीवन, उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, सामाजिक सुरक्षा और न्यायपूर्ण नीतियों की दिशा में प्रयास करने की चेतावनी है। यह दिन हमें सोचने को विवश करता है कि जब हम ऊंची-ऊंची इमारतों, चमकते मॉल, चौड़ी सड़कों और विकसित शहरों की बात करते हैं तो उन सबके पीछे किसका श्रम छिपा है? आज भी हमें यह विचार करना पड़ता है कि करोड़ों मजदूर क्यों न्यूनतम वेतन से वंचित हैं, क्यों उनके घरों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है और क्यों उनका श्रम केवल शोषण बनकर रह गया है। जब हम एक निर्माण स्थल पर मजदूर को देखते हैं तो उसमें केवल एक श्रमिक नहीं बल्कि देश निर्माता देखना होगा। जब हम किसी घरेलू सहायिका को देखते हैं तो उसमें सेवा नहीं, आत्मसम्मान की भावना देखनी होगी। जब हम किसी खेत में काम कर रहे किसान को देखते हैं तो उसमें केवल एक ग्रामीण नहीं बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का प्रहरी देखना होगा। यदि हमें अपने राष्ट्र को वास्तव में मजबूत बनाना है तो अपने श्रमिकों को मजबूत बनाना होगा, उनके श्रम को सम्मान देना होगा, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देनी होगी और उन्हें वह अधिकार देने होंगे, जिनके वे सच्चे अधिकारी हैं। केवल तभी यह दिन अपने वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति कर पाएगा और सच्चे अर्थों में श्रमिकों को सम्मान दिला पाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह




संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
**प्रेरणा**

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए ।

## सटाका




## आज की पाती

### हमें कमजोर समझने की भूल न करे पाकिस्तान

हाल ही में पहलगाम में मानवता को शर्मसार करने वाला आतंकी हमला निर्दोष और निहत्थे लोगों पर हुआ, उसके लिए पाकिस्तान माफ करने योग्य बिल्कुल नहीं है। अगर पाकिस्तान का इस हमले में हाथ नहीं होता और वह हमारे देश के प्रति जरा भी हमदर्दी रखता तो वह पहलगाम में हुए नरसंहार पर दुख जताता और आतंकवाद के विरुद्ध वैसी ही आवाज उठाता जैसे दुनिया के दूसरे देश हमारे साथ दुख की घड़ी में साथ खड़े दिख रहे हैं। लेकिन नहीं, अपने यहां पाली आतंकवाद की फसल को पाकिस्तान खुद कैसे बर्बाद कर सकता है? पाकिस्तान हिंसा पर विश्वास रखता है, जबकि हमारा देश जानता है कि युद्ध या हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान हमें कमजोर समझने की भूल कर रहा है। *-विष्णु साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर


### रूस ने चीन को एस-400 वायु रक्षा मिसाइल दी



रूस ने चीन को अत्याधुनिक एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की है जिसमें 'आश्चर्यजनक बातें' हैं। लेकिन चीन अब भी कुछ बातों को लेकर परेशान है। रूसी 'एस-400 ट्रायम्फ'' वायु रक्षा प्रणाली को अपनी श्रेणी में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों के तौर पर प्रतिष्ठा प्राप्त है। उसे उनकी अच्छी विशेषताओं और विभिन्न प्रकार के हवाई लक्ष्यों को रोकने की क्षमता के लिए जाना जाता है। चीन ने 2014 में कई 'एस-400 ट्रायम्फ' खरीदने के लिए रूस के साथ अरबों डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। कई वर्षों बाद, उस सौदे के बारे में रोचक विवरण सामने आए। इस सौदे ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया और इसे चीनी-रूसी सैन्य सहयोग का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना गया। इसे चीन द्वारा अपनी राष्ट्रीय वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी माना गया। हालांकि, चीनी इंटरनेट सेवा सोहू के विश्लेषकों ने कहा है कि चीन को दिए गए एस-400 सिस्टम का आज शायद ही कहीं कोई उल्लेख है। इसके अलावा, वे शायद ही कभी चीनी सेना की सार्वजनिक रिपोर्टों में दिखाई देते हैं, और उनकी तैनाती और उपयोग के बारे में वस्तुतः कोई खबर नहीं है।

## ऑफ बीट


### गर्मियों में घर के पिछले हिस्से को ऐसे ठंडा बनाएं



गर्मियों में ठंडक का एहसास पाने के लिए बगीचे की डिजाइन और रखरखाव को लेकर हम जो फैसले लेते हैं, मिसाल के तौर पर लॉन में प्राकृतिक घास लगानी है या 'आर्टिफिशियल टर्फ' बिछाना है, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आर्टिफिशियल टर्फ' कृत्रिम रेशों से बनी उस सतह को कहते हैं, जो प्राकृतिक घास की सतह की तरह नजर आती है। इसे आम तौर पर खेल के मैदानों और आवासीय लॉन में बिछाया जाता है। गर्मी के दिनों में 'आर्टिफिशियल टर्फ'' धूप की गर्मी को अवशोषित कर लेता है, जिससे इसकी सतह काफी गर्म हो जाती है और इसके संपर्क में आने वाले लोगों की त्वचा जल सकती है। वहीं, प्राकृतिक घास वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से खुद को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में सक्षम है। ऐसे में बाग के लिए प्राकृतिक घास का चयन ज्यादा बेहतर विकल्प है। इसके अलावा, आप घर के पिछले हिस्से में मौजूद बागीचे में नियमित रूप से पानी का छिड़काव करके और घनी छांव देने वाले पेड़ लगाकर भी उसे ठंडा रख सकते हैं। आवासीय लॉन या बालकनी में 'आर्टिफिशियल टर्फ' का इस्तेमाल इसलिए बढ़ रहा है, क्योंकि यह न केवल सस्ता होता है, बल्कि इसका रखरखाव भी आसान होता है।

## ट्रेंड

### मेरी गहरी संवेदना



कोलकाता की एक इमारत में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत की दुखद खबर बहुत परेशान करने वाली और दर्दनाक है। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'

**-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**


### अद्भुत अनुभव



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित 'रन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन' के लिए मैराथन में छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा! युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### भाजपा की मनमानी



राजस्थान की भाजपा सरकार मनमाने तरीके से पंचायती राज एवं नगरीय निकायों का पुनर्गठन कर रही है। मैं ऐसा पहली बार देख रहा हूं कि सारे नियम-कानून तोड़े जा रहे हैं।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### केंद्र सरकार झुकी




राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना की माँग सबसे पहले उठायी थी और अंततः भाजपा की केंद्र सरकार को राहुल गांधी की माँग के आगे झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना पर सहमत होना पड़ा।

**-कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# धरती के बैकुंठ बद्रीनाथ धाम के अलौकिक दर्शन और अनसुलझे रहस्य...देते हैं आत्मिक आनंद



आशा सोनी

गढ़वाल क्षेत्र में श्रीनगर और रुद्रप्रयाग के बीच अलकनन्दा नदी के तट पर धारी देवी का मंदिर है। 2013 में केदारनाथ में आई भीषण आपदा को धारी देवी की मूर्ति के स्थान परिवर्तन से जोड़कर देखा जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धरती के बैकुंठ बद्रीनाथ धाम और चार धाम की यात्रा-दर्शन और कपाट खुलने-बंद होने की प्रक्रिया का साक्षी बनना तो सबसे बड़ा सौभाग्य है। यह आत्मिक आनंद बस महसूस करने की बात है। शब्दों में व्यक्त कर पाना किसी के बस में नहीं। इस देवभूमि में आने के बाद यही लगता है कि भगवान नारायण के इस पवित्र धाम में और पहले क्यों नहीं आए। हिमालय की गोद और अलकनंदा (गंगा) नदी के उद्गम पर बसे बद्रीनाथ धाम के चारों तरफ जो नेचुरल खूबसूरती बिखरी पड़ी है उसे देखने के बाद हर कोई यहां दुबारा आने का संकल्प लेकर ही अपने घर लौटता है।बद्रीनाथ मंदिर से जुड़े अबूझ रहस्यों को जानना-सुनना किसी रोमांच से कम नहीं। मंदिर में शालिग्राम शिला से निर्मित ध्यानावस्था में बैठे भगवान बद्रीनाथ की मूर्ति भी अपने आप में बड़ा अजूबा है। यही वह स्वयंभू मूर्ति है जिसे आदि शंकराचार्य ने 1300 साल पहले अलकनंदा नदी के भंवर में से निकालकर मंदिर में स्थापित कराया। तभी से उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ तीर्थ हिंदुओं के चार प्रमुख धामों में से एक बना हुआ है। बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को समारोहपूर्वक खुलेंगे। मंदिर खुलने के समय भगवान बद्रीनाथ के चलित विग्रह को जोशी मठ नृसिंह मंदिर से यहां लाया जाएगा। मंदिर के कपाट बंद होते समय हम साक्षी बने। ऐसा माना जाता है कि कपाट बंद रहने के दौरान छह महीने भगवान का पूजन देवताओं के प्रतिनिधि देवर्षि नारद करते हैं।

अद्भुत है अखंड ज्योति... छह महीने देवता करते हैं भगवान का पूजन

अलकनंदा के भंवर में से आदि शंकर ने निकाली थी बद्रीनाथ की प्रतिमा...

**यात्रा वृतांत**



देवप्रयाग में अलकनंदा और भागीरथी नदी का संगम होता है। इस संगम के बाद दोनों नदियों की संयुक्त धारा गंगा नदी के रूप में जानी जाती है।

### अखंड ज्योति और मोक्ष का रहस्य

बद्रीनाथ में चारों तरफ बर्फ के पहाड़ और मंदिर में कुदरती तप्त कुंड का गर्म पानी किसी आश्चर्य से कम नहीं। गर्भगृह में मौजूद अखंड ज्योति अपने आप में बड़ा आश्चर्य है। कपाट बंद होने के समय अखंड ज्योति जलती छोड़ते हैं 6 महीने बाद भी इस ज्योति का ज्यों का त्यों जलते हुए मिलना बड़ा आश्चर्य है। सैकड़ो वर्षों से यह कौतुक बना हुआ है।

### ऐसे बना प्रबल योग

बद्रीनाथ जाने की साध तो वर्षों से थी, लेकिन अचानक थोड़ी सी चर्चा के बाद ऐसा प्रबल योग बना कि सब तैयारी हो गई। जबकि इस धार्मिक ट्रिप और तीर्थाटन की मोटीवेटर रही हमारी ममता और मधु भाभी का देवभूमि आना ऐनवक्त पर टल गया। लेकिन हमें जाना था बद्रीनाथ दोनों पहाड़ियों के बीच रोप-वे की सैर रोमांचकारी रही। रात को फिर हर की पौड़ी जा पहुंचे। जहां पर देव-दिवाली का दर्शन अद्भुत रहा। इस चिंता के साथ सोए कि सुबह 5 बजे हर की पौड़ी पर गंगाजी की आरती देखेंगे।

### संग-संग चले गंगा की धारा

रास्ते भर पहाड़ों में ऊंचे पेड़ों गहरी खतरनाक खाइयों के बीच बहती गंगाजी भी दिखती रहीं। एक-दो जगह भूस्खलन से जाम में भी फंसे रहे। पहाड़ी चट्टानों को गिरते देखना बड़ा ही डरावना था। एक जगह तो हमारी गाड़ी को दुर्घटनाग्रस्त होने से भगवान ने ही बचाया।

### जोशीमठ में भगवान नरसिंह का खजाना

जोशी मठ जा पहुंचे, यहां भगवान नरसिंह और माता महालक्ष्मी का बड़ा ही सिद्ध मंदिर है। मंदिर में नोटों का ढेर देख हम आश्चर्यचकित भी थे। संयोग से यहां चढ़ावे की दान पेटी भी खोली गईं थीं।

### किसी अजूबे से कम नहीं फूलों की घाटी

हनुमान चट्टी-जोशी मठ से फूलों की घाटी का रास्ता भी दिखने लगा। फूलों की यह घाटी किसी अजूबे से कम नहीं। यूनेस्को ने इसे वर्ल्ड हेरिटेज घोषित किया है।

### वृद्ध बद्रीनाथ और धारी देवी

वृद्ध बद्रीनाथ के मंदिर भी गए और गंगा की धार में स्थापित माता धारी देवी के दर्शन भी किए। डैम बनने से माता का मंदिर डूब में आ गया था। उसी स्थान पर 65 मीटर की ऊंचाई पर नया बनाया गया है। जून 2013 में केदारनाथ जल प्रलय से हुई तबाही का अब भी अहसास कराते हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### प्रदीप सेवा सम्मान समारोह आज, स्मारिका का भी होगा विमोचन

**भोपाल।** सेवा भारती के मध्य भारत प्रान्त के पूर्व सचिव और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्य क्षेत्र के सेवा प्रमुख स्व. भालचन्द्र विष्णु (प्रदीप) खांडेकर की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर प्रदीप सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार 1 मई को सायं 6.30 बजे राजधानी के हर्षवर्धन नगर स्थित प्रज्ञादीप भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्व. खांडेकर के विराट व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा भी की जाएगी। अध्यक्षता प्रान्त संघ चालक मध्यभारत प्रांत अशोक पांडेय करेंगे वहीं सह क्षेत्र कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्यक्षेत्र हेमन्त मुक्तिबोध मुख्य वक्ता के तौर पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। समन्वय स्मिता शर्मा करेंगी। इस मौके पर स्व. भालचन्द्र विष्णु प्रदीप खांडेकर पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया जायेगा। गौरतलब है कि प्रदीप सेवा सम्मान से इंदौर की संस्था निराश्रित सेवाश्रम एवं रक्तमित्र इंडिया फाउन्डेशन को सम्मानित किया जायेगा, संस्था की ओर यह सम्मान यश पाराशर ग्रहण करेंगे।

- सायं 6 .30 बजे प्रज्ञादीप भवन में आयोजित किया जाएगा यह कार्यक्रम

### वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट आज से मुंबई में

**भोपाल।** वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) आज गुरुवार 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर (जेडब्ल्यूसीसी) में होगा। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक संवाद के लिए यह एक प्रमुख मंच है। सत्रों और प्रदर्शनों के साथ-साथ वेव्स में सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम भी शामिल हैं। चार दिनी इस भव्य आयोजन में दर्शक एक अनुठी यात्रा का अनुभव करेंगे, जो शास्त्रीय उत्कृष्टता से लेकर समकालीन प्रयोगों तक, कालातीत परंपराओं से लेकर अत्याधुनिक प्रस्तुतियों तक फैली होगी। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकार मुंबई के प्रमुख स्थलों पर प्रस्तुति देंगे। एमएम कीरवानी के नेतृत्व में एक भव्य ऑर्केस्ट्रा, जिसमें श्रेया घोषाल, शंकर महादेवन और अन्य शामिल हैं, 'वेव्स ऑफ इंडिया' एल्बम का शुभारंभ प्रस्तुत करेगा।

---

*शहीद भवन में मां दुर्गा के विराट स्वरूप पर आधारित 'आदिशक्ति' की प्रस्तुति*

# भरतनाट्यम और कथक के सम्मिलित रूप में देखने को मिला मां दुर्गा का विराट स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'आदिशक्ति- विजय की कथा' एक भव्य नृत्य नाटिका है जो मां दुर्गा और मां काली के महिमामय पराक्रम को जीवंत करती है। सृष्टि में जब अधर्म और आतंक बढ़ने लगता है, तब महिषासुर, ब्रह्मा के वरदान से, अमरत्व का अभिमान लेकर देवताओं और मानवता पर अत्याचार करता है। देवगण भयभीत होकर त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु और महेश के पास पहुंचते हैं और देवताओं की सम्मिलित ऊर्जा से मां दुर्गा का प्राकट्य होता है। ऐसी ही मां दुर्गा के विराट स्वरुप पर आधारित नृत्य नाटिका 'आदिशक्ति' को प्रस्तुत किया शहीद भवन सभागार में। जिसमें भरतनाट्यम और कथक का सम्मिलत रुप देखने को मिला। नृत्य निर्देशन किया रागेश्री बेलसरे एवं स्नेहा खरे ने।





### मां दुर्गा अपने विविध आयुधों से करती हैं महिषासुर वध

नृत्य नाटिका में दिखाया कि महिषासुर वधः मां दुर्गा अपने विविध आयुधों से महिषासुर के भीषण स्वरूपों से युद्ध करती हैं। जिसमें महिषासुर कभी सिंह, कभी भैंसे, तो कभी योद्धा के रूप में प्रकट होता है। अंततः महिषासुर मां के त्रिशूल से मारा जाता है। इस दृश्य को नृत्य के माध्यम से वीरता और नारी शक्ति के प्रतीक रूप में प्रस्तुत किया गया।

### रक्तबीज के आतंक का अंत करने लिया मां काली का रुप

इसके बाद महिषासुर के सेनापति रक्तबीज का आतंक बढ़ता है। जब वह घायल होता है, उसकी रक्त की बूंदें भूमि पर गिरकर असंख्य रक्तबीज उत्पन्न करती हैं। यकाली का प्राकट्य और रक्तबीज वधः मां दुर्गा स्वयं के भीतर से विकराल रूप, मां काली को प्रकट करती हैं। मां काली युद्धभूमि में नृत्य करते हुए रक्तबीज का रक्त पीती हैं। ताकि उसकी एक भी बूंद भूमि पर न गिरे। अंततः रक्तबीज का संहार होता है।

---



# हिंदी के 50 वर्षों की स्मृति में लोगो निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा हिंदी के 50 स्वर्णिम वर्षों की स्मृति में समस्त सांस्कृतिक संस्थानों में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में मानव संग्रहालय में राजभाषा विभाग द्वारा एक विशेष लोगो निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे संग्रहालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषा की विकास यात्रा, उसके सूचना प्रौद्योगिकी में बढ़ते प्रयोग और विजन 2047 के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए रचनात्मक प्रतीक (लोगो) की रचना करना था। प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक क्षमता से सुंदर और सार्थक लोगो तैयार किए, जिनका डिजिटलीकरण कर कल अनुभाग द्वारा मंत्रालय को भेजा जाएगा।

### मानव संग्रहालय में आयोजित हुई रचनात्मक लोगो निर्माण प्रतियोगिता

### सर्वश्रेष्ठ लोगो का मंत्रालय स्तर पर किया जाएगा प्रदर्शन

संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे बताया कि भारत सरकार के समस्त संस्थानों के लोगो में से सर्वश्रेष्ठ लोगो का चयन कर उसे मंत्रालय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा, और विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राजभाषा के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी एक वर्ष में और भी कई महत्वपूर्ण आयोजन मानव संग्रहालय में किए जाएंगे।

---

*एलिमेंट्स ऑफ डांस स्पेस के बारे में दी जानकारी*

# प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर दो दिनी कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक प्रतिभागियों नें भाग लिया। पहले दिन एलिमेंटस आफ डांस स्पेस विषय पर (डांस स्पेस )के प्रमुख तत्वों में नर्तकियों के बीच दिशा, स्तर, आकार, मार्ग और संबंध में बताया गया। डॉ. मंजु मणि हतवलने ने बताया कि इन तत्वों का उपयोग मूवमेंट बनाने और एक नृत्य के समग्र डिजाइन को आकार देने के लिए किया जाता है। दिशा से तात्पर्य है कि नर्तक कहां से आ रहे हैं या आगे बढ़ रहे हैं, जबकि स्तर मूवमेंट की ऊंचाई (उच्च, मध्यम, निम्न) को संदर्भित करता है। आकार स्पेस को निर्धारित करता है और रास्ते वे मार्ग हैं जो नर्तक स्पेस के माध्यम से लेते हैं। साथ ही स्थानक, मंडल और चारी के विषय में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। रतनाट्यम की विरासत प्राचीन जड़ों, कलात्मक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की एक टेपेस्ट्री है।



### मंदिर के अनुष्ठानों से विकसित हुआ भरतनाट्यम

भदूसरे दिन भरतनाट्यम के विषय में बताया गया की यह तमिलनाडु में उत्पन्न होने वाला शास्त्रीय भारतीय नृत्य रूप, मंदिर के अनुष्ठानों से एक वैश्विक नृत्य तक कैसे विकसित हुआ है, जो अपनी स्थायी अपील और पीढ़ियों को जोड़ने की क्षमता का प्रदर्शन करता है। इसकी विरासत और इसके आध्यात्मिक संबंध, विरासत के संरक्षण, सामाजिक टिप्पणी और वैश्विक आउटरीच की विशेषता के विषय में विस्तार से बताया गया ।

---

# फोटोग्राफी प्रतियोगिता की वन्यजीव श्रेणी में आदित्य गोविंद चौरसिया को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर में आयोजित स्वर्णिम फोटोग्राफी प्रतियोगिता की वन्यजीव श्रेणी में आदित्य गोविंद चौरसिया ने प्रथम स्थान हासिल किया है। आदित्य प्रदेश के प्रसिद्ध छाया चित्रकार गोविंद चौरसिया के बेटे हैं, जिन्होंने फोटोग्राफी में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए तथा वर्षों तक इनके फोटोग्राफ्स शासकीय कैलेंडर में आते रहे। सेज यूनिवर्सिटी द्वारा भोपाल में स्वर्णिम फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता की और फोटो प्रदर्शनी में अपने छाया चित्र प्रदर्शित किए। आदित्य ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वन्यजीव श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेज यूनिवर्सिटी की पत्रकारिता विभाग की हेड डॉ. स्वाति शर्मा द्वारा विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।





---

*विचारों की शक्ति को समर्पित रहा कार्यक्रम*

# डॉ. वंदना गुप्ता की कृति विचार शक्ति का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विचारों की शक्ति को समर्पित पुस्तक विचार शक्ति का लोकार्पण समारोह बुधवार को विदिशा में द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 323जी2 की तीसरी कैबिनेट मीटिंग के अवसर पर हुआ। इस दौरान विदिशा की सुप्रसिद्ध हिन्दी विदुषी और पास्ट मल्टिपल डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी. शशी बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. नम्रता फुसकेले (सागर), डॉ. अभया जैन तथा पूनम जायसवाल (टीकमगढ़) की उपस्थित रही। पुस्तक में लेखिका डॉ. वंदना गुप्ता ने विचारों की अनन्त शक्ति को आधार बनाकर आत्म-चिंतन, आत्म-विश्लेषण और आत्म-सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने संक्षिप्त किंतु गहन विचार प्रस्तुत किए हैं। यह पुस्तक बताती है कि जीवन की सच्ची समृद्धि केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उत्कृष्ट विचारों और मानसिक स्वच्छता से होती है।

---

**20वीं राज्य स्तरीय अबेकस एवं मेंटल अर्थमेटिक प्रतियोगिता सम्पन्न**

# यूसीमॉस स्टेट लेवल कॉम्पटीशन में कृष्णा, विवान और याशिका खापरे विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यूसीमास की 20वीं राज्य स्तरीय अबेकस एवं मेंटल अर्थमेटिक प्रतियोगिता 2025 में विजयी हुए भोपाल के विद्यार्थियों-कृष्णा गुप्ता, विवान गुप्ता और याशिका खापरे-का विराट पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जैसे ही पुरस्कार वितरण शुरू हुआ, तालियों की गूंज से पूरा सभागार गूंज उठा। इस भव्य आयोजन में यूसीमास मध्यप्रदेश के डायरेक्टर नीरज गोयल मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यूसीमास मध्यप्रदेश की स्टेट मॉडरेटर अमृता गोयल ने किया।



### कुल 3 चैंपियन, 8 फर्स्ट रनरअप



इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को उम्र के आधार पर तीन समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक समूह में मॉड्यूल चैंपियन, चैंपियन, फर्स्ट रनरअप, सेकंड रनरअप, थर्ड रनरअप, फोर्थ रनरअप, फिफ्थ रनरअप, मेरिट और कोनसोलेशन श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में कुल 3 चैंपियन, 8 फर्स्ट रनरअप, 6 सेकंड रनर अप, 7 थर्ड रनर अप, 8 फोर्थ रनर अप, 12 फिफ्थ रनर अप घोषित किए गए। इसके अतिरिक्त 150 विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कार और 385 विद्यार्थियों को कॉन्सोलेशन पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कुल 44 विद्यार्थियों को उनके ग्रुप और वर्ग के आधार पर विनर्स घोषित किया गया।

# चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले, तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए देवभूमि तैयार,सीएम धामी ने कहा रहेगी कड़ी निगरानी



एजेंसी ▶▶ देहरादून

गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से चारधाम यात्रा 2025 शुरू हो गई, 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे और 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे, इसके लिए मंदिरों को सजाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तराखंडवासियों के लिए बुधवार का दिन किसी महोत्सव से कम नहीं है, आज से चारधाम यात्रा की शुरुआत हो गई जिसका इन्तजार उन्हें पूरे साल रहता है, अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलते ही यात्रा शुरू हो गई, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के बाद गंगोत्री धाम पहुंचकर माँ गंगा के दर्शन किए और उनकी पूजा अर्चना की, उन्होंने कहा तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए देवभूमि तैयार है।

**2** को केदारनाथ और **4** मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे



**कपाट खुलते ही गूंजे जयकारे**

विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। श्रद्धालु छह माह तक गंगोत्री धाम पहुंचकर माँ गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। कपाट खुलते ही पूरा गंगोत्री धाम परिसर माँ गंगे के जयकारों से गूंज उठा।

***श्रद्धालु छह माह तक गंगोत्री धाम पहुंचकर माँ गंगा के दर्शन करेंगे***

### सीएम धामी ने पहली पूजा पीएम मोदी के नाम से की



गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद दर्शनों के लिए पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशेष पूजा अर्चना की उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की, कपाट खुलने के पल को उत्सव के रूप में मनाया जाता है इसके लिए गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की फूलों से सजाया गया, पहाड़ों पर खासी चहल-पहल है। जिसके कारण यात्रा रूट के होटल व अन्य व्यवसायियों के चेहरे खिले हुए हैं। उत्तरकाशी व बड़कोट से लेकर गंगोत्री-यमुनोत्री धाम तक गंगा-यमुना की जय-जयकार गूंज रही है।

### ये रहा शुभ मुहूर्त

गंगोत्री धाम के कपाट शुभ मुहूर्त 10:30 बजे खोले जाने के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट शुभ मुहूर्त के अनुसार 11:55 बजे खोले गए , बता दें केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को शुभ मुहूर्त में सुबह 7 बजे खोले जायेंगे और बद्रीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त में 4 मई को सुबह 6 बजे खोले जायेंगे, कपाट खुलने के बाद यात्री चारधामों के दर्शन कर सकेंगे।

### देवभूमि श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार

गंगोत्री धाम पर कपाट खुलने के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा यात्रा का शुभारंभ हो गया है मैं सभी का स्वागत करता हूँ, उन्होंने कहा जैसे पूरे देशवासियों को इस यात्रा का इंतजार रहता है वैसे ही उत्तराखंड की पवित्र देवभूमि को भी श्रद्धालुओं का इन्तजार रहता है। उन्होंने कहा यात्रा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, यात्रा सुरक्षित हो, सुगम रहे, बिना किसी परेशानी के हो, ये हमारा प्रयास है।

## खबर संक्षेप

### जजों के खिलाफ जांच पर सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के उस आदेश पर जुलाई में सुनवाई करने का फैसला किया है, जिसमें हाई कोर्ट के मौजूदा जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस. ओका की विशेष पीठ ने कहा कि मामले को किसी और

### आय से अधिक संपत्ति मामले में 'सुप्रीम' रोक



**नई दिल्ली।** केरल सीएम पी विजयन के पूर्व मुख्य सचिव केएम अब्राहम के खिलाफ अब सीबीआई जांच नहीं होगी। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य प्रधान सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जांच शुरू करने के सीबीआई को निर्देश देने वाले केरल हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी।

### दो लाख में बेच रहे थे 10 लाख रुपए, पकड़े गए



**जोधपुर।** यहां असली दो लाख रुपए में दस लाख रुपए की गड्डी बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफास किया है। पुलिस ने मंडोर कृषि उपज मंडी में कार्रवाई की। नकली नोटों के साथ नागौर के रहने वाले दो बदमाशों को हिरासत में लिया है। डीसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग की एक्टिवटी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी।

### छह करोड़ से अधिक की मेथाम गोली हुई जब्त



**आइजोल।** पुलिस ने मादक पदार्थ से संबंधित बड़ी कार्रवाई में 6.17 करोड़ मूल्य की मेथाम फेटामाइन गोली जब्त की हैं और इस में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के बयान के अनुसार, जब्त की गई नशे की गोलियां म्यांमा से तस्करी कर लाई गई थीं।

## केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना के फैसले के बाद बोले विपक्षी दल

# विपक्ष के 'हाथ से फिसला' जातिगत गणना का मुद्दा, बोले- हेडलाइन मैनेजमेंट तो नहीं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के विरोधी दल लंबे समय से केंद्र की मोदी सरकार को जातिगत आधारित जनगणना कराने को लेकर घेरने का प्रयास कर रहे थे। केंद्र ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लेकर एक झटके में विपक्ष का यह मुद्दा खत्म कर दिया। अब तमाम विपक्षी नेता अलग अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कांग्रेस जाति जनगणना को लेकर काफी मुखर थी। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों ने सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है, और पूछा है कि कहीं ये हेडलाइन मैनेजमेंट तो नहीं है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का कहना है कि सरकार तो राहुल गांधी पर समाज को जातियों में बांटने का आरोप लगा रही थी, तो क्या सरकार अब समाज को जातियों में बांटेगी? उन्होंने कहा कि जो आजतक राहुल गांधी पर जातियों में बांटने का आरोप लगा रहे थे, अब वे ही इसे सरकार का मास्टरस्ट्रोक बताएंगे। केंद्र के फैसले पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव की भी प्रतिक्रिया आई है। उनका कहना है, हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले सोचते हैं, उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते हैं। जातिगत जनगणना की मांग करने पर हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला है। अभी बहुत कुछ बाकी है।

लालू प्रसाद यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में बड़ा ही संतुलित जवाब देने की कोशिश की है। उन्होंने जातिगत गणना के फैसले पर कहा कि हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, के अलावा धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले से सोचते रहे हैं, उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते हैं।

### विपक्ष में मची हलचल, बना रहे नई रणनीति

**कांग्रेस की मांग को भाजपा ने बताया ढोंग**

फिर भी विपक्ष घेरने की कोशिश कर रहा है एनडीए में दिखा उत्साह





### जदयू ने फैसले का किया स्वागत

जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने जाति जनगणना के सरकार के फैसले पर कहा कि एनडीए की केंद्र की सरकार ने देश में जातीय जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। निश्चित रूप से यह स्वागत योग्य कदम है। आप सभी जानते हैं कि हमारे नेता नीतीश कुमार ने या हमारी पार्टी में लंबे समय से इस मांग को विभिन्न प्लेटफार्म पर उठाया है। चाहे वह विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाना हो, सर्वदलीय सहमति बनानी हो, केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री तक अपनी बात पहुंचनी हो।

### फैसले पर किसने क्या कहा

- चिराग पासवान- देशहित में अहम फैसला लिया गया है। यह फैसला समावेशी विकास के लिए लिया गया है।
- लालू यादव- हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला है।
- केशव मौर्य- कांग्रेस के मुंह पर करारा तमाचा है। कांग्रेस केवल कहती है मोदी सरकार करती है। कांग्रेस पार्टी केवल ढोंग कर रही थी।
- तेजस्वी यादव- यह फैसला हमारी जीत है। हमारी बात सरकार को माननी पड़ी।
- कांग्रेस नेता उदित राज- यह कांग्रेस की जीत है। आखिरकार मोदी सरकार को जाति जनगणना करानी पड़ रही है।
- केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय- जाति जनगणना का फैसला दर्शाता है कि सरकार देश और समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### इसलिए महत्वपूर्ण है जातिगत गणना

जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है। विपक्षी कांग्रेस समेत तमाम सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे थे, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके।

### पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुई थी

भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।

## गन्ना किसानों के लिए खुशखबरी

# केंद्र ने गन्ने का दाम 355 रुपए प्रति क्विंटल किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के करोड़ों गन्ना किसानों के लिए राहत भरी खबर है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आगामी चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह दर 10.25% रिकवरी दर पर लागू होगी और किसानों को उनकी मेहनत का उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करेगी। इस फैसले से देशभर के लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों, उनके आश्रितों और चीनी उद्योग से जुड़े करीब 5 लाख श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह दर 10.25% की बेसिक रिकवरी रेट पर लागू होगी और हर 0.1% रिकवरी बढ़ने पर 3.46 रुपए प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि मिलेगी। वहीं, रिकवरी रेट घटने पर एफआरपी में प्रति 0.1% पर 3.46 रुपए की कटौती की जाएगी।

### भुगतान भी समय पर होगा

हालांकि, सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी फैसला लिया है कि जिन चीनी मिलों की रिकवरी 9.5% से कम है, वहां कोई कटौती नहीं की जाएगी और ऐसे किसानों को न्यूनतम 329.05 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं 2025-26 सीजन के लिए गन्ने का उत्पादन लागत 173 रुपए प्रति क्विंटल आंका गया है। इसके मुकाबले 355 रुपये प्रति क्विंटल की एफआरपी 105.2% अधिक है, जिससे किसानों को दोगुने से भी अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है। यह दर वर्तमान चीनी सीजन 2024-25 की तुलना में 4.41% अधिक है।

### 1 अक्टूबर से शुरु होगा सीजन

यह एफआरपी 1 अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाले चीनी सीजन में लागू होगी और इसके तहत चीनी मिलें किसानों से गन्ना इसी दर पर खरीदेंगी। यह फैसला देशभर के लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों, उनके परिवारों और चीनी मिलों में काम करने वाले लगभग 5 लाख कर्मचारियों को लाभ पहुंचाएगा। इसके अलावा खेत मजदूरों और परिवहन जैसे सहायक क्षेत्रों में लगे लोगों की आजीविका पर भी इसका सकारात्मक असर होगा। एफआरपी तय करने में कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिशों और राज्य सरकारों तथा अन्य हितधारकों से परामर्श को ध्यान में रखा गया।

## कोलकाता के होटल में आग लगी

# 15 की मौत, 22 को बचाया, पीएम ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में मंगलवार रात एक होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत और 13 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। 22 लोगों को बचाया गया। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, 12 पुरूष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है। पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया- आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8:15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है।

## वेव्स सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

# पीएम मोदी आज से महाराष्ट्र केरल और आंध्र प्रदेश दौरे पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 और 2 मई को महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 1 मई को मुंबई जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वे केरल जाएंगे और 2 मई को सुबह करीब 10:30 बजे विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम मोदी इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी आंध्र प्रदेश जाएंगे और दोपहर करीब 3:30 बजे अमरावती में 58,000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में भारत के अपनी तरह के पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 'वेव्स 2025' का उद्घाटन करेंगे।

## *हनुमानगढ़ी में 288 साल पुरानी परंपरा बदली*

# गद्दीनशीन महंत पहली बार बाहर निकले रामलला के दर्शन की इच्छा जताई थी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन ने 288 साल पुरानी परंपरा बदल दी। पहली बार गद्दीनशीन महंत हनुमानगढ़ी से बाहर निकले। महंत प्रेमदास 8 साल से गद्दीनशीन हैं। इस अवधि में वह कभी भी बाहर नहीं आए। प्रेमदास ने रामलला के दर्शन की इच्छा जताई थी। कहा था- मेरे सपने में हनुमान जी आए थे। उन्होंने रामलला के दर्शन करने का आदेश दिया था। इसके बाद उन्होंने अखाड़े के सभी सदस्यों की 21 अप्रैल को बैठक बुलाई। इस बैठक में परंपरा बदलने के फैसले पर मुहर लगी।



### सौ साल से पुराना है हनुमान संविधान

संकट मोचन सेना के अध्यक्ष महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी संजय दास ने बताया- 288 साल (1737) से यह परंपरा है। ऐसा इसलिए है कि गद्दीनशीन सिर्फ हनुमान जी की सेवा करें। हनुमानगढ़ी का संविधान 1925 में लिखा गया, जो परंपराएं शुरू से चली आ रही थीं।

### 1980 के दशक में कोर्ट ही हनुमानगढ़ी में लगी

संजय दास ने बताया- हनुमानगढ़ी का संविधान इतना सख्त हैं कि गद्दीनशीन को स्थानीय अदालतों में भी पेश होने से रोक दिया जाता था। वह कोर्ट में भी नहीं जा सकते थे, बल्कि 1980 के दशक में कोर्ट ही हनुमानगढ़ी में लगी थी। वहीं जज बैठे थे।

## *घुसपैठियों के घरों को ध्वस्त करने का अभियान*

# सवा लाख वर्ग मीटर जमीन कब्जे से मुक्त कराएगी सरकार: गृह राज्य मंत्री

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नगर निगम और शहर की पुलिस ने मंगलवार को इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। कुछ दिनों पहले ही जल निकाय के आसपास बनी बस्तियों से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया गया था। ध्वस्तीकरण अभियान की निगरानी कर रहे गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों ने शहर के दानी लिमडा क्षेत्र में झील के आसपास 1.25 लाख वर्ग मीटर भूमि पर अवैध बस्ती बना ली है।

### 2 हजार मकान किए है चिन्हित



उन्होंने कहा कि हम अतिक्रमण हटाएंगे और सरकारी जमीन का एक-एक इंच हिस्सा वापस लेंगे। प्रशासन और पुलिस मानवीय दृष्टिकोण के साथ अभियान चला रहे हैं। लगभग 1.25 लाख वर्ग मीटर भूमि पर अवैध बांग्लादेशियों ने अतिक्रमण कर लिया है। पुलिस आयुक्त जीएस मलिक और नगर निगम आयुक्त बंछानिधि पाणि से ध्वस्तीकरण अभियान की जानकारी ली। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, 26 अप्रैल को चंदोला झील क्षेत्र में छापा मारा और लालू पठान उर्फ लल्लू बिहारी की मदद से क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 150 से अधिक बांग्लादेशी को हिरासत में लिया। उप नगर आयुक्त बी सी परमार ने बताया कि अवैध रूप से निर्मित लगभग 2,000 मकान, झोपड़ियां और अन्य संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए चिन्हित किया गया है।

## पंजाब ने भाखड़ा नहर से हरियाणा को मिलने वाले पानी में की कटौती

# पंजाब और हरियाणा के बीच पानी पर मची रार, जल-बंटवारे समझौते पर गहराया विवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को लेकर विवाद गहरा गया है। हरियाणा ने आरोप लगाया है कि पंजाब जल आवंटन समझौते का उल्लंघन कर हमें कम पानी दे रहा है। जबकि पंजाब का कहना है कि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दिया जा चुका है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ कहा कि हमारी भी जरूरत है, धान लगाने के लिए किसानों को पानी चाहिए। मान ने कहा कि हरियाणा को हम अतिरिक्त पानी कैसे दें।

हरियाणा की रोज़ाना की जल आपूर्ति को 8,500 क्यूसेक से घटाकर 4,000 क्यूसेक करने के बाद भाखड़ा नहर से पानी के आवंटन को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच रार मच गयी है।

### हरियाणा की मांग और पंजाब का रुख कड़ा



हरियाणा ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के जरिए पंजाब से 8500 क्यूसेक पानी की मांग की है। जवाब में पंजाब सरकार ने साफ कर दिया कि वह पहले ही मानवीय आधार पर 4000 क्यूसेक पानी दे रही है, जबकि हरियाणा ने अपने कोटे से 103 प्रतिशत पानी का उपयोग कर लिया है। दूसरी ओर, पंजाब को केवल 89 प्रतिशत पानी मिला, जो सभी राज्यों में सबसे कम हिस्सेदारी है। सांसद कंग ने कहा कि पंजाब के बांधों में जलस्तर सामान्य से नीचे है, और खरीफ सीजन के लिए पानी की भारी जरूरत है।

**केंद्र और बीजेपी पर साजिश का आरोप**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सांसद कंग ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर बीबीएमबी के जरिए पंजाब की नुमाइंदगी खत्म करने और हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। मान ने कहा कि पंजाब का जल लेखा-जोखा 21 मई से शुरू होने वाली एक साल की अवधि से चल रहा है और हरियाणा के आवंटन का पूरा उपयोग किया गया है।

### हरियाणा भाखड़ा नहर से तय हिस्से का हकदार

हरियाणा-पंजाब जल विवाद की जड़ें 1966 में पंजाब के पुनर्गठन से जुड़ी हैं, जब हरियाणा को एक अलग राज्य बनाया गया था। नदी के पानी का आवंटन, विशेष रूप से सतलुज और व्यास नदियों से, उस समय से विवादास्पद हो गया।

### हुड्डा और सैलजा ने की आलोचना

कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा तथा इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) नेता अभय सिंह चौटाला ने भी सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर जैसे संबंधित मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के बावजूद हरियाणा का हिस्सा सुरक्षित करने में विफल रहने के लिए दोनों राज्यों की भाजपा सरकारों की आलोचना की है।

टैरिफ वार के बीच यूएस से अच्छे संकेत

# ट्रंप बोले- भारत के साथ व्यापार वार्ता बहुत अच्छी तरह चल रही

## भारत पर जो 26% टैरिफ लगाया था, उस पर फिलहाल 90 दिनों की रोक

एजेंसी:वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ व्यापार वार्ता बहुत अच्छी चल रही है और जल्द ही दोनों देशों के बीच एक बड़ा व्यापार समझौता हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर जो 26% टैरिफ लगाया था, उस पर फिलहाल 90 दिनों की रोक लगाई गई है ताकि बातचीत का रास्ता खुला रहे। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है हम भारत के साथ समझौता कर लेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यहां कुछ हफ्ते पहले आए थे और वे भी इस दिशा में इच्छुक हैं।

अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि समझौता तैयार हो चुका है और अब सिर्फ भारत की मंजूरी का इंतजार है। वहीं इस मामले में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता लगभग पूरा होने वाला है। भारत के साथ बातचीत अच्छी चल रही है और अन्य देशों की तुलना में भारत से समझौता करना आसान है क्योंकि यहां टैरिफ (शुल्क) साफ-साफ और स्पष्ट हैं।

**खास बातें**

- समझौता तैयार, सिर्फ भारत की मंजूरी का इंतजार
- भारत से समझौता करना आसान यहां टैरिफ साफ-साफ व स्पष्ट



### भारत ने भी प्रक्रिया को 'सकारात्मक प्रगति' बताया

*इस समझौते के तहत दोनों देशों का लक्ष्य- नई नौकरियों का सृजन, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाना और श्रमिकों की समृद्धि सुनिश्चित करना है। भारत सरकार ने भी इस प्रक्रिया को 'सकारात्मक प्रगति' बताया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों ने 23 से 25 अप्रैल के बीच वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इससे पहले मार्च 2025 में भी नई दिल्ली में भी द्विपक्षीय चर्चा हुई थी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस पिछले हफ्ते भारत दौरे पर थे और उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों देशों के बीच 'द्विपक्षीय व्यापार समझौता' पर अच्छी प्रगति हुई।*

### 24 व्यापार क्षेत्रों में से 19 पर बातचीत जारी

ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत अमेरिका को फॉरवर्ड मोस्ट फेवर्ड नेशन क्लॉज की पेशकश कर सकता है, जिससे अमेरिका को हमेशा सबसे अनुकूल टैरिफ शर्तें मिलेंगी। यह क्लॉज भारत ने अब तक बहुत कम देशों को दिया है। इसमें भारत ने कृषि क्षेत्र में कई रियायतें देने की बात कही है, जैसे मांस, मछली, फल और जूस जैसे उत्पादों पर शुल्क 30-100% से घटाकर 5% करना। भारत लगभग 12,000 टैरिफ लाइनों में से 90% पर तुरंत रियायत देने को तैयार है। बाकी पर रियायतें धीरे-धीरे दी जाएंगी। इसके बदले भारत अमेरिका से कपड़ा, खिलौने, चमड़े के उत्पाद, गहने और ऑटो पार्ट्स जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए बेहतर टैरिफ शर्तें मांग रहा है। दोनों देशों के बीच 24 व्यापार क्षेत्रों में से 19 पर बातचीत तेजी से हो रही है।

### विदेशी छात्रों की कानूनी मान्यता खत्म करेगा ट्रंप प्रशासन

ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों की कानूनी मान्यता को समाप्त करने का ऐलान किया है। कानूनी मान्यता रद्द करने के विरोध में अदालत पहुंचे छात्र अक्षर पटेल के मामले में अदालत में सरकार ने अपनी नई नीति की जानकारी दी। अक्षर पटेल टेक्सास में सूचना प्रणाली का अध्ययन करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं। निर्वासन बचने के लिए उन्होंने प्रारंभिक अदालती फैसले की मांग की थी। कोर्ट में अधिकारियों ने कहा कि सरकार नई नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कानूनी स्थिति को बहाल कर रही है। नीति में छात्रों की कानूनी स्थिति को रद्द करने के कई कारण बताए गए हैं। इसमें उनके वीजा को रद्द करना भी शामिल है। होमलैंड सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने छात्र वीजा धारकों के नामों की जांच राष्ट्रीय अपराध सूचना केंद्र से की है। यह एफबीआई का डाटाबेस है जिसमें अपराधों से संबंधित तमाम जानकारी हैं। इसमें संदिग्धों, लापता व्यक्तियों और गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम शामिल हैं, भले ही उन पर कभी कोई अपराध का आरोप न लगाया गया हो या उन पर से आरोप हटा दिए गए हों।

#### जज बोले- रिकॉर्ड की समीक्षा नहीं की

*कोर्ट में सुनवाई के दौरान अमेरिकी जिला न्यायाधीश एना रेयेस ने कहा कि डाटाबेस सर्च में कुल मिलाकर लगभग 6,400 छात्रों की पहचान की गई। इसमें एक स्प्रेडशीट में 734 छात्रों के नाम हैं। यह स्प्रेडशीट होमलैंड सिक्योरिटी अधिकारियों को भेजी गई थी। इस पर होमलैंड सिक्योरिटी अधिकारियों ने छात्रों का कानूनी दर्जा समाप्त करने के निर्देश दिए। जज रेयेस ने कहा कि किसी ने भी व्यक्तिगत रूप से रिकॉर्ड की समीक्षा नहीं की है ताकि पता लगाया जा सके कि छात्रों के नाम एनसीआईसी में क्यों आए? अगर कोई सचेत होता तो यह सब टाला जा सकता था। सरकार ने इस देश में आने वाले व्यक्तियों के प्रति चिंता की कमी दिखाई है। रेयेस ने दोनों पक्षों के वकीलों से कहा कि वे समझौता कर लें, ताकि पटेल अमेरिका में रह सकें।*

**खबर संक्षेप**

### विजय दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे पीएम

**मॉस्को।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपना रूस दौरा स्थगित कर दिया है। पीएम 9 मई को मॉस्को में होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे। पीएम मोदी को विजय दिवस परेड के लिए रूस ने आमंत्रित किया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को बताया कि पीएम मोदी अगले महीने मॉस्को में आयोजित होने वाले विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल नहीं होंगे। 9 मई के कार्यक्रम में पीएम मोदी की जगह भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।



### गिरफ्तारी को गैरकानूनी बता कोर्ट पहुंचा चोकसी

**ब्रसेल्स।** पीएनबी घोटाले में मुख्यारोपी व भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अब उसकी गिरफ्तारी को बेल्जियम की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी है। उसका दावा है कि अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तारी में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के साथ उसके मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन किया। अदालत ने मेहुल की याचिका पर सुनवाई फिलहाल टाल दी है। मेहुल ने वकील विजय अग्रवाल की तैयार नई याचिका को बेल्जियम के वकीलों की टीम के जरिये अदालत में पेश किया।



## पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की कार्रवाई से खौफ में पाकिस्तान

**पाक बोला- भारत एकतरफा सिंधु जल संधि को निलंबित नहीं कर सकता**

# सिंधु का जल नहीं मिलने पर 24 करोड़ लोगों के जीवन को 'दांव' पर लगाया

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। हमले के जवाब में भारत ने कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। जिससे पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। पाकिस्तान में इस बात को लेकर डर है कि भारत सैन्य अभियान भी चला सकता है। आंतकियों के पनाहगार देश पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों और सेना के दबाव में भारत की ओर से सिंधु का जल नहीं मिलने पर 24 करोड़ लोगों के जीवन को दांव पर लगा दिया है।

अपनी करतूत को छुपाने के लिए पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में ऐसा ही बयान दिया है, जो उनकी बौखलाहट को साफ दिखाता है। सीनेट सत्र को संबोधित करते हुए डार ने कहा कि हो सकता है कि भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को खत्म करने के लिए पहलगाम नाटक किया है।

उन्होंने कहा कि भारत एकतरफा आईडब्ल्यूटी को निलंबित नहीं कर सकता है। अगर भारत पानी में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है, तो हम इसे युद्ध की कार्रवाई मानेंगे क्योंकि यह 24 करोड़ लोगों के जीवन का मामला है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पहलगाम की घटना में पाकिस्तान की कोई संलिप्तता नहीं थी।

> *पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि भारत एकतरफा आईडब्ल्यूटी को निलंबित नहीं कर सकता है। अगर भारत पानी में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है, तो हम इसे युद्ध की कार्रवाई मानेंगे क्योंकि यह 24 करोड़ लोगों के जीवन का मामला है।*

**पहलगाम की घटना में हमारा हाथ नहीं, स्वतंत्र आयोग से जांच के लिए तैयार**



### भारत हमला करने वाला है: तरार

पाकिस्तान के संघीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पाकिस्तान के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है कि भारत पहलगाम घटना में संलिप्तता के निराधार और मनगढ़ंत आरोपों के बहाने अगले 24-36 घंटों में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने का इरादा बना लिया है। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में कहीं भी इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में इसकी हमेशा निंदा की है। एक जिम्मेदार देश होने के नाते, पाकिस्तान ने विशेषज्ञों के एक तटस्थ आयोग द्वारा एक विश्वसनीय, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की पेशकश की, जिसका दिल से स्वागत किया गया।



**बेशर्म पाकिस्तान! अब कबूला**

### टीआरएफ को हमने बचाया यूएनएससी से हटवाया नाम

*इशाक डार ने पाकिस्तानी संसद में इस बात को बेशर्मी के साथ कुबूल किया है कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव से पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटवाया था। संसद में बोलते हुए इशाक डार ने कहा कि यूएनएससी की ओर से पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जुड़ा एक निंदा प्रस्ताव आया था और उसमे सिर्फ पहलगाम का जिक्र था, जम्मू-कश्मीर का नहीं। इस पर पाकिस्तान की ओर से आपत्ति जताई गई। बता दें, टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक आतंकी संगठन है जिसने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं, वॉशिंगटन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमेरिका 'कश्मीर की स्थिति के बारे में' भारत और पाकिस्तान दोनों से संपर्क कर रहा है और उनसे तनाव नहीं बढ़ाने का अनुरोध कर रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो जल्द ही पाकिस्तान और भारत के विदेश मंत्रियों से बात करेंगे।*

#### पीआईए ने कई उड़ानें रद्द कीं

*पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) ने सुरक्षा कारणों से बुधवार को गिलगित, स्कार्दू सहित पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अन्य उत्तरी क्षेत्रों से आने-जाने वाली सभी वाणिज्यिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। पाक ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी तेज कर दी है। पाक अधिकारियों ने सभी हवाई अड्डों को उच्च निगरानी पर रखा है और सुरक्षा और निगरानी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जा रहा है।*

**यूएन के समक्ष गिड़गिड़ाए पीएम शरीफ**



पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्वभर के देशों से मिल रहे लगातार समर्थन से पाकिस्तान अंदर से डरा हुआ है। इस डर और घबराहट के बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के समक्ष गुहार लगाई है। पीएम शरीफ ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। मैंने आतंकवाद के सभी रूपों की पाकिस्तान की निंदा की पुष्टि की, निराधार भारतीय आरोपों को खारिज किया।

मार्क कार्नी बने रहेंगे कनाडा के पीएम

## 65 में से 22 भारतवंशी संसद पहुंचे, अब तक की बड़ी संख्या

एजेंसी ▶▶ ओटावा

पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने कनाडा में हुए संघीय चुनाव में जबर्दस्त जीत हासिल की है। लिबरल पार्टी ने संसद में सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीटें हासिल कर ली है। इस चुनाव में पंजाबियों ने बड़ी संख्या में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। इस बार 22 पंजाबी उम्मीदवार कनाडा की संसद में पहुंचे हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इस बार रिकॉर्ड 65 पंजाबी उम्मीदवार मैदान में थे। मात्र डेढ़ माह के शासन में पीएम मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों के खिलाफ देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाई और अपनी लिबरल पार्टी को चुनाव जिता दिया।



इससे पहले पार्टी नेता जस्टिन ट्रूडो के विरुद्ध जनमानस ने पार्टी को हराने के संकेत जनमत संग्रह में दिए थे। लिबरल लगातार चौथी बार जीते हैं। विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे डेढ़ माह पहले तक जनमत संग्रह में आगे थे, लेकिन चुनाव नतीजों के बाद उन्होंने हार स्वीकार ली है। वह अपनी ही सीट नहीं बचा पाए।

### सुख धालीवाल छठी बार सांसद बने

बीसी से सुख धालीवाल लगातार छठी बार सांसद बने हैं। ब्रैम्पटन सेंटर से लिबरल उम्मीदवार अमनदीप सोही ने तरण चहल को हराया। लिबरल उम्मीदवार मनिंदर सिद्धू ने ब्रैम्पटन ईस्ट से कंजर्वेटिव उम्मीदवार बॉब दोसांझ को हराया। लिबरल रूबी सहोता ने ब्रैम्पटन नॉर्थ से कंजर्वेटिव अमनदीप जज को हराया। कंजर्वेटिव उम्मीदवार सुखदीप कंग ने ब्रैम्पटन साउथ से लिबरल उम्मीदवार सोनिया सिद्धू को हराया। कंजर्वेटिव उम्मीदवार अमरजीत गिल ने ब्रैम्पटन वेस्ट से मौजूदा मंत्री कमल खेड़ा को हराया। लिबरल पार्टी के रणदीप सराय सरे से चौथी बार संसद बने हैं। धालीवाल छठी बार सांसद बने।



### लिबरल्स को 169 सीटें मिलीं

कनाडा आम चुनाव में मतदान के बाद मतगणना एजेंसी इलेक्शन कनाडा ने सभी मतपत्रों की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसमें मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी बहुमत से केवल तीन सीटें पीछे रह गई है। अब उन्हें कानून पारित करने के लिए किसी अन्य छोटी पार्टी से मदद लेनी होगी। अभी यह तय नहीं है कि लिबरल पार्टी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो को समर्थन देने वाली एनडीपी से समर्थन लेगी या फिर फ्रेंच भाषी क्यूबेक की अलगाववादी पार्टी का साथ लेगी। संसद की 343 सीटों में से लिबरल्स को 169 सीटें, विपक्षी कंजर्वेटिव्स को 144 सीटें जीतने का अनुमान था। जबकि अलगाववादी ब्लॉक क्यूबेकॉइस पार्टी को 22 सीटें, प्रगतिशील न्यू डेमोक्रेट्स को 7 और ग्रीन्स को एक सीट मिलने की उम्मीद थी।

ब्रिटेन में बोले मंत्री पीयूष गोयल

## द्विपक्षीय व्यापारिक साझेदारी में ठोस नतीजों की उम्मीद




एजेंसी ▶▶ लंदन

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को लंदन के लैंकेस्टर हाउस में आयोजित संयुक्त व्यापारिक स्वागत समारोह में भाग लेकर ब्रिटेन की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी की।

इस कार्यक्रम में गोयल के साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के अलावा दोनों देशों के वरिष्ठ व्यापारिक नेता भी शामिल हुए। पीयूष गोयल ने कहा कि वे भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक साझेदारी में 'ठोस नतीजों' की उम्मीद कर रहे हैं। इसके बाद डाउनिंग स्ट्रीट में मंत्री गोयल की ब्रिटेन के व्यापार मंत्री रेनॉल्ड्स और चांसलर रेचेल रीव्स के साथ बंद कमरे में बैठकें हुईं। इस दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुख्य रूप से चर्चा की गई।

### गोलमेज बैठक को संबोधित किया

इससे पहले, उद्योग मंत्री गोयल ने भारत-ब्रिटेन व्यापार गोलमेज बैठक को संबोधित किया। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख कारोबारी और कंपनियों के सीईओ मौजूद थे। गोलमेज बैठक में गोयल ने भारत में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निवेश अवसरों और बेहतर दोतरफा साझेदारी के साथ नवाचार आधारित विकास की संभावनाओं के बारे में चर्चा की। गोयल ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने और निवेश के अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई। गोयल का यह बयान सोमवार को ब्रिटेन के साथ सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं के साथ उनकी बातचीत के बाद आया है।

### भारत के फिनटेक तंत्र में अपार संभावनाएं

गोयल ने रिवोल्ट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में वैश्विक रुझानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए डी बीयर्स समूह के सीईओ कुक के साथ चर्चा की। गिल्बर्ट के साथ मुलाकात पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, भारत के फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र में अपार अवसरों, नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कारोबारियों के साथ साझेदारी के महत्व पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने कुक के साथ भारत में हीरा उद्योग के अवसरों और विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

भारतीय टेक उद्यमी ने उठाया बड़ा कदम

## आत्महत्या से पहले पति ने पत्नी और बेटे को उतारा मौत के घाट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के वॉशिंगटन के न्यूकैसल में बीते 24 अप्रैल को एक भारतीय टेक उद्यमी ने अपनी पत्नी और बच्चे को गोलीमार कर खुद आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान हर्षवर्धन एस किक्केरी (57), उनकी पत्नी श्वेता पन्याम (44) और उनके 14 वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। दंपति का एक बेटा बच गया, क्योंकि वह घटना के समय घर पर नहीं था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किक्केरी की ओर से उठाए गए इस प्रकार के आपराधिक कदम के पीछे की वजह क्या थी।



### रोबोटिक्स कंपनी होलोवर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ थे

बता दें, हर्षवर्धन एस किक्केरी मैसूर में मुख्यालय वाली रोबोटिक्स कंपनी होलोवर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ थे। उनकी पत्नी कंपनी की सह-संस्थापक थीं। किक्केरी और उनकी पत्नी ने 2017 में भारत लौटकर होलोवर्ल्ड की सह-स्थापना की, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण कंपनी 2022 में बंद हो गई और वे अमेरिका लौट आए।

बांग्लादेश उच्च न्यायालय का फैसला

## चिन्मय कृष्ण दास को जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के आरोप में करीब पांच महीने से जेल में बंद हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय के एक अधिकारी ने कहा कि दो न्यायाधीशों की पीठ ने अपने पहले के फैसले को बरकरार रखते हुए अधिकारियों से सवाल किया कि उन्हें (दास को) जमानत क्यों नहीं दी जानी चाहिए।



### 25 नवंबर से जेल में थे

बांग्लादेश के बंदरगाह शहर चटगांव की कोतवाली पुलिस ने 31 अक्टूबर को दास और 18 अन्य पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया था। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के पूर्व नेता दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था।

सीजफायर का उल्लंघन कर रहा पाकिस्तान

## भारत ने दी चेतावनी, हॉटलाइन पर महानिदेशकों की हुई बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच हॉटलाइन पर बातचीत हुई। जिसमें भारत की तरफ से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष को चेतावनी भरे लहजे में बीते करीब सप्ताह भर से अधिक समय से बिना किसी उकसावे के पाक सेना द्वारा भारतीय सेनाओं की चौकियों पर की जा रही गोलीबारी को लेकर सख्त नाराजगी जताई। एलओसी पर गोलीबारी वाले इलाकों में नौशेरा, सुंदरबनी, कुपवाड़ा, बारामूला और अखनूर शामिल हैं।



### पाक सेना ने 15 बार तोड़ा संघर्षविराम

हमले के बाद से लेकर बीते 29-30 अप्रैल की मध्यरात्रि तक पाक सेना ने बिना किसी उकसावे के एलओसी पर कुल करीब 15 बार संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन कर भारतीय सेना की चौकियों की तरफ गोलीबारी की है। इसमें राइफल, पिस्टल, कार्बाइन, एलएमजी जैसे छोटे हथियारों का प्रयोग किया गया है। पाक की नापाक फायरिंग का भारत की सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

## देरी से पहुंचे लोगों को नहीं मिली बॉर्डर पार जाने की अनुमति

786 पाकिस्तानी नागरिक लौटे

# भारत-पाक अटारी बॉर्डर पूरी तरह से बंद

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की तरफ से लिए गए फैसले के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच बना अटारी बॉर्डर पूरी तरह से बंद हो गया है। मंगलवार (29 अप्रैल) शाम 5 बजे के बाद कोई पाकिस्तानी नागरिक इस बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान नहीं गया और अगले आदेश तक न जा सकेगा।

भारत से कुल कितने पाकिस्तानी अटारी के रास्ते वापस रवाना हुए हैं, इसका आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। लेकिन जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल से 29 तक लगभग 786 पाकिस्तानी वापस गए हैं।

### 23 अप्रैल को वीजा समाप्ति की घोषणा की थी पहले 27 अप्रैल और फिर 29 अप्रैल तक दी छूट



**पाक लौटने वाले पाक नागरिकों का विवरण**

- 24 अप्रैल: 28
- 25 अप्रैल: 191
- 26 अप्रैल: 81
- 27 अप्रैल: 237
- 28 अप्रैल: 145
- 29 अप्रैल: 104

#### दो बार सरकार ने दी छूट

बता दें, भारत सरकार ने 24 अप्रैल को 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दे दिया था। इसके बाद यह सुविधा 27 अप्रैल तक बढ़ाई थी जिसके बाद भारत सरकार ने इसमें दूसरी बार बदलाव करते हुए 29 अप्रैल तक की छूट पाक नागरिकों को दी।

**भारत में रुकने वालों के खिलाफ कार्रवाई**

केंद्र सरकार ने कहा है कि जो पाकिस्तानी तय समयसीमा में भारत नहीं छोड़ता है, तो उसे गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। ऐसे नागरिकों को 3 साल जेल या 3 लाख जुर्माना या फिर दोनों का सामना करना पड़ सकता है। 4 अप्रैल 2025 से लागू 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025' के मुताबिक वीजा की शर्तों का उल्लंघन या तय अवधि से ज्यादा भारत में रुकने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारत सरकार ने पहले लांग टर्म वीजा वाले हिंदुओं को देश में रुकने की इजाजत दी थी। बाद में सभी लांग टर्म वीजा धारकों को इसका लाभ दिया गया। लेकिन जो पाकिस्तान अपने रिश्तेदारों को मिलने गए थे, उन्हें वापस आने की अनुमति नहीं थी। भारत सरकार ने एलटीवी और नो ऑबलिगेशन टू रिटर्न टू इंडिया (नोरी) सर्टिफिकेट धारकों को भारत में प्रवेश की अनुमति दी।

फिटनेस फंडा / सावी ठाकुर

## फिटनेस के लिए डेली टाइम निकालना जरूरी है



सन नियो चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का रोल निभा रहे एक्टर सावी ठाकुर बहुत फिट दिखते हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए सावी क्या कुछ करते हैं, डिटेल में यहां बता रहे हैं, अपनी जुबानी।

अभिनेता सावी ठाकुर ने हाल ही में अपने फिटनेस रुटीन और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर कई खास बातें साझा कीं। वे कहते हैं, 'फिटनेस को इतना कठिन बनाना जरूरी नहीं है, बस हर दिन खुद के लिए समय निकलना मायने रखता है। बिजी शूटिंग शेड्यूल के बावजूद मैं अपनी हेल्थ और फिटनेस को प्रियोरिटी मानता हूं। इसीलिए वर्क और हेल्थ के बीच बैलेंस बनाकर चलने में विश्वास रखता हूं।' आगे वह अपने फिटनेस रूटीन के बारे में डिटेल में बताते हैं।

**करनी होती है प्रॉपर प्लानिंग:** मैं वर्कआउट को जिंदगी का जरूरी हिस्सा मानता हूं। यही वजह है कि एक्टिंग की व्यस्तता और फिटनेस के बीच तालमेल बिठाने के लिए मुझे प्लानिंग की जरूरत होती है। मैं वर्कआउट को एक जरूरी अपॉइंटमेंट की तरह मानता हूं और उसे अपने डेली कैलेंडर में शामिल करता हूं, ताकि नियमितता बनी रहे। मेरे वर्कआउट प्लान, फ्लेक्सिबल होते हैं, जिन्हें हर दिन के हिसाब से बदला जा सकता है। बहुत व्यस्त दिनों में मैं छोटे, लेकिन असरदार हाई इंटेंसिटी वाले वर्कआउट्स करता हूं या ऐसे बॉडीवेट एक्सरसाइज चुनता हूं, जो कहीं भी किए जा सकते हैं।



**लेता हूं बैलेंस्ड डाइट:** मेरी अच्छी हेल्थ और फिटनेस का बेस बैलेंस्ड डाइट है। मैं ऐसे कंप्लीट और न्यूट्रिएंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देता हूं, जो मुझे दिनभर ऊर्जा देते हैं और रिकवरी में मदद करते हैं। बैलेंस्ड डाइट न सिर्फ मेरे शरीर को बल्कि दिमाग को भी चुस्त बनाए रखता है, जो इस इंडस्ट्री के मल्टी डायमेंशनल वर्क के लिए बेहद जरूरी है।

**मेंटल हेल्थ के लिए:** मेरा मानना है कि रेग्युलर वर्कआउट करने से मेरी मेंटल हेल्थ भी अच्छी रहती है। डेली वर्कआउट मुझे तनाव से दूर रखता है, मूड बेहतर करता है और ध्यान केंद्रित रखने में मदद करता है। जब हालात चुनौतीपूर्ण होते हैं, तो पसीने में बहते एंडॉर्फिन केमिकल, मुझे पॉजिटिव बनाए रखते हैं। मैं मानता हूं कि इस इंडस्ट्री में एक अट्रैक्टिव लुक का दबाव जरूर होता है, लेकिन मैं बाहरी अपेक्षाओं की बजाय अपनी ओवरऑल हेल्थ और स्ट्रेंथ को प्राथमिकता देता हूं। मैं अपने लिए खुद के फिटनेस गोल सेट करता हूं और उसी पर ध्यान केंद्रित करता हूं।

**इनका भी रखता हूं ध्यान:** फिटनेस को मेंटेन करने के लिए प्रॉपर डाइट और रेग्युलर एक्सरसाइज के अलावा रूटीन लाइफस्टाइल में भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है। जैसे-मैं लिफ्ट की जगह सीढ़ियां लेना, पानी खूब पीना और नींद पूरी करना जैसे छोटे लेकिन असरदार काम रोजाना करता हूं। इन आदतों को दिनचर्या में शामिल कर मैं काम में बिना किसी समझौते के अपनी हेल्थ और फिटनेस को बनाए रखता हूं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

डॉक्टर एडवाइस



डॉ. रवि डोसी
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

स्पेशल: वर्ल्ड अस्थमा डे, 6 मई

आंकड़ों के मुताबिक 34.3 मिलियन से अधिक लोग देश में दमा यानी अस्थमा से ग्रस्त हैं। जबकि (ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा का अनुमान) 33 करोड़ से अधिक व्यक्ति दुनिया भर में दमा से ग्रस्त हैं। यहां बता रहे हैं, अस्थमा के कारणों, लक्षणों, प्रकार, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

## इनहेलर से कंट्रोल रहेगा अस्थमा

सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न को दमा कहते हैं। दमा के ज्यादातर मामले एलर्जी से संबंधित होते हैं। आमतौर पर जिन कारणों से दमा की समस्या बढ़ती है, उन्हें एलर्जंस कहा जाता है। धूल, धुआं, उमस, नमी, कारपेट में माइट्स, केमिकल युक्त पेंट, विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ और मौसम में बदलाव आदि एलर्जंस के कारण बन सकते हैं। ऐसे में लोगों को इसके प्रति अवेयर करने के लिए वर्ल्ड अस्थमा डे मनाया जाता है। इस बार वर्ल्ड अस्थमा डे की थीम है, 'मेक इन्हेल्ड ट्रीटमेंट्स एसेंसिबल फॉर ऑल।' इस थीम का आशय है क सांस के माध्यम से दी जाने वाली दवाओं या इनहेलर चिकित्सा को सभी लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाए। दुनिया भर में दमा (अस्थमा) के मामले बढ़त पर हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में भी लगभग पांच प्रतिशत लोग दमा से ग्रस्त हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब दमा को प्रभावशाली रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।

### प्रमुख लक्षण

वयस्कों और बच्चों में अस्थमा के लक्षण लगभग एक समान होते हैं। जैसे-कुछ दूर चलने पर या थोड़ा सा परिश्रम करने पर सांस फूलना। सांस लेने में तकलीफ के कारण गहरी सांस न ले पाना। सीने में जकड़न। खांसी (सूखी या बलगम वाली) आना। सांस बाहर छोड़ते समय सीटी जैसी आवाज या घरघराहट होना।

### बच्चों में दमा के प्रकार

**अर्ली व्हीजर:** बच्चों में दमा के लगभग एक तिहाई ऐसे मामले 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाते हैं और उसके बाद इस रोग की जीवन में दोबारा पुनरावृत्ति नहीं होती है।

**मॉडरेट व्हीजर:** ऐसा अस्थमा 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाता है, लेकिन 35 से 36वें साल में यह समस्या दोबारा सिर उठाती है।

**परसिस्टेंट व्हीजर:** यह प्रकार बचपन से शुरू होता है और फिर जीवन भर बना रहता है।




### डायग्नोसिस

बच्चों में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) 14 साल से पहले नहीं किया जाता। इसलिए इंपल्स ऑसिलोमीटर से उनकी जांच की जाती है। इसके अलावा बच्चों की फैमिली हिस्ट्री मालूम कर और क्लीनिकल जांचों के जरिए उनका इलाज किया जाता है।

### बच्चों में दमा का उपचार

नवजात शिशुओं में दमा होने पर नेबुलाइजेशन थेरेपी देते हैं। इसके अलावा उन्हें सिरप के रूप में दवा दी जाती है। जरूरत पड़ने पर 3 से 5 साल तक के बच्चों के इलाज में नेबुलाइजेशन थेरेपी का सहारा लेते हैं। पांच से बारह साल तक के बच्चों को मीटर डोज इनहेलर से दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें ओरल डोज भी दी जाती है। 13 से 17 साल के किशोरों को इनहेलर के जरिए दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें एंटी एलर्जिक दवाएं भी देते हैं।



### वयस्कों में दमा का इलाज

**इम्यूनोथेरेपी:** अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार एलर्जी से होने वाले दमा में इम्यूनोथेरेपी काफी हद तक कारगर है। इसके अंतर्गत मरीज को दवाएं और इंजेक्शन देते हैं।

**इनहेलर का इस्तेमाल:** इनहेलर से दमा की दवा लेना काफी कारगर साबित हो रहा है। डॉक्टर की सलाह से इनहेलर लें।

### अस्थमा अटैक से पहले क्या करें

**पीक एक्सपिरेटरी फ्लोमीटर से रीडिंग:** सांस फूलना, सीने में जकड़न आदि दमा के लक्षणों के महसूस होने पर पीक फ्लोमीटर का इस्तेमाल हो रहा है। इस डिवाइस में फूंक मारकर यह पता लगाया जाता है कि अमुक व्यक्ति का पीक एक्सपिरेटरी फ्लो रेट क्या है। हफ्ते में 3 दिन इस फ्लोमीटर का इस्तेमाल करने से आपको दमा का दौरा पड़ने के बारे में पहले से ही सजग हो जाने की जानकारी मिल सकती है। अगर पीक एक्सपिरेटरी फ्लो रेट (पीईएफआर) 80 से ऊपर है तो स्थिति ठीक-ठाक है। इस रीडिंग को 'ग्रीन जोन' कहते हैं। अगर रीडिंग 50 से 80 है तो इसे 'यलो जोन' कहा जाता है। यह स्थिति सजग करने वाली है। इस स्थिति में डॉक्टर दवा की डोज बढ़ाने का परामर्श देते हैं। अगर पीईएफआर 50 से कम है तो इस स्थिति को 'रेड जोन' कहा जाता है। यह गंभीर स्थिति है, जो दमा का दौरा पड़ने के खतरे का सूचक है। इस गंभीर स्थिति में डॉक्टर से परामर्श लें और उस पर अमल करें। अस्पताल जाने की नौबत भी आ सकती है।

**कंट्रोलर इनहेलर का इस्तेमाल:** डॉक्टर के परामर्श से कंट्रोलर इनहेलर का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। कंट्रोलर इनहेलर सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न को कम करते हैं। दमा के लक्षणों को नियंत्रित कर ये दौरे के खतरे को काफी हद तक खत्म कर देते हैं। दमा का दौरा पड़ने पर रिलीवर इनहेलर का शीघ्र इस्तेमाल करें। दौरे की स्थिति में रोगी बेचैनी महसूस करता है तो ऐसी स्थिति में रिलीवर इनहेलर से शीघ्र राहत मिलती है। इन दिनों रिलीवर और कंट्रोलर इनहेलर का कॉम्बिनेशन भी उपलब्ध है।

### ऐसे करें बचाव

- धूम्रपान, दमा रोगियों के लिए ट्रिगर का काम करता है। इसलिए धूम्रपान बंद कर दें, क्योंकि इससे सांस नलियों को धीरे-धीरे क्षति पहुंचती है।
- वाहनों से निकलने प्रदूषण और अन्य प्रकार के वायु प्रदूषक तत्वों से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनें।
- स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। नियमित रूप से व्यायाम करें। एक निश्चित समय पर नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन करें। जंक फूड्स और अधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ठंडी तासीर वाली चीजों से दूर रहें।
- डॉक्टर के परामर्श से ही इनहेलर का इस्तेमाल करें। डॉक्टर द्वारा बताए गए निश्चित समय पर ही दवाएं लें। सफर या घर से बाहर जाते समय अपनी दवाओं को साथ रखें।
- खट्टे फलों जैसे संतरा, नीबू, मौसंबी और आंवले से बने उत्पादों का सेवन करें। इनमें विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। प्रतिदिन एक संतरे का सेवन दमा रोगियों के लिए लाभप्रद है।
- कुछ लोगों को व्यायाम करने से भी दमा की समस्या हो सकती है। ऐसे लोग समस्या होने पर डॉक्टर से परामर्श लें। बेहतर होगा व्यक्ति व्यायाम करने से पहले अपने डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। डॉक्टर व्यायाम करने से पहले ऐसे लोगों को इनहेलर लेने का परामर्श दे सकते हैं।
- फेफड़ों से संबंधित व्यायाम के लिए इन दिनों बाजार में लंग एक्सरसाइजर उपलब्ध हैं। जैसे 3 बॉल इंसेंटिव स्पाइरोमीटर जिनका इस्तेमाल डॉक्टर के परामर्श से करना चाहिए। लंग एक्सरसाइजर आपके फेफड़े को सशक्त करने में सहायक हो सकते हैं। स्पाइरोमीटर ऐसा डिवाइस है, जिसके जरिए आपको फेफड़ों की कार्य क्षमता को बढ़ाकर इन्हें स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। *



**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### उपयोगी सांस संबंधी व्यायाम



**प्राणायाम और योगासन:** दमा रोगियों के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम लाभप्रद है। यह प्राणायाम 'अल्टरनेट नॉस्ट्रिल ब्रीदिंग' है यानी इसके अंतर्गत बाएं और दाहिने नासिका छिद्र का प्रयोग सांस लेने और इसे बाहर निकालने के लिए बारी-बारी से किया जाता है। योगासनों में भुजंगासन और सूर्य नमस्कार आदि हितकर हैं। बेहतर होगा कि योग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर ही प्राणायाम और योगासन करें।

**गहरी सांस लें:** अपने फेफड़ों की क्षमता के अनुसार जहां तक संभव हो गहरी सांस लें।

**तैराकी:** तैराकी या स्विमिंग से भी फेफड़े सशक्त होते हैं। तैराकी के दौरान पानी के अंदर सांस रोकी जाती है, जिसे फेफड़ों की कार्य क्षमता बढ़ती है।

**रिब स्ट्रेच:** रिब यानी पसली को स्ट्रेच करना। रिब स्ट्रेच के अंतर्गत फेफड़ों इस तरह से सांस लेनी पड़ती है कि इसे ग्रहण करते समय आपकी पसलियां खुलें और सास बाहर निकालते समय सिकुड़ें। फिटनेस एक्सपर्ट से इसकी जानकारी लें।

**कार्डियो एक्सरसाइज:** फेफड़ों और हृदय की क्षमता बढ़ाने में कार्डियो एक्सरसाइज अत्यंत लाभप्रद हैं। प्रतिदिन लगभग 30 मिनट तक कार्डियो एक्सरसाइज करें। अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार जॉगिंग और रनिंग करें।

**पुश-अप्स:** पुश अप्स रेग्युलर करते रहने से आपके फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है। यह उम्दा लंग एक्सरसाइज है, जिसे अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन करें।

सजेशन / राजकुमार दिनकर

## तब पाचन क्रिया रहेगी सही

आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में हम सब अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो रहे हैं, जिसकी वजह से हमें काफी परेशानियां होती हैं और इसका सबसे बड़ा कारण खाने-पीने में हमारी अनियमितता है। यही वजह है कि खाने-पीने की गलत आदतें हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं। इनसे बचने के लिए यहां बताई जा रही बातों पर अमल करें।

- खाना खाने से आधा घंटा पहले एक गिलास गुनगुना पानी पीएं ताकि खाने के दौरान कम पानी पीएं। रात के खाने के आधे घंटे बाद हल्का गर्म पानी पीएं।
- कुछ लोग स्वाद लेने के लिए ही बार-बार खाना खाते हैं। इससे ज्यादा खाया जाता है और नींद भी अच्छी नहीं आती।
- हमें भोजन को कम से कम 30 से 35 बार चबाकर खाना चाहिए। अकसर लोग 10 से 15 बार चबाकर ही जल्दी जल्दी निगल लेते हैं, इससे कब्ज होती है।



- कई लोग खाना खाने के तुरंत बाद ही बिस्तर पर चले जाते हैं। खाकर तुरंत लेटने से पाचन की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। इससे सीने में जलन, अपच और बेचैनी होती है। खाना खाने के बाद कम से कम दो घंटे प्रतीक्षा करें, इस दौरान टहल सकते हैं। घर के छोटे-मोटे काम करें। लेकिन रात के खाने के बाद तुरंत टहलने न जाएं। आधे घंटे बाद 15 से 20 मिनट की छोटी सैर कर सकते हैं।
- ब्रेकफास्ट, लंच या डिनर किसी भी बार के खाने के तुरंत बाद नहाना हमारे पाचन की प्रक्रिया में बाधा पैदा करता है। क्योंकि भोजन को पचने के लिए हमें ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है। तुरंत नहाने से शरीर का तापमान कम हो जाता है।
- फल रात के खाने में नहीं खाना चाहिए। इन्हें खाने सें पचाना मुश्किल होता है।
- रात का खाना खाने के बाद व्यायाम नहीं करना चाहिए। देर रात की कसरत खासतौर पर कार्डियोसेशन से ऐसे हार्मोन बनते हैं जो हमारी नींद में बाधा पैदा करते हैं। *

डाइट सजेशन

डॉ. मोनिका शर्मा

हालांकि डिप्रेशन होने के कई कारण हो सकते हैं। लेकिन उससे बचाव में आपकी डाइट हैबिट भी काफी इफेक्टिव हो सकती है। डाइट किस तरह डिप्रेशन से बचाव करने में सहायक है, यहां बता रहे हैं आपको।

## डिप्रेशन से बचाए हेल्दी डाइट



आज के दौर में हर आयुवर्ग के लोग अवसाद के घेरे में फंस रहे हैं। मन को उदासी और उलझनों के स्याह घेरे में लाने वाली यह स्थिति ना केवल असंतुलित जीवनशैली के चलते पैदा होती बल्कि कई बार अवसाद ही जीवनशैली बिगड़ने का कारण भी बन जाता है। बहुत से लोगों में डिप्रेशन खान-पान की आदतें बिगड़ने की एक बड़ी वजह है। जिसका नतीजा मोटापे और दूसरी कई बीमारियों के रूप में सामने आता है। जरूरी है कि बदलते फूड हैबिट्स के नजरिए से भी डिप्रेशन की समस्या को समझा जाए।

**बिगड़ता खान-पान और डिप्रेशन:** आपा-धापी भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य को संभालना एक चुनौती बन गया है। डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी परेशानियां हर किसी को घेर रही हैं। मन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का एक पहलू यह भी है कि इनको समझना आसान नहीं होता। हालांकि बहुत सी बातों और बर्ताव को समझकर अपनी मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया जा सकता है। इनमें फूड हैबिट्स भी हैं। आमतौर पर मूड बिगड़ने पर खाने-पीने की आदतें भी बिगड़ने लगती हैं। टूटती-बिखरती मनःस्थिति से जूझते हुए कई तरह के खाने को लेकर रुचि बढ़ जाती है। हाल ही में आई एक स्टडी के रिजल्ट के मुताबिक अवसाद से जूझ रहे लोगों का कार्बोहाइड्रेट से भरपूर चीजों का सेवन करने का मन होता है। डिप्रेशन के शिकार लोगों को कार्बोहाइड्रेट रिच फूड आइटम्स की क्रेविंग्स बढ़ने का कारण यह है कि ये खाद्य पदार्थ मस्तिष्क में सेरोटोनिन नामक हार्मोन को रिलीज करते हैं। यह हार्मोन जो मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। रुकी-थकी मनःस्थिति के दौर में इन्हें खाते रहने की लत लग जाती है। इसीलिए भावनाओं को संभालने के दौर में भोजन की बदलती आदतों को लेकर भी संभलना जरूरी है।

**हेल्दी डाइट है जरूरी:** हमारे भोजन का मेंटल हेल्थ कंडीशन से गहरा कनेक्शन है। यही वजह है कि आहार के स्वस्थ विकल्प चुनना जरूरी है। अवसाद की कंडीशन में कार्बोहाइड्रेट से भरपूर फूड्स में भी साबुत अनाज, सब्जियां और फल आदि खाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। धीरे-धीरे खान-पान का बदलाव मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने लगता है। ध्यान रहे कि कैफीन और चीनी जैसे खाद्य पदार्थ अवसाद को और बढ़ाते हैं। चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और दूसरे कई एनर्जी ड्रिंक्स में भारी मात्रा में कैफीन पाया जाता है। प्रोसेस्ड फूड में चीनी और नमक बहुत अधिक होता है। ऐसे में इनके सेवन को लेकर सजगता बरतना आवश्यक है। आम इंसान के समान ही संतुलित भोजन लेना और खूब सारा पानी पीना मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े परेशानियों में भी आवश्यक है। अहम यह भी है कि घर के दूसरे सदस्य इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें। इलाज के साथ-साथ अपनों की थोड़ी सी सजगता, डिप्रेशन से जूझ रहे इंसान को सहज जीवन की ओर लौट आने में बहुत मदद करती है।


**स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव:** जर्मनी स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ बॉन के अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गंभीर अवसाद से ग्रस्त लोगों में कभी-कभी फूड क्रेविंग्स पैदा हो जाती हैं। इस स्टडी से जुड़े और यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल बॉन विश्वविद्यालय में मेडिकल साइकोलॉजी के प्रोफेसर नील्स क्रोमर का कहना है कि खान-पान में आए बदलावों की वजह से शरीर के वजन में भी बदलाव हो सकता है। साइकोलॉजिकल मेडिसिन जर्नल में छपे इस अध्ययन में 117 प्रतिभागियों के समूह को शामिल किया गया। इनमें 54 अवसादग्रस्त और 63 स्वस्थ लोग शामिल थे। आमतौर पर देखने में भी आता है कि डिप्रेशन के घेरे में आए लोगों की शारीरिक सक्रियता भी कम हो जाती है। वे अकेले और उदास रहने लगते हैं। एक ओर निष्क्रिय जिंदगी तो दूसरी ओर गलत खान-पान, पाचन की प्रक्रिया को भी बिगाड़ देता है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक भी न्यूरोकेमिकल्स का उत्पादन करने वाले आंत के बैक्टीरिया इंसान के मूड और दूसरी मानसिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। ह्यूमन बॉडी करीब 95 फीसदी सेरोटोनिन हार्मोन को आंत के बैक्टीरिया ही बनाते हैं। यही हार्मोन मूड को स्थिर, शांत रखने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में मोटापे, अकेलेपन और पाचन आदि से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए भी स्वस्थ आहार जरूरी है। साथ ही बिगड़ी मनःस्थिति को और बिगाड़ने से बचाने के लिए भी फूड हैबिट्स पर ध्यान देना आवश्यक है। *

गर्मी में शीतल अहसास के लिए आप शीतकारी प्राणायाम कर सकते हैं। लेकिन इसका अभ्यास शुरू करने से पहले यह भी जान लें कि इसे कब करें, कैसे करें, करने के पहले किस तरह की तैयारी करें, हर दिन कितना अभ्यास जरूरी है और कब करने से बचना चाहिए?

## गर्मी में पाएं शीतल अहसास करें शीतकारी प्राणायाम

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'



गर्मियों की भीषण तपन, पसीना, चिड़चिड़ापन और थकान से राहत पाने के लिए योगशास्त्र में एक प्रभावी विधि बताई गई है- इसे शीतकारी प्राणायाम कहते हैं। यह एक ऐसा श्वसन अभ्यास है, जो शरीर को भीतर से ठंडक देता है, मन को शांत करता है और ऊर्जा को संतुलित रखता है। 'शीतकारी' का अर्थ है- शीतलता प्रदान करने वाला। तो यह एक ऐसी श्वास तकनीक है, जिसमें विशेष ढंग से मुंह से हवा को अंदर लिया जाता है और नाक के रास्ते इसे छोड़ा जाता है। इससे शरीर के तापमान में प्राकृतिक रूप से गिरावट आती है।

**इसलिए है खास:** यह प्राणायाम शरीर के तापमान को प्राकृतिक रूप से कम करता है। गर्मी से चिड़चिड़ापन, थकान, और सिरदर्द जैसे लक्षणों में राहत मिलती है। पित्त दोष (जो गर्मी में अधिक होता है) को शांत करता है। शरीर में ताजगी और मन में शांति का अनुभव होता है।

**कब करें:** सुबह जल्दी (6-8 बजे) या शाम को सूर्यास्त के बाद (6-7 बजे) इसे करना लाभकारी होता है। यह प्राणायाम विशेष रूप से गर्मी के मौसम में (अप्रैल से जुलाई तक) अत्यंत लाभकारी होता है। इसे हमेशा खाली पेट या भोजन के 3 घंटे बाद करें।

**करने का सही तरीका:** सबसे पहले सुखासन, पद्मासन या वज्रासन की मुद्रा में सीधे बैठ जाएं। आंखें बंद कर लें और शरीर को ढीला छोड़ दें। दांतों को आपस में मिलाएं, होंठ खुले रखें ताकि दांत दिखाई दें। अब मुंह से सिसकारी जैसी आवाज निकालते हुए धीरे-धीरे लंबी सांस अंदर लें। कुछ सेकेंड सांस अंदर रोकें (जितना सहज हो)। फिर नाक से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। इस तरह यह एक चक्र पूरा हुआ।

**पहले क्या तैयारी करें:** शांत वातावरण चुनें, जहां ताजी हवा बह रही हो। ढीले और हल्के कपड़े पहनें। मोबाइल और ध्यान भटकाने वाले उपकरण बंद कर दें। मन को शांत करने के लिए कुछ मिनट ध्यान करें या लंबी सांस लें।

**कितना हो नियमित अभ्यास:** शुरुआत में 5-7 चक्र, मध्य स्तर में 10-15 चक्र और नियमित योगी स्तर में 15-20 चक्र दिन में एक बार अभ्यास करना पर्याप्त है।

**कब न करें:** ठंड लगने पर या सर्दी-जुकाम, निमोनिया, अस्थमा जैसी परेशानी हो तो यह प्राणायाम बिल्कुल न करें। यदि निम्न रक्तचाप यानी बीपी लो रहता हो तो डॉक्टर की सलाह के बाद ही यह प्राणायाम करें। बहुत अधिक ठंडी जगह पर भी शीतकारी प्राणायाम करने से बचें। मानसून और ठंड के मौसम में भी इसका अभ्यास सीमित रखें।

**प्राणायाम के बाद क्या करें:** कम से कम 5 मिनट बिल्कुल शांत बैठे रहें या 5 मिनट शवासन करें। इसके बाद संभव हो तो गुनगुना पानी पीएं। ताजगी भरा फल या नारियल पानी लेना बेहतर होता है।

**अन्य स्वास्थ्य लाभ:** इससे शरीर अंदर से शीतलता महसूस करता है। इससे तनाव नियंत्रण में रहता है। इसे नियमित करने से शरीर की त्वचा चमकती है। यह हाइपरटेंशन को नियंत्रित करने में मददगार है। *






# आईपीएल : मुंबई लगातार पांच मैचों से अजेय, आज दिखेगा राजस्थानी वैभव

एजेंसी ▶▶| जयपुर

पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नए जोश के साथ उतरेगी। उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा।

राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है। कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं।

### बुमराह का सामना करेंगे सूर्यवंशी

सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं।



### गेंदबाज दे रहे रन

राजस्थान के निचले मध्य क्रम में शिमरोन हेटमायर पर दबाव होगा जो इस सत्र में अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में जोफ्रा आर्चर ने सफलता जरूर दिलाई है लेकिन उन्होंने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। संदीप शर्मा भी थोड़े महंगे साबित हुए हैं। असल में राजस्थान के किसी भी प्रमुख गेंदबाज का इकोनॉमी रेट नौ से कम नहीं है।

### मुंबई को रोकना आसान नहीं

हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह की वापसी सुखद रही है। मुंबई की हमेशा की तरह शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन टीम ने अब पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। पिछले मैच में मुंबई के लिए सकारात्मक पहलू कॉर्बिन बॉश का प्रदर्शन था जिन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं जो विपक्षी टीमों के लिए एक अशुभ संकेत है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### जोकोविच इटालियन ओपन से हटे, तीन हार से निराश

**रोम।** अपना 100वां खिताब जीतने की कवायद में लगे नोवाक जोकोविच ने लगातार तीन मैचों की हार के बाद इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच का यह फैसला फ्रेंच ओपन के लिए तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहां वह रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे। रोम में क्ले-कोर्ट पर होने वाले इटालियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों में सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी कि जोकोविच इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था।

### इंग्लैंड साउदी को बनाएगा तेज गेंदबाजी सलाहकार

**लंदन।** भारत के खिलाफ इन गर्मियों में होने वाली पांच टेस्ट मैच की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टिम साउदी को अपना तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाने पर विचार कर रहा है। न्यूजीलैंड का यह 36 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जगह लेने के दावेदारों में से एक है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह पद संभाला था। एंडरसन काउंटी क्रिकेट में खेलने के कारण इस सत्र के लिए उपलब्ध नहीं हैं। साउदी ने पिछले साल दिसंबर में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उनके नाम पर 391 टेस्ट विकेट दर्ज हैं।

### टी20 : मई में पाकिस्तान दौरा करेगा बांग्लादेश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पुष्टि की कि बांग्लादेश टीम अगले महीने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये यहां आयेगा और फैसलाबाद में 17 साल बाद अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। बांग्लादेश ने पिछले साल दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान दौरा किया था और श्रृंखला 2.0 से जीती थी। सफेद गेंद की यह श्रृंखला भावी दौरा कार्यक्रम का हिस्सा है जिसमें पहले तीन वनडे और तीन टी20 खेले जाने थे। पांच मैचों की श्रृंखला 25 मई से तीन जून तक फैसलाबाद और लाहौर में खेली जाएगी।

## आईपीएल : चहल की हैट्रिक सहित चौका, अय्यर और प्रभसिमरन के अर्धशतक

# चेन्नई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर पंजाब किंग्स जीत से बनी नंबर-2

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (72 रन) और प्रभसिमरन सिंह (54 रन) के अर्धशतकों की मदद से बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को चार विकेट से हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स अब छह जीत से 13 अंक लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (14 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है।वहीं सीएसके की टीम लगातार पांचवीं हार के बाद इस सत्र में टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। 10 मैच में दो जीत से चार अंक लेकर सीएसके लगातार दूसरी बार प्लेऑफ से बाहर हो गई।

अय्यर और प्रभसिमरन ने दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 72 रन की साझेदारी बनाकर पंजाब किंग्स को सीएसके के 191 रन के लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर किया। पंजाब की टीम ने दो गेंद रहते जीत दर्ज की। अय्यर ने 41 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और चार छक्के जड़े जबकि प्रभसिमरन ने 36 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जमाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या और शशांक सिंह ने 23-23 रन का योगदान दिया।



### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रशीद का शशांक बो अर्शदीप | 11 | 12 | 1 | 1 |
| म्हात्रे का अय्यर बो यानसेन | 07 | 06 | 1 | 0 |
| करन का इंग्लिस बो यानसेन | 88 | 47 | 9 | 4 |
| जडेजा का इंग्लिस बो हरप्रीत | 17 | 12 | 4 | 0 |
| ब्रेविस बो अजमतुल्लाह उमरजई | 32 | 26 | 2 | 1 |
| दुबे का शशांक बो अर्शदीप | 06 | 06 | 1 | 0 |
| एमएस धोनी का वढेरा बो चहल | 11 | 04 | 1 | 1 |
| हुडा का आर्या बो चहल | 02 | 02 | 0 | 0 |
| अंशुल कंबोज बो चहल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अहमद का यानसेन बो चहल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| खलील अहमद नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 19.2 ओवर में 190/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 3.2-0-25-2, यानसेन 4-0-30-2, उमरजई 4-0-39-1, बरार 2-0-21-1, चहल 3-0-32-4, शेडगे 3-0-40-0.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का धोनी बो खलील | 23 | 15 | 5 | 0 |
| प्रभसिमरन का ब्रेविस बो नूर | 54 | 36 | 5 | 3 |
| श्रेयस अय्यर बो पाथिराना | 72 | 41 | 5 | 4 |
| वढेरा का जडेजा बो पाथिराना | 05 | 03 | 1 | 0 |
| शशांक का ब्रेविस बो जडेजा | 23 | 12 | 1 | 2 |
| जोश इंग्लिस नाबाद | 06 | 06 | 1 | 0 |
| शेडगे का नूर बो खलील | 01 | 03 | 0 | 0 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 04 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 19.4 ओवर में 194/6
गेंदबाजी : खलील 3.4-0-28-2, कंबोज 2-0-20-0, जडेजा 3-0-32-1, नूर अहमद 4-0-39-1, करन 3-0-27-0, पाथिराना 4-0-45-2.

### चहल ने ली सत्र की पहली हैट्रिक

इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को पहली हैट्रिक देखने को मिल गई। लीग का 49वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में पंजाब के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने हैट्रिक ली। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने वाली पंजाब किंग्स की ओर से 19वां ओवर चहल ने किया। इस ओवर में उन्होंने हैट्रिक के साथ ही 4 विकेट चटकाए। आईपीएल में चहल की यह दूसरी हैट्रिक है। इससे पहले आईपीएल 2022 में चहल ने कोलकाता नाइटराइर्स के खिलाफ लगातार 3 विकेट चटकाए थे।

### धोनी सहित बने चार शिकार

19वें ओवर की पहली गेंद चहल ने वाइड की। ऐसे में जब उन्होंने फिर से इस गेंद को किया तो महेंद्र सिंह धोनी ने सिक्स जड़ दिया। अगली ही गेंद पर चहल ने धोनी को पवेलियन भेज दिया। धोनी के आउट होने के बाद क्रीज पर आए दीपक हुड्डा ने तीसरी गेंद पर 2 रन लिए। चौथी गेंद पर हुड्डा ने प्रियांश आर्य को कैच थमा दिया। 5वीं गेंद पर चहल ने अंशुल कंबोज को बोल्ड किया। अब चहल हैट्रिक पर थे। नूर अहमद ने उनका काम आसान कर दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर नूर ने हवाई शॉट लगाया और वह मार्को यानसेन के हाथों लपक लिए गए।

### करन का अर्धशतक बेकार

सैम करन (88 रन) के चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बनाए गए अर्धशतक के बावजूद सीएसके चहल (चार विकेट) की हैट्रिक से 19.2 ओवर में 190 रन पर सिमट गई। करन ने 47 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और चार छक्के लगाकर इस सत्र में पहली अर्धशतकीय पारी खेली तथा टीम को पावरप्ले में तीन विकेट पर 48 रन के स्कोर से अच्छी स्थिति में पहुंचाया। उनके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 32 रन का योगदान दिया। करन ने ब्रेविस के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन की मजबूत साझेदारी निभाकर पंजाब किंग्स के गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

खास खबर

## थाईलैंड से चार जून को मैत्री मैच खेलेगा भारत



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम चार जून को अपने से अधिक रैंकिंग वाले थाईलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम अभी एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के फाइनल राउंड का हिस्सा है तथा थाईलैंड के खिलाफ थम्मासैट स्टेडियम में होने वाला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच 10 जून को हांगकांग के खिलाफ क्वालीफिकेशन मैच के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा होगा। फीफा रैंकिंग में भारत 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। भारत और थाईलैंड 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इनमें से भारत ने सात और थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत का अभ्यास शिविर 18 मई को कोलकाता में शुरू होगा और टीम 29 मई तक थाईलैंड के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम वहीं से हांगकांग जाएगी।

### एशियाई खेल में बरकरार रहेगा क्रिकेट : ओसीए



**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में आयोजित होने वाले 2026 ऐची-नागोया एशियाई खेलों का हिस्सा बना रहेगा। क्रिकेट को बरकरार रखने का फैसला इस हफ्ते की शुरुआत में एशियाई ओलंपिक परिषद और आयोजन समिति के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया था। ओसीए ने कहा, 'खेल कार्यक्रम की सूची में 28 अप्रैल सोमवार को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी निदेशक मंडल की 41वीं बैठक में ताजा फैसला हुआ जिसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट दोनों को औपचारिक रूप से मंजूरी दी गई।' क्रिकेट मैच टी20 प्रारूप में ऐची प्रांत में खेले जाएंगे। हालांकि अभी स्थलों पर फैसला किया जाना बाकी है। ओसीए ने कहा, 'क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी सिर्फ दक्षिण एशिया में क्रिकेट की लोकप्रियता के कारण नहीं होगी बल्कि इसलिए भी होगी क्योंकि टी-20 प्रारूप को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा।'

### प्रीमियर लीग मुंबई में खोलेगी अपना कार्यालय

**नई दिल्ली।** इंग्लिश प्रीमियर लीग ने बुधवार को स्थानीय खेल प्रेमियों को जोड़ने और भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में अपना कार्यालय खोलने की घोषणा की। प्रीमियर लीग का भारत में काम करने का लंबा इतिहास रहा है। लीग 2007 से सामुदायिक फुटबॉल कार्यबल के विकास का समर्थन करने के लिए ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में अपना 'प्रीमियर स्किल्स' कार्यक्रम चला रही है। प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग के साथ मिलकर काम कर रही है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा, 'हमारे क्लबों के पास भारत में एक शानदार 'फैनबेस' है और हम जानते हैं कि फुटबॉल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।'

### नारायण की गेंदबाजी ने अंतर पैदा किया : रॉय



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय ने स्वीकार किया कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को उनकी टीम मुश्किल में थी लेकिन अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने मैच का रुख मेहमान टीम के पक्ष में मोड़ दिया। नाइट राइडर्स के 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम तीन विकेट पर 136 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन नारायण (तीन विकेट) ने अपने लगातार ओवरों में दो बल्लेबाजों के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स (01) को भी आउट करके मेजबान टीम का स्कोर छह विकेट पर 146 रन कर दिया और अंततः टीम नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी।

मैड्रिड ओपन

## स्वियाटेक-सबालेंका क्वार्टर फाइनल में, अलेक्जेंडर हारे



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला वर्ग में बुधवार को आर्यना सबालेंका और इगा स्वियाटेक क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही लेकिन पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव हारकर बाहर हो गए।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने पेयटन स्टर्न्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर पांच साल में चौथी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव को 21वीं रैंकिंग वाले अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 7-5, 6-3 से हराया। सोमवार को बड़े ब्लैकआउट के कारण 22 मैचों को स्थगित करना पड़ा था। स्वियाटेक ने सेंटर कोर्ट में वापसी की और डायना श्नाइडर को 6-0, 6-7 (3), 6-4 से हराकर स्पेन की राजधानी में अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अब उनका मुकाबला मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने डोना वेकिक को 6-2, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में, 31वीं रैंकिंग वाले माटेओ बेरेटिनी छठे रैंकिंग वाले जैक ड्रेपर से पहला सेट 7-6 (2) से हारने के बाद चोट के कारण मैच से हट गए। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने डेनिस शापोवालोव को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सातवीं रैंकिंग वाले डी मिनौर का अगला मुकाबला लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने 2019 के उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 7-6 (3) से हराया।

### पॉल और टियाफो जीते

अमेरिकी टॉमी पॉल और फ्रांसिस टियाफो दोनों ने अपने मैच जीते। 11वीं वरीयता प्राप्त पॉल ने करेन खाचानोव को 6-3, 3-6, 6-2 से, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त टियाफो ने एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में 19 वर्षीय जैकब मेन्सिक ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-3, 6-2 से हराया। नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने अमेरिकी ब्रैंडन नकाशिमा पर 3-6, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। चौथी रैंकिंग वाले टेलर फ्रिट्ज एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी थे, जो कैस्पर रुड से 7-5, 6-4 से हारकर बाहर हो गए।

### खुद की टी20 लीग शुरू करेगा क्रिकेट कीनिया

**नैरोबी।** एक समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के एसोसिएट देशों में सबसे मजबूत रहे कीनिया इस खेल को अपने देश में फिर से नया जीवन देने के लिए सितंबर में अपनी फ्रेंचाइजी आधारित लीग सीकेटी20 शुरू करेगा। कीनिया की टीम को एक समय काफी मजबूत माना जाता था और उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन भी किया था, जिसमें 2003 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना भी शामिल था। लीग का पहला सत्र 25 दिन का होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिन्हें दुनिया भर से कम से कम पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने की अनुमति दी गई है। क्रिकेट कीनिया और दुबई/भारत स्थित कंपनी एओएस स्पोर्ट के बीच इस लीग के आयोजन को लेकर एक समझौता हुआ है। कीनिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कैनेडी ओबुया ने कहा, 'यह बहुत बड़ा आयोजन होगा। यह रोमांचक होगा। यह रोमांचकारी होगा। इससे कीनिया में क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी।'

## पीएसजी ने सेमीफाइनल का पहला चरण 1-0 से जीता

एजेंसी ▶▶| लंदन

पेरिस सेंट-जर्मेन ने ओस्मान डेम्बेले के गोल की मदद से चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में आर्सेनल को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। पीएसजी ने इससे पहले चैंपियंस लीग के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड की दो टीमों प्रीमियर लीग के चैंपियन लिवरपूल और एस्टन विला को हराया था। आर्सेनल के खिलाफ सेमीफाइनल का दूसरा चरण उसे अपने घरेलू मैदान पर खेलना है और ऐसे में यह बढ़त उसके लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

डेम्बेले ने खेल के चौथे मिनट में ही गोल करके स्थानीय दर्शकों को निराश कर दिया था। पीएसजी खेल के आखिर तक अपनी इस बढ़त को बरकरार रखने में कामयाब रहा।



पीएसजी के मिडफील्डर वितिन्हा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद रोमांचक मैच था। हम और अधिक स्कोर कर सकते थे लेकिन हम 1-0 की बढ़त लेकर खुश हैं। हम फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' चैंपियंस लीग का दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

### सुपरबेट रैपिड : दूसरे स्थान पर प्रज्ञानानंद



**वारसॉ।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ब्लिट्ज वर्ग के पहले हाफ के आखिर में ओवरऑल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञानानंद के प्रयासों ने उन्हें लगातार दूसरे दिन अच्छी स्थिति में रखा। इस भारतीय खिलाड़ी ने रैपिड शतरंज के पहले दो दिनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विशेष रूप से ब्लिट्ज वर्ग में अपनी विशेषज्ञता दिखाते हुए जोरदार वापसी की। उन्होंने रोमानिया के डेक बोगडान डैनियल और अमेरिका के लेवोन एरोनियन से हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन फिर फ्रांस के फ़िरोज़ा अलीरेज़ा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को हराकर वापसी की।

## महिला हॉकी टीम की तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला आज से

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन उतारेगी और रक्षण से जुड़ी कुछ कमजोरियों को ठीक करने की कोशिश करेगी।

यह श्रृंखला जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह इसके लिए अपने कोर ग्रुप की पहचान करने की उम्मीद कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम से लगातार दो हार के साथ दौरे की शुरुआत करने के बाद भारत दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने के लिए बेताब होगा।



हरेंद्र सिंह ने कहा, 'पहले दो मैच में अधिकतर खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला है और अब हम खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ संयोजन आजमाएंगे। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि इसी तरह हम उन खिलाड़ियों की पहचान करेंगे जो यूरोप में आगामी प्रो लीग मैचों में खेल सकते हैं।

अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले नई खिलाड़ियों को कम से कम 35 मैच खेलने चाहिए। ऐसे टूर्नामेंटों की तैयारी करते समय हम यही लक्ष्य ध्यान में रखते हैं।' ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत शुरुआती मैच में 3-5 से और दूसरे मैच में 2-3 से हार गया था। इन नतीजों के बावजूद हरेंद्र टीम के प्रयासों से खुश दिखे।

### दोनों मैचों में खाए आसान गोल

कोच ने कहा, 'दोनों मैचों में हमने कुछ आसान गोल खाए हैं जो निराशाजनक थे, लेकिन इसके अलावा हमने कड़ी चुनौती पेश की। यह टेस्ट श्रृंखला है और इसमें जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करना होता है। हमारी टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो पहली बार विदेश दौरे पर आए हैं। मैं युवा खिलाड़ियों को मौका दे रहा हूं ताकि वह भविष्य के लिए तैयार रहें।' सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम को अब गुरुवार, शनिवार और रविवार को अगले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

# मोबाइल एप के माध्यम से होगी मुंह में छिपे कैंसर की पहचान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मोबाइल ऐप से मुंह के कैंसर की पहचान करने के लिए एम्स भोपाल को एमपी काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने दो साल के रिसर्च प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में एम्स संस्थान में ओरल कैंसर (मुख कैंसर) और अन्य प्री-मेलिग्नेंट (पूर्व-कैंसर) स्थितियों की पहचान के लिए एक मोबाइल ऐप के माध्यम से स्क्रीनिंग हेतु एक अभिनव अनुसंधान परियोजना प्रारंभ की है। इस दो वर्षीय अनुसंधान परियोजना के लिए सात लाख 40 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से प्रथम वर्ष के लिए तीन लाख 70 हजार की पहली किस्त जारी की जा चुकी है। यह मोबाइल ऐप ओरल कैंसर, मुंह खोलने में रुकावट की बीमारी और अन्य गंभीर मुख स्थितियों की स्क्रीनिंग करने में मदद करेगा। यह ऐप कुछ ही मिनटों में परिणाम देगा और सभी रोगियों की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखेगा। रिसर्च पूर्ण होने के बाद मोबाइल ऐप के जरिए एक बड़ी आबादी को लाभ मिल सकेगा।

## एप विकसित करने एम्स को मिले सात लाख 40 हजार रुपए

### ये रहेंगे रिसर्च टीम का हिस्सा




रिसर्च का नेतृत्व एम्स भोपाल के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के डॉ. अंशुल राय करेंगे। उनके साथ को-प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर के रूप में डॉ. सैकत दास (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी), प्रो. अभिनव सिंह, डॉ. दीप्ति जोशी (पैथोलॉजी) और डॉ. अंकुर जोशी (कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन) शामिल हैं। रिसर्च के लिए स्वीकृत राशि में से दो साल के लिए जूनियर रिसर्च फेलो की सैलरी 4 लाख 80 हजार तय की गई है। कंज्यूमेबल्स पर 60 हजार, यात्रा व्यय पर 1 लाख और पब्लिकेशन व प्रिंटिंग पर 1 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

### एक हजार व्यक्तियों पर किया जाएगा रिसर्च

साइंटिस्ट प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रोफेसर डॉ. अंशुल राय ने जानकारी दी कि इस मोबाइल ऐप पर वे गत एक वर्ष से कार्य कर रहे हैं। आगामी दो वर्षों में यह अनुसंधान एक हजार व्यक्तियों पर किया जाएगा तथा एक व्यापक रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत की जाएगी, जिससे ओरल कैंसर से संबंधित नीति निर्माण में सहायता मिल सके। यह ऐप उपयोगकतार्ओं को तंबाकू, सुपारी, सिगरेट और बीड़ी जैसे हानिकारक पदार्थों के प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें इनका सेवन छोड़ने के लिए प्रेरित करेगा। यह ऐप अपनी तरह का पहला इनोवेशन है, जिसे सरकार ने फंडिंग दी है और यह स्पष्ट रूप से कैंसर होने के कितने चांसेस हैं, उसका प्रमाण देगा।

## मुस्लिम समाज ने किया प्रदर्शन

# घरों-दुकानों में ब्लैक आउट कर जताया वक्फ बिल का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ बुधवार रात राजधानी समेत प्रदेश के कई शहरों में मुस्लिम समाज ने अपना सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड तहफ्फुज-ए-औकाफ की अपील पर पूरे प्रदेश में मुस्लिम समुदाय ने रात 9.30 बजे तक अपने घरों और दुकानों की लाइट बुझाकर विरोध जताया। राजधानी भोपाल में पुराने शहर के कई इलाकों में लोगों ने अपने घरों और दुकानों की लाइट बंद करके इस विरोध को अपना सर्मथन दिया। पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा वक्फ संशोधन बिल के विरोध में देशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है, जिसके तहत बुधवार को ब्लैक आउट के माध्यम से विरोध दर्ज कराया गया। राजधानी भोपाल के अलावा पड़ोसी जिलों रायसेन, सीहोर और विदिशा में भी ब्लैक आउट किया गया। गौरतलब है कि प्रदेशभर में वक्फ की 15 हजार से ज्यादा संपत्तियां हैं, जिनमें 4300 से ज्यादा मस्जिदें और 5500 कब्रिस्तान भी शामिल हैं।

### मसूद बोले यह विरासत बचाने की लड़ाई

वहीं, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मेंबर और कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने ब्लैक आउट आंदोलन के सफल होने का दावा करते हुए कहा कि इसे समाज का व्यापक समर्थन मिला है, उन्होंने कहा कि यह लड़ाई दरअसल हमारी विरासत को बचाने के लिए है। मसूद ने कहा कि केन्द्र सरकार जो संशोधन कर रही है वह मुस्लिम समाज को स्वीकार नहीं है, इसीलिए बोर्ड ने इस मामले में लंबी और चरणबद्ध लड़ाई लड़ने का फैसला लिया है। बुधवार को किया गया ब्लैक आउट उसी की एक कड़ी है।

## सीएम ने किया बाबा रामदेव का स्वागत

# भगवान महाकालेश्वर की भस्मारती में शामिल हुए योगगुरु बाबा रामदेव



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगगुरू बाबा रामदेव का उज्जैन आगमन पर पुष्प गुच्छ के साथ शॉल, श्रीफल एवं भगवान श्री महाकाल की तस्वीर भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। बाबा रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव विरासत मूलक विकास और संस्कृति के नए प्रतिमान प्रतिदिन गढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश धर्म भूमि भी है। यहां कृषि से लेकर उद्योग तक हर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। अब तो मध्यप्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्तर पर भी उन्नति कर रहा है। इससे पहले योग गुरु स्वामी रामदेव बुधवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया।

### दिव्य और अद्भुत अनुभव हुआ प्राप्त

स्वामी रामदेव ने कहा कि आज अक्षय तृतीया के पर्व पर वे भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए थे। भस्मारती के दर्शन कर उन्हें दिव्य और अद्भुत अनुभव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के विशेष प्रयासों और पुरुषार्थ से उज्जैन में आगामी महाकुंभ पर्व की भव्य तैयारियॉं की जा रही है। भगवान महाकालेश्वर देवाधिदेव महादेव हैं और उनके अनुग्रह को प्राप्त कर संपूर्ण विश्व में उज्जैन नगरी सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित हो रही है। यहां आयोजित होने वाला कुंभ एक दिव्य स्वरूप में आयोजित हो ताकि सनातन धर्म का गौरव एक नए रूप में पूरे विश्व के समक्ष देखने को मिले।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधरोपण की तैयारी

# खेतों में बनेंगे नए 666 नए खेत तालाब 90 कुओं-बावड़ी की होगी साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में वर्षा के दौरान जल संरक्षण करने के लिए 30 जून तक विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वन विभाग द्वारा जहां 918 हेक्टेयर में पौधरोपण करने की तैयारी की जा रही है तो वहीं 666 खेत तालाब का निर्माण भी किया जाएगा। यह जानकारी जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नये-पुराने जलस्त्रोतों की साफ-सफाई, सुंदरीकरण आदि कार्य जनभागीदारी से किया जा रहा है। ऐसे में वर्षा का जल संग्रहित तो होगा साथ ही भू जलस्तर में भी वृद्धि होगी।

### वर्षा का जल संग्रहित तो होगा साथ ही भू जलस्तर में भी वृद्धि होगी



उन्होंने बताया कि 30 मार्च से शुरू हुए अभियान के तहत जनपद पंचायत बैरसिया की श्री छत्री मंदिर बावड़ी और जनपद पंचायत फंदा के सेवनियां ओंकारा बावड़ी का जीर्णोद्धार कर लिया है। यह दोनों करीब 300 वर्ष पुरानी है। नगर निगम द्वारा कलियासोत डेम के पास 13 गेट से लगे हुए क्षेत्र, बड़ा तालाब व अन्य सात तालाबों, 68 कुएं और 22 बावड़ी की साफ-सफाई की जा रही है। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जलस्रोतों के पूर्ण भरण के लिए 50 रिचार्ज साफ्ट संरचना का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। यह सभी काम 30 जून तक पूरे कर लिए जाएंगे। इससे पहले जिन पंचायतों में जलसंकट की स्थिति निर्मित हो रही है, वहां भी पेयजल आपूर्ति के लिए व्यवस्था बनाई गई है। उस पर जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

### खदानों की वीडियो सर्विलांस से होगी निगरानी, पकड़ में आएगा अवैध परिवहन

खदानों से निकाले जा रहे काले पत्थर, कोपरा, मुरम और रेत उत्खनन की वीडियो सर्विलांस से निगरानी शुरु की जाए, जिससे पता चल सके कि ठेकेदार खदानों से कितना खनिज निकाल रहे हैं। अगर अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है, तो उस पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संभाग के किसी भी जिले में कहीं भी न तो खनिज का अवैध उत्खनन हो और न ही अवैध परिवहन हो। प्रभारी जिला खनिज अधिकारी अशोक नागले ने बताया कि जिले में जरूरत के हिसाब से चेकिंग नाके बनाकर निगरानी रखी जाए। अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन का एक भी मामला नहीं आना चाहिए। लायसेंस के हिसाब से ही निर्धारित मात्रा में खनिज का उत्खनन हो। कहीं भी इनस्ट्रीम माइनिंग (नदी के अंदर से उत्खनन) नहीं होनी चाहिए। खदानों का वीडियो सर्विलेंस भी किया जाए।

### सतना गोलीकांड में टीआई लाइन अटैच



सतना। जिले में प्रधान आरक्षक को गोली मारने की सनसनीखेज वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी फरार है। इस मामले में सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने जैतवारा थाना प्रभारी विजय सिंह को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। वहीं आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। 28-29 अप्रैल की रात जैतवारा थाने के बैरक में यह घटना हुई थी।

# कड़ी धूप में कोई सिल रहा था जूते-चप्पल कोई बना रहा था पंचर, ऐसे में मिला सुकून

## जागोरी समिति ने जरूरतमंदों को दिए धूप से बचने बड़े छाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में तेज धूप के चलते कोई घर से निकलना भी पसंद नहीं कर रहा। ऐसे में जागोरी समिति की अध्यक्ष साधना नन्दू यादव, समिति कोषाध्यक्ष सोनाली यादव, संध्या विश्वकर्मा जब अयोध्या बायपास स्थित डी मार्ट से गुजरीं तो सामने एक व्यक्ति जिसका नाम आत्माराम था वो यहां खुले आसमान के तले कड़कती धूप में चप्पल सिल रहा था और जूतों पर पॉलिश भी कर रहा था। जब उससे पूछा कि ये काम कब से कर रहे हो तो उसने बताया 4 दशक से भी अधिक समय हो गया है ये काम करते-करते। वहीं उसने कहा कि चाहे कितनी भी भीषण गर्मी हो, बारिश हो, ठंड हो, खुले आसमान के नीचे अपने परिवार के भरण पोषण करने और अपनी जीविका चलाने के लिए यहां बैठना ही पड़ता है। वहीं टीम ने देखा कि आत्माराम के पास में ही एक अन्य शख्स टीकाराम धाकड़ भी बैठे हुए थे। टीकाराम दो पहिया वाहनों के पंचर बनाने का और उन्हें सुधारने का काम करते हैं। इन दोनों श्रम साधकों को समिति ने तुरंत बड़ा छाता दिया, जिससे झुलसाने वाली धूप इन्हें और परेशान न करे।



सम्मेलन में 225 चयनित 95 शोध-पत्रों को ऑफलाइन और 130 को ऑनलाइन किया प्रस्तुत

# एमपीयू में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंसः देश-विदेश के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रगति को साझा करने और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा देने आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एमपीयू) में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएएसई 2025 का आयोजन किया गया। इसमें वैश्विक शोध, नवाचार और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति को साझा करने और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन की शुरूआत मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरतशरण सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के निदेशक डॉ. करुणेश कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने उच्च शिक्षा में शोध और नवाचार की महत्ता पर विचार साझा करते हुए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विवि की चांसलर प्रीति पटेल, प्रो-चांसलर डॉ. अजीत सिंह पटेल, कार्यकारी निदेशक ईशा पटेल, ईशान पटेल तथा डायरेक्टर जनरल डॉ. राजेश कुमार राय भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### विदेशी शिक्षाविदों ने भी लिया हिस्सा




सम्मेलन में बांग्लादेश, कनाडा, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों में प्रो. सेलिया शाहनाज (बांग्लादेश), डॉ. सत्येंद्र नारायण (कनाडा), प्रो. कामिनी सिल्वा (श्रीलंका) और प्रो. जेए डु प्लेसी (दक्षिण अफ्रीका) शामिल रहे, जिन्होंने तकनीकी सत्रों में अपने शोध और विचार साझा किए। चांसलर प्रीति पटेल ने कहा कि आईसीएएसई 2025 केवल एक शैक्षणिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह विचारों, शोध और वैश्विक साझेदारी का एक प्रभावशाली मंच बना, जहां से भविष्य की दिशा तय हुई। सम्मेलन में कुल 455 शोध-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 225 को चयनित किया गया। इनमें से 95 शोध-पत्रों को ऑफलाइन और 130 को ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया। देश-विदेश के 55 से अधिक शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

## स्थानीय खेल समाचार

# भोपाल अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टीम घोषित, प्रारब्ध मिश्रा होंगे टीम के कप्तान

उज्जैन के साथ डेली कॉलेज इंदौर के मैदान पर पहला मुकाबला आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा इंदौर में आयोजित होने वाली अंडर-22 बॉयज लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट के लिए भोपाल टीम की घोषणा बुधवार को बीडीसीए के सचिव शांति कुमार जैन ने की। बीडीसीए के प्रवक्ता डॉक्टर सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि टीम का कप्तान प्रारब्ध मिश्रा को बनाया गया है। भोपाल टीम अपना पहला मुकाबला कल 1 मई को उज्जैन के साथ डेली कॉलेज मैदान इंदौर पर खेलेगी। भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति कुमार जैन ने प्रारब्ध मिश्रा को टीम की बागडोर सौंपी। उन्होंने बताया कि टीम काफी संतुलित है और टीम में सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। उम्मीद है भोपाल टीम टूर्नामेंट में अपना बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करेंगी। टीम का कोच अब्दुल समद खान और मैनेजर कुलदीप सिंह को बनाया गया है।

### भोपाल टीम इस प्रकार है

प्रारब्ध मिश्रा (कप्तान ), पृथ्वीराज तोमर, तनिष्क यादव, विकास शर्मा, (विकेटकीपर) ओजस्व यादव, मीत त्रिपाठी (विकेट कीपर) अक्षत वाजपेई, रजनीश बंसल, अनिमेष सिंह, तन्मय पांडे, प्रतीक शुक्ला, प्रथम सिंह सेंगर, शिवांश चतुर्वेदी, युवराज नेमा और रनवीर वैध।

**अतिरिक्त खिलाड़ी** : प्रियांशु प्राण, प्रथु चतुर्वेदी, संस्कार सिंह, मोहम्मद अफ्फान, राजवीर वैध, राघवेंद्र डागर और अदिब-उर-रहमान।

## हेमंत की तूफानी बल्लेबाज़ी और शिव की घातक गेंदबाज़ी से मिली जीत

द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

# कॉप्स इलेवन ने राइजिंग स्टार्स को 64 रनों से दी करारी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कॉप्स इलेवन ने राइजिंग स्टार्स को 64 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

कॉप्स इलेवन ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 18 ओवर में 123/8 का स्कोर खड़ा किया, और फिर घातक गेंदबाज़ी करते हुए राइजिंग स्टार्स को मात्र 59 रनों पर समेट दिया और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।




### शिव के कहर से पूरी टीम ढेर

124 रनों का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टार्स की टीम शुरुआत से ही दबाव में थी। पहले ही ओवर में विकेट गिरने लगे। शिव ने तूफानी गेंदबाजी करते हुए मात्र 1.5 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट झटके और राइजिंग स्टार्स की कमर तोड़ दी। शुभम चौहान और मनोज बडोला ने भी 2-2 विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों की वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया। अंततः राइजिंग की पूरी टीम 13.5 ओवर में सिर्फ 59 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अपनी शानदार बल्लेबाजी, विपरीत परिस्थितियों में टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाने के लिए हेमंत शाक्य को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### मो. रफी और रत्नेश की घातक गेंदबाज़ी से एवेलॉन वॉरियर्स ने विधि सेतु को 2 विकेट से हराया

नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए वीसीपीएल टी-20 कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नमिंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एवेलॉन वॉरियर्स ने कड़े संघर्ष के बाद विधि सेतु को 2 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया। मुकाबला अंतिम ओवर की पाँचवीं गेंद तक गया, जहाँ देवेंद्र सिंह कथैत के विजयी शॉट ने मैच का पटाक्षेप किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी विधि सेतु की शुरुआत धीमी रही। ओपनर विजय सिंह ठाकुर (8 रन) जल्दी आउट हो गए। शंटी दुबे ने एक छोर संभालते हुए 40 गेंदों में 47 रन (8 चौके) की संघर्षपूर्ण पारी खेली और स्कोर को गति दी। हेमंत शाक्य (14 रन) और कप्तान अधिवक्ता निर्विकल्प शुक्ला (15 रन) ने भी तेज रन जोड़ने की कोशिश की, लेकिन एवेलॉन की गेंदबाज़ी आक्रमण ने विकेट चटकाते रहे। मोहम्मद रफी ने 4 ओवर में केवल 13 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि रत्नेश ने 1.5 ओवर में महज 1 रन देकर 3 विकेट झटककर पारी को समेट दिया। इस तरह विधि सेतु की पूरी टीम 19.5 ओवर में 118 रन पर सिमट गई। अपने घातक गेंदबाज़ी प्रदर्शन (4 ओवर, 13 रन, 3 विकेट) के लिए मोहम्मद रफी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# एमसीयू के विद्यार्थियों ने राजस्थान टूर्नामेंट में जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राजस्थान में रोप स्किपिंग टूर्नामेंट में मेडल जीता। एआईयू द्वारा माधव विवि पिंडवारा सिरोही में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोप स्किंपिंग टूर्नामेंट 2024-2025 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। विवि में बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र विनीत कुमार सेन ने फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल जीता। ऋषभ मंडराई, विनीत कुमार सेन, बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र वंश साहू और बीकॉम मीडिया प्रबंधन विभाग के छात्र चेतन वागद्रे ने सिंगल डच एल-3 स्पीड प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीते हैं।

- एआईयू का इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोप स्किपिंग टूर्नामेंट 2024-2025 में किया
- विवि में बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र विनीत कुमार सेन ने फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल जीता

ध्यान रहे कि माधव विवि में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी द्वारा पांच प्रतियोगिताओं स्पीड जागर, वन लैग स्वीच, फ्री स्टाइल, डबल डच सिंगल फ्री स्टाइल और सिंगल डच फ्री स्टाइल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें देशभर के कई विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी ने विजेता विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के उन्हें लिए बधाई दी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930